राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 89
लखनऊ, शनिवार 29 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



वर्तमान में 2.90 लाख घर सौर बिजली से हैं रोशन : एके शर्मा 03

बारातियों में बस की खिड़की खोलने को लेकर मारपीट, चार घायल 10

## सीएम धामी ने 2027 के कुंभ के लिए महत्वपूर्ण स्नान की तिथियां की घोषित

समृद्धि न्यूज

**हरिद्वार।** वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को यहां गंगा किनारे सभी 13 अखाड़ों के संतों के साथ बैठक की। इस बैठक में कुंभ स्नान की महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा भी की गई।

मुख्यमंत्री ने कुंभ से जुड़े सभी निर्णयों में संतों की परम्पराओं, आवश्यकताओं एवं सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ के आयोजन के लिए पहली बार गंगा तट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी अखाड़ों के संतों के साथ बैठक की।

**14 जनवरी 2027 को मकर संक्रांति, 6 फरवरी को मौनी अमावस्या, 11 फरवरी को वसंत पंचमी, 20 फरवरी को माघ पूर्णिमा, 6 मार्च को महाशिवरात्रि (अमृत स्नान), 8 मार्च को फाल्गुन अमावस्या (अमृत स्नान), 7 अप्रैल को नव संवत्सर (नव वर्ष), 14 अप्रैल को मेष संक्रांति (अमृत स्नान), 15 अप्रैल को श्रीराम नवमी और 20 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा का प्रमुख स्नान होंगे।**

# अब देश में ही होगी नौसेना के एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की मरम्मत

### नौसेना की क्षमता निर्माण व आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बढ़ावा, रक्षा सचिव की मौजूदगी में अमेरिकी सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अब पांच साल भारतीय नौसेना के एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की मरम्मत, परीक्षण और रखरखाव की सुविधा देश में ही अमेरिकी कंपनी उपलब्ध कराएगी। इसके लिए शुक्रवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में अमेरिकी सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

इस समझौते की लागत लगभग 7,995 करोड़ रुपये है। यह करार होने से नौसेना की ऑपरेशनल उपलब्धता, क्षमता निर्माण और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीदे हैं, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुआ था। इस सौदे के तहत अब तक 19 एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। भारतीय नौसेना ने पिछले साल मार्च में कोच्चि के आईएनएस गरुड़ पर अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया था। एमएच 60आर हेलीकॉप्टर दुनिया का शक्तिशाली बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर है, जो देश की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित कर रहा है। अत्याधुनिक सेंसरों और मल्टी-मिशन क्षमताओं के साथ एमएच 60आर से समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ावा मिला है।

#### श्रीलंकाई नौसेना के बेड़े की समीक्षा में शामिल हुए विक्रांत-उदयगिरि

**नई दिल्ली।** भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत और सबसे नया स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट उदयगिरि श्रीलंकाई नौसेना के अंतरराष्ट्रीय बेड़े की समीक्षा में भारत की समुद्री सेना का चेहरा बनकर उभरे हैं। श्रीलंका नेवी दोनों जहाजों की पहली विदेश तैनाती हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय समुद्री सहयोग, शांति और



स्थिरता के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दिखाती है। दोनों जहाज फ्लीट रिव्यू इवेंट्स, सिटी परेड, आउटरीच गतिविधियों में शामिल होंगे और समीक्षा के दौरान आगंतुकों के लिए खुले रहेंगे। भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत श्रीलंकाई नौसेना की 75वीं सालगिरह के मौके पर इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू के लिए श्रीलंका पहुंचा है। यह क्षेत्रीय समुद्री सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में ऊर्जा लगाएं युवा

### लखनऊ में 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के समापन समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज युवाओं का आह्वान किया कि वे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुशासन, आत्मसंयम के साथ अपनी उर्जा लगाएं। युवा दुनिया के समक्ष आने वाली पर्यावरण असंतुलन सहित तमाम चुनौतियों को भी स्वीकार करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव को मजबूत बनाएं।

राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की डायमंड जुबली एवं 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वे 35 हजार युवाओं की उपस्थिति वाले इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत खुश हैं और जंबूरी के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्यपाल और मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करती हैं।

उन्होंने स्काउट गाइड के विचारों और उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कहा कि देश के कोने कोने से आए युवाओं ने यहां जो सीखा है, उसे अपने स्कूल–कालेज और गांव व समाज में जाकर दिखाएं ताकि अधिक से अधिक युवा प्रेरणा लें।



#### स्काउट गाइड की पत्रिका का भी विमोचन

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि इस आयोजन में भाग लेने वाले युवा सेवा, अनुशासन और धैर्य को अपनी पूंजी बनाएं। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह ने कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मु सहित सभी अतिथियों ने स्काउट गाइड की पत्रिका का विमोचन भी किया। अतिथियों को प्रतीक चिह्न व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अनिल कुमार जैन ने मुख्य अतिथि सहित अतिथियों का स्वागत करते हुए इस आयोजन की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

#### भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा लड़ाई : सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की ऋषि परंपरा की मान्यता रही है कि मन, व्यक्ति के बंधन व मोक्ष का कारण है। सद्गुरु रविदास जी ने भी कहा कि मन चंगा तो कठौती मे गंगा, यानी मन की बहिर्मुखी वृत्ति को जो व्यक्ति अंतर्मुखी कर लेगा, वह न केवल आत्मिक संतुष्टि का लाभ प्राप्त कर सकता है, बल्कि विश्व कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुनिया में आज जो आतंकवाद, उपद्रव व अराजकता है, इसके पीछे मन की चंचल वृत्तियां हैं। जहां भी अराजकता देखने को मिलती है, उसके पीछे वह बहिर्मुखी वृत्तियां हैं, जो उसे नकारात्मकता की तरफ लेकर जाती है। जीवन का एक पक्ष सकारात्मकता की तरफ ले जाकर अच्छे कार्य की प्रेरणा देता है तो दूसरा पक्ष नकारात्मकता की तरफ लेकर जाता है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-



| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,28,460/ |
| 22 कैरेट | = | 1,17750/ |
| 18 कैरेट | = | 96,340/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 176,000/ |

## संक्षिप्त समाचार

#### गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों का संदिग्ध करीबी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हास्य कलाकार कपिल शर्मा के कनाडा स्थित रेस्तरां पर गोलीबारी में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी बंधु मान सिंह कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों का करीबी सहयोगी है और माना जाता है कि ढिल्लों विदेशों में व्यापारियों और हाई–प्रोफाइल व्यक्तियों को निशाना बनाकर वसूली करने वाले कई गिरोहों में शामिल है। जांचकर्ताओं के अनुसार सिंह, ढिल्लों से जुड़े कई लोगों के साथ मिलकर लोकप्रिय कलाकार को डराने–धमकाने के लिए उसके रेस्तरां को निशाना बनाने की व्यापक साजिश का हिस्सा था।

#### रूस के राष्ट्रपति पुतिन चार दिसंबर को आएंगे नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर 4 दिसंबर को भारत की राजकीय यात्रा आयेंगे। इस दौरान वे दिल्ली में आयोजित 23वीं भारत–रूस वार्षिक शिखर वार्ता में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। राष्ट्रपति पुतिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता करेंगे। पुतिन की आगामी राजकीय यात्रा भारत और रूस के नेतृत्व को द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा का अवसर प्रदान करेंगी। इसके साथ विशेष एवं अधिकार प्राप्त रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करने के विजन तैयार होगा।

#### कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के खिलाफ याचिका दायर

**संभल।** उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के खिलाफ शहीद भगत सिंह की हमास के आतंकियों से तुलना करने वाले बयान के लिए सिविल जज सीनियर डिवीजन के यहां हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने याचिका दायर की।

### भविष्य की चुनौतियों से निपटने को पुराने ढांचे पर नहीं कर सकते भरोसा : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मानेकशा सेंटर में 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग' के दूसरे दिन शुक्रवार को अपने समापन भाषण में तकनीकी रूप से भारत के मजबूत होने की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब भारत ताकत, सुरक्षा और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता है, तो दुनिया को कई तरह से फायदा होता है। एक स्थिर भारत एक स्थिर वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में योगदान देता है। हमारी आर्थिक विकास, प्रौद्योगिकीय काबिलियत और उसूलों वाली विदेशी नीति ने हमें संतुलित और जिम्मेदारी की आवाज बना दिया है। उन्होंने कहा कि हम सुरक्षा और कनेक्टिविटी दोनों को सहायता करने के लिए सीमा और समुद्री ढांचे को मजबूत कर रहे हैं।

### दूसरे चरण में 99.43 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचे एसआईआर न्यूमरेशन फॉर्म

**नयी दिल्ली।** देश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है। भारतीय चुनाव आयोग ने दैनिक बुलेटिन में बताया कि अब तक 37,77,15,220 न्यूमेरेशन फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं, जो कुल फॉर्म का 74.10 प्रतिशत है। 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 50,68,42,224 फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं, जो कुल पात्र मतदाताओं की संख्या का 99.43 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि लगभग हर मतदाता को एसआईआर के दूसरे चरण के तहत न्यूमरेशन फॉर्म मिल चुका है। यह अभियान 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक चल रहा है और अभी करीब एक सप्ताह शेष है यानी मतदाता अपने फॉर्म आसानी से जमा कर सकते हैं ताकि उनकी जानकारी सही तरीके से मतदाता सूची में अपडेट हो सके। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विवरण के अनुसार अंडमान-निकोबार में 99.99 प्रतिशत से अधिक वितरण के साथ लगभग 76.28 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में 99.51 प्रतिशत फॉर्म वितरण के साथ 77.80 प्रतिशत फॉर्म को डिजिटाइज किया जा चुका है।

## फैसला : आतंकी मो. मुस्तकीम व शकील को दो-दो साल की सजा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए हथियार जमा करने और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोपी मोहम्मद मुस्तकीम और मोहम्मद शकील को लखनऊ एनआईए कोर्ट ने दो-दो साल की सजा सुनाई। वहीं 10 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है।

**लखनऊ एनआईए कोर्ट ने दोनों को सुनाई सजा ठोका 10 हजार का जुर्माना**

अल कायदा के सहयोगी संगठन अंसार गजवातुल हिन्द से जुड़े दोनों आरोपियों ने आतंकी साजिश के लिए हथियारों की आपूर्ति की थी। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी बृजेश यादव ने बताया एनआईए कोर्ट ने अभियुक्त मोहम्मद मुस्तकीम और शकील को दोषसिद्ध मानते हुए यह सजा सुनाई है। दोनों पर आरोप था कि उन्होंने आतंकी गतिविधियों में शामिल मुख्य आरोपियों को अवैध पिस्टल और कारतूस उपलब्ध कराए थे। कोर्ट ने दोनों को आर्म्स एक्ट की धारा 25(18)(ए) के तहत दोषी ठहराया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा दोनों दोषियों द्वारा जेल में पहले से बिताई गई अवधि को सजा की अवधि में समायोजित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। यह मामला वर्ष 2021 में सामने आया था, जब उत्तर प्रदेश एटीएस को इनपुट मिले थे कि अल-कायदा से जुड़ा एक आतंकी मॉड्यूल लखनऊ और आसपास के इलाकों में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। जांच में सामने आया था कि 15 अगस्त 2021 से पहले भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील स्थानों को निशाना बनाने की साजिश रची जा रही थी। एटीएस ने जुलाई 2021 में दबिश देकर मिनहाज अहमद और मुसीरुद्दीन उर्फ मुसीर को गिरफ्तार किया था।

## कार पर बजरी लदा डंपर पलटने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत

समृद्धि न्यूज

**दिल्ली–देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा डंपर चालक मौके से फरार**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर एक कार पर पलट गया। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से डंपर को हटाकर कार में दबे शवों को बाहर निकाला। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने बताया कि महेंद्र सैनी के गंगोह निवासी साले की मौत गुरुवार रात हो गई थी। शुक्रवार सुबह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वह परिवार के साथ रिश्तेदार राजू सैनी (27) की कार से जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी ग्राम प्रधान के अनुसार वह हाईवे के किनारे कार लेकर खड़े थे। देहरादूर से बजरी से लदा आ रहा डंपर ओवरलोड था। जैसे ही चालक ने डंपर को मोड़ा वह बेकाबू होकर कार पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह पिचक गई और उसमे सवार सभी लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक नगर बिंदल ने बताया कि हादसा गागलहेड़ी थाना क्षेत्र में गांव सैयद माजरा अंडरपास के पास दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ है। हादसे में महेंद्र सैनी, उनकी पत्नी रानी देवी, बेटा संदीप (24), बेटी जूली (27), पोता (4 साल), महेंद्र का दामाद शेखर कुमार (28) और महेंद्र की साली का बेटा विपिन (20) की मौत हो गई।

### माघ मेले में अब टू व्हीलर सर्विस भी होगी उपलब्ध

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले 2026 में माघ मेले को लेकर में श्रद्धालुओं को प्वाइंट टू प्वाइंट मोबिलिटी उपलब्ध कराने के लिए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए हैं। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिस तरह महाकुंभ में लोगों को टू व्हीलर गाड़िया लोगो से मनमानी तरीके से अवैध पैसे लिए जा रहे थे उसको देखते हुए इस बार माघ मेले में श्रद्धालुओं को जनपद के विभिन्न पिकअप प्वाइंट से मेला क्षेत्र की निकटतम पार्किंग तक पहुंचाने हेतु टू व्हीलर्स की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके लिए मेला प्रशासन ने इस बार टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से ओला, ऊबर एवं रैपिडो जैसी कंपनियों को आबद्ध करते हुए उनसे किलोमीटर के आधार पर किराया चार्ट बनवाएगा।

## तबादला : लखनऊ, बाराबंकी समेत चार जिलों में नए बीएसए की तैनाती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ संभालेंगे विपिन कुमार व बाराबंकी नवीन पाठक**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में देर शाम बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया। लखनऊ, बाराबंकी समेत चार जिलों में नए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तैनात कर दिए गए। इन जिलों के बीएसए की पदोन्नति के बाद विभिन्न स्थानों पर भेजे जाने के चलते यह नियुक्तियां खाली पदों पर की गई।

संयुक्त सचिव बेसिक शिक्षा वेद प्रकाश राय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक नए तैनात अधिकारियों को तुरंत कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश हैं। इन पदों पर प्रभारी अधिकारी दैनिक कार्य देख रहे थे। लखनऊ में विपिन कुमार को नया बीएसए बनाया गया है। उनका ट्रांसफर लखनऊ के भीतर ही किया गया है। बाराबंकी में नवीन कुमार पाठक को तैनाती दी गई है, जिन्हें वाराणसी से बाराबंकी भेजा गया है। गोंडा में अमित कुमार सिंह को नया बीएसए नियुक्त किया गया है। वे देवरिया से गोंडा पहुंचे हैं।गोरखपुर जिले में धीरेन्द्र त्रिपाठी को नया बीएसए बनाया गया है। उन्हें संतकबीरनगर से गोरखपुर भेजा गया है। हरदोई जिला अब डॉ. अजित सिंह के जिम्मे होगा, जिन्हें प्रयागराज से हरदोई भेजा गया है। पीलीभीत में रोशनी को नए बीएसए के रूप में तैनात किया गया है।

### लखनऊ मेट्रो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के लिए बसंतकुंज में 40 एकड़ जमीन चिन्हित

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर की प्रगति को गति देते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने बसन्तकुंज आवासीय योजना के सेक्टर-ए में लगभग 40 एकड़ भूमि मेट्रो डिपो के लिए चिन्हित कर ली है। यह डिपो भविष्य में कॉरिडोर के संचालन, मरम्मत और रोलिंग स्टॉक की पार्किंग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। एलडीए जल्द ही औपचारिकताएँ पूरी कर भूमि का विस्तृत विवरण उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को सौंपेगा। शुक्रवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपीएमआरसी ने 13 अगस्त 2025 को एलडीए को पत्र भेजकर हरदाई रोड के आसपास डिपो निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था।

## बढ़ रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए रिटायर्ड अफसरों को न मिले छूट

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकारी कर्मचारी की जिम्मेदारी बहुत ऊंची होती है। वह सिर्फ सैलरी कमाने के लिए ही काम नहीं करता, बल्कि उसका काम देश बनाने में भी मदद करना है।

कोर्ट ने कहा सरकारी महकमे में तेजी से बढ़ रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए, रिटायर्ड अधिकारियों को कोई छूट नहीं मिलनी चाहिए। जनता या उसके नुमाइंदों को छूट मिलनी चाहिए कि वे किसी सरकारी कर्मचारी, चाहे वह सेवानिवृत्त हो या नौकरी में हो, को अपनी सरकारी ड्यूटी करते समय किसी भी तरह की लापरवाही के बारे में बता सकें। एक जनप्रतिनिधि की



समाज में अहम भूमिका रहती है। उसे ज़मीनी स्तर पर आम जनता की कई शिकायतें झेलनी पड़ती हैं। शिकायत में लगाए गए आरोपों को इस आधार पर नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता कि वे किसी जन प्रतिनिधि या उसके रिश्तेदार ने लगाए हैं। इसी के साथ कोर्ट ने तकनीकी कनिष्ठ अभियंता फर्रुखाबाद को पद से सेवा निवृत्त होने के बाद जांच में अनियमितता पाये जाने पर जारी कारण बताओ नोटिस पर हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है।

### जीडीपी वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2025) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। इसमें सेवा क्षेत्र और विनिर्माण की वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही। इस दौरान निजी खपत में तेजी दर्ज की गयी जबकि सरकारी खपत में एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में हल्की गिरावट रही। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दूसरी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जो पिछले साल की समान तिमाही के 44.94 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक है।

**उद्घाटन** पीएम मोदी ने भगवान श्रीराम की 77 फुट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा

# पीढ़ियों को जड़ों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा सांस्कृतिक पुनर्जागरण

एजेंसी

**पणजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कहा कि देश आज एक अद्भुत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है और यह जागृति आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी।

प्रधानमंत्री ने समाज में एकता की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विकसित भारत का रास्ता एकता की राह से ही आगे बढ़ेगा। वह दक्षिण गोवा में पर्तगाली में श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगाली



जीवोत्तम मठ की स्थापना के के 550 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने द्वैत दर्शन के इस मठ द्वारा वहां स्थापित भगवान श्रीराम की 77 फुट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमा का अनावरण भी किया। श्री मोदी ने तीन दिन पहले अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा के प्रतिष्ठापन के बाद अपने लिए यहां प्रभु श्रीराम की भव्य



मूर्ति और रामायण पर आधारित थीम पार्क के अनावरण और उद्घाटन का सु-अवसर प्राप्त होने का उल्लेख करते हुए कहा, आज भारत एक अद्भुत सांस्कृतिक पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है। प्रधामंत्री ने यह भी कहा कि यह जागृति भविष्य की पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगाळी जीवोत्तम मठ का प्रमुख ध्येय लोगों को जोड़ना, मन को जोड़ना, परंपरा और आधुनिकता के बीच सेतु बनाना है। उन्होंने विकसित भारत की यात्रा में इस मठ को प्रेरणा का एक प्रमुख केंद्र बताया। मठ का 550 साल का अनुभव हमें बताता है, परंपरा अगर जीवित रहे, तो समाज आगे बढ़ता है, और परंपरा तभी जीवित रहती है, जब वो समय के साथ अपनी जिम्मेदारी बढ़ाती है।

#### एकता से होकर जाता है विकसित भारत का रास्ता

उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का पुनर्स्थापन, काशी विश्वनाथ धाम का भव्य पुनरुद्धार, और उज्जैन में महाकाल महालोक का विस्तार, यह सब हमारे राष्ट्र की उस जागरूकता को प्रकट करते हैं जो अपनी आध्यात्मिक धरोहर को नई शक्ति के साथ उभार रही है। रामायण सर्किट, कृष्ण सर्किट, गया जी के विकास कार्य, और कुंभ मेले का अभूतपूर्व प्रबंधन, ये सभी उदाहरण बताते हैं कि आज का भारत, अपनी सांस्कृतिक पहचान को नए संकल्पों और नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक एकता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, विकसित भारत का रास्ता एकता से होकर जाता है। जब समाज जुड़ता है, जब हर क्षेत्र–हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है, तभी राष्ट्र बड़ी छलांग लगाता है।

# लेखपाल की संदिग्ध मौत को लेकर पयागपुर में धरना

▸ अध्यक्ष शिवनाथ पांडेय की अगुवाई में न्याय और सुरक्षा की जोरदार मांग

समृद्धि न्यूज



**पयागपुर, बहराइच।** जनपद फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की संदिग्ध मौत को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और दमनात्मक रवैये के खिलाफ शुक्रवार को पयागपुर तहसील मुख्यालय पर लेखपालों ने उग्र धरना दिया। यह धरना शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें पयागपुर के सभी लेखपाल एकजुट होकर शामिल हुए। धरना कार्यक्रम की अगुवाई तहसील अध्यक्ष शिवनाथ पांडेय ने की।

उन्होंने कहा कि अधीनस्थ कर्मचारियों पर बढ़ता दबाव, असंवेदनशीलता और संवादहीनता अब कर्मचारियों की जान पर भारी पड़ रही है। इस घटना ने पूरे विभाग को झकझोर दिया है और अब लेखपाल समुदाय चुप रहने वाला नहीं है।धरने में लेखपालों ने मुख्य आरोपी पीसीएस अधिकारी संजय कुमार सक्सेना को एफआईआर में नामजद करने, मृतक की माता को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग जोरदार तरीके से उठाई।

लेखपालों का कहना था कि कम समय में अत्यधिक कार्यदबाव कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है, इसलिए एसआईआर की अंतिम तिथि तत्काल बढ़ाई जाए। अध्यक्ष शिवनाथ पांडेय ने कहा कि अधिकारियों का व्यवहार अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और नियमित संवाद आवश्यक है। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार लेखपाल संघ पदाधिकारियों के साथ नियमित बैठकें सुनिश्चित कराने की मांग भी रखी। साथ ही लेखपालों ने सामान्य/उप-निर्वाचन एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण में होने वाली अतिरिक्त और अपरिभाषित ड्यूटियों के लिए निर्वाचन कार्यालय की तर्ज पर एक माह के वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि देने तथा उन्हें सूचीबद्ध किए जाने की मांग भी की। धरना कार्यक्रम में उपाध्यक्ष नितिन द्विवेदी, शिवानी सिंह, अंशु मान सिंह, पवन सिंह, अरविंद भारती, कुलदीप, सौरभ सहित सभी लेखपाल मौजूद रहे और अपनी एकजुटता का मजबूत संदेश दिया।

## महासंघ ने टीईटी अनिवार्यता के छूट को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र की अगुवाई में महासंघ के प्रतिनिधि मंडल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी, ब्लॉक संगठन मंत्री जयप्रकाश तिवारी ने शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता से छूट दिए जाने की मांग को लेकर सांसद कैसरगंज करण शरण सिंह कों सौंपा ज्ञापन।

जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि 1 सितंबर 2025 के सर्वोच्च न्यायालय के टेट अनिवार्यता निर्णय के पुनर्विचार और विधायी हस्तक्षेप हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय निर्णय के क्रम में सांसद कैसरगंज कों ज्ञापन देकर वार्ता की गई है।ज्ञापन के क्रम में प्रतिनिधि मंडल को पूर्ण आश्वासन



### एनसीटीई की गाइडलाइन से पूर्व नियुक्ति शिक्षको पर नहीं आने दी जाएगी आंच : आनंद मोहन

देते हुए सांसद श्रीसिंह ने कहा कि उपरोक्त प्रकरण को प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री व केंद्रीय कैबिनेट के समक्ष रखकर देश के सभी शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से मुक्त रखने हेतु पूर्ण प्रयास रहेगा।

## तेंदुए के लिए लगाए गए पिंजरे में फंसा युवक, दो घंटे बाद वन विभाग ने निकाला

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए पिंजरे में एक युवक फंस गया। युवक 2 घंटे तक पिंजरे के अंदर बंद रहा। काफी देर युवक ने निकलने का प्रयास किया। जब पिंजरा नहीं खुला तो उसने फोन करके ग्रामीणों को बुलाया। सूचना पर पहुंच वन विभाग ने उसे बाहर निकाला। युवक से जब पूछा गया वो अंदर कैसे फंसा तो उसने कहा- मैं चेक करने आया था। पिंजर ठीक काम कर रहा है कि नहीं। युवक शराब के नशे में था। 2 दिन पहले इस इलाके में तेंदुए के हमले से एक वृद्ध की मौत हो गई थी। इसके बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाया था।

मामला फखरपुर थाना क्षेत्र का है।उमरी दहलो गांव के रहने वाला प्रदीप (45) के घर से 500 मीटर दूर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था। गुरुवार की रात 10 बजे शराब के नशे में प्रदीप पिंजरे के पास पहुंचा। पिंजरे में एक बकरी भी बंधी थी। इसके बाद प्रदीप पिंजरे के अंदर चला गया। जिसके बाद पिंजरे का दरवाजा बंद हो गया। प्रदीप ने दरवाजा खोलने की काफी कोशिश की लेकिन वो नहीं खुला। इसके बाद उसने ग्रामीणों को फोन किया। मौके पर गांव के लोग पहुंचे। उन्होंने देखा कि प्रदीप बकरी के साथ पिंजरे में बंद था। उन्होंने उससे पूछा कि वो अंदर कैसे गया। तो प्रदीप ने कहा- चेक करने आया था।

ग्रामीणों ने कहा कि तो क्या अंदर जाकर चेक करोगे। तो प्रदीप ने कहा- और नहीं तो क्या।गांव वालों ने वन विभाग और पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने पिंजरा खोलकर प्रदीप को बाहर निकाला। इस दौरान 2 घंटे तक प्रदीप पिंजरे में फंसा रहा। डीएओ राम सिंह यादव ने बताया एक व्यक्ति पिंजरे के अंदर चला गया था, जिसके बाद वह बंद हो गया। जानकारी मिलते ही टीम को मौके पर भेजकर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## खबरें एक नजर में

### शत-प्रतिशत एसआईआर को जल्द पूरा करें बीएलओ : बीईओ

**फखरपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है। लगातार अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग किया जा रहा है। बीईओ राकेश कुमार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान शुक्रवार को कई बूथों पर जाकर बीएलओ से एसआईआर के बारे में जानकारी लेते हुए समयबद्ध रूप से शत प्रतिशत ऑनलाइन फीडिंग करने का निर्देश दिए। संविलयन विद्यालय कोदही में मॉनिटरिंग / जांच के उपरांत बीईओ ने पाया कि यहां लगभग 60% कार्य पूर्ण हो चुका है। बीईओ ने बीएलओ सहायक रवींद्र कुमार मिश्र द्वारा मतदाताओं को साउंड माइक से जागरूक करने के पहल की प्रशंसा किया। सभी बीएलओ को 4 दिसंबर से पूर्व जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिए।

### खाना बनाते समय सिलेंडर फटा, घर में लगी आग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के बौंडी इलाके में स्थित डोकरी गांव में शुक्रवार सुबह खाना बनाते समय एक एलपीजी सिलेंडर फट गया। इस हादसे में एक ग्रामीण के घर में आग लग गई, जिससे करीब 50 हजार रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ। हालांकि, घर की महिलाएं समय रहते बाहर निकल गईं, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना डोकरी गांव निवासी बेनी वर्मा के घर पर सुबह करीब आठ बजे हुई। घर की महिलाएं गैस चूल्हे पर खाना बना रही थीं, तभी सिलेंडर में लीकेज के कारण आग लग गई। आग देखकर महिलाएं तुरंत शोर मचाते हुए घर से बाहर भागीं। इसी दौरान सिलेंडर में जोरदार विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद आग तेजी से पूरे मकान में फैल गई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत बौंडी पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अग्निकांड में घर का सामान जलकर खाक हो गया, जिससे लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान आंका गया है।

### शमशेर बने कोतवाल देहात, सात निरीक्षक दो उपनिरीक्षक बदले गए

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह को कोतवाली देहात बनाया है। कोतवाल देहात रहे संजय कुमार सिंह को खरगू पुर थाना की कमान सौंपी है। छपिया थाना के प्रभारी विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी को वजीर गंज थाना का प्रभारी बनाया है। वजीर गंज के प्रभारी रहे यशवंत कुमार सिंह को प्रभारी खोड़ारे कर्नल गंज कोतवाली के प्रभारी तेज प्रताप सिंह को प्रभारी कौड़ियां, उमरी बेगम गंज के प्रभारी नरेंद्र प्रताप राय को प्रभारी कर्नल गंज गोविंद कुमार प्रभारी कौड़ियां को उमरी बेगम गंज उपनिरीक्षक थानाध्यक्ष खोड़ारे को थाना अध्यक्ष छपिया उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह थानाध्यक्ष खरगू पुर को प्रभारी डी सी आर बी बनाया है।

### ननिहाल से घर जा रही युवती के साथ दो युवक ने किया छेड़छाड़

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बेलवा चौराहे के पास गुरुवार की देर शाम को ननिहाल से अपने घर जा रही एक युवती के साथ दो युवकों ने छेड़छाड़ किया। युवती के पिता ने तहरीर दिया है कि उस की पुत्री अपने ननिहाल गई हुई थी। देर शाम को पैदल ही ननिहाल से अपने घर जा रही थी। रास्ते में बाइक सवार खाले पुरवा दुर्गेड़वा निवासी धर्म प्रकाश और कमल प्रसाद उसको रोक लिए और उस के साथ छेड़छाड़ करने लगे। आसपास के लोगों ने जब इस का विरोध किया तो भाग गए। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा लिखा गया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने किया आरबीएसके टीम के कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में कार्यरत टीमों के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने आरबीएसके टीम द्वारा विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर किए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण, रेफरल, उपचार, दर्ज किए गए मामलों एवं फॉलोअप की स्थिति पर विस्तार से जानकारी ली गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आरबीएसके का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान कर उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि आगे चलकर गंभीर जटिलताएं ना उत्पन्न हों। उन्होंने टीमों को निर्देशित किया कि विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नियमित विजिट सुनिश्चित की जाए तथा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## बूस्टिंग गार्डर समेत सभी काम अप्रैल तक पूरा करे रेलवे : जिलाधिकारी



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बहराइच-गोण्डा मार्ग पर निर्माणाधीन उपरगामी सेतु 40-ए का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को बूस्टिंग गार्डर सहित अन्य सभी कार्यों को अप्रैल माह तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता (रेलवे) डीपी सिंह को निर्देशित किया कि रेलवे द्वारा कराए जा रहे बूस्टिंग गार्डर और अन्य संबंधित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा अप्रैल तक पूरा किया जाए। कार्यस्थल पर स्थानीय लोगों ने रेलवे पटरी के पास प्रकाश की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता (रेलवे) को तुरंत प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने सेतु निगम के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर सुघर सिंह से भी बात की। उन्होंने निर्देश दिया कि रेलवे द्वारा अपने हिस्से का कार्य पूरा होते ही सेतु निगम भी अपने शेष कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करे। डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर ने आश्वस्त किया कि रेलवे का कार्य पूरा होने के बाद सेतु निगम द्वारा भी शेष कार्य तुरंत पूरा कर लिया जाएगा। निरीक्षण के समय अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## महिला की गोली मारकर हत्या करने का आरोपी 36 घंटे में गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र के डिहवा गांव में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 36 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई अवैध पिस्टल और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। बुधवार शाम करीब सात बजे हुई थी। हनीफ की पत्नी गुड़िया (30) अपने घर के सामने अलाव ताप रही थी, तभी एक युवक ने उसे कनपटी पर गोली मार दी। गोली लगने से गुड़िया की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। मृतका के पति हनीफ ने पुलिस को दी गई तहरीर में पड़ोस में रहने वाले वकील नामक युवक पर हत्या का आरोप लगाया था।

तहरीर के आधार पर कैसरगंज पुलिस ने वकील के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा को आरोपी के हाजीपुर कुरसंडा मार्ग पर होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही उप



निरीक्षक पंकज सिंह, आरक्षी अंजनी तिवारी, मानवेंद्र यादव, मनोज कुमार यादव और संदीप पटेल की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी वकील को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त देशी पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। मृतका के पति ने पुलिस को बताया था कि आरोपी अक्सर गुड़िया से पैसों की मांग करता था और पैसे न देने पर उसने उसकी हत्या कर दी।

थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि आरोपी ने यह अवैध पिस्टल मुंगेर से खरीदी थी। घटना के दिन जब मृतका दो अन्य महिलाओं के साथ घर के बाहर बैठी थी, तब आरोपी पिस्टल लेकर पहुंचा और पहले जमीन पर एक फायर किया। दूसरा फायर करते समय गोली महिला की कनपटी पर जा लगी। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## फावड़े के वार से पुत्र ने की पिता की हत्या, पुलिस ने मंदबुद्धि पुत्र को लिया हिरासत में

**विशेश्वरगंज-बहराइच, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम ठोरिया बरईपुरवा में शुक्रवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। गांव के रामबचन चौरसिया (65) की हत्या उनके ही मंदबुद्धि पुत्र हजारी लाल (30) ने फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर दी। सिर के पीछे किए गए हमलों से रामबचन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पीछे दो लड़के और उनकी वृद्ध पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी पयागपुर राज



सिंह, थाना अध्यक्ष राजकुमार पांडेय तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर अपनी रिपोर्ट तैयार की। पुलिस ने आरोपी पुत्र हजारी लाल को मौके से ही हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है और घटना के कारणों की तलाश की जा रही है। घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गई है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच जारी है।

## रासायनिक उर्वरकों को छोड़कर जैविक खादों का प्रयोग करें किसान

▸ कृषि विभाग ने रबी गोष्ठी व एग्रो क्लाइमेटिक जोनल मेले का किया आयोजन

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जनपद के टाउन हॉल में कृषि विभाग द्वारा जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी एवं एग्रो क्लाइमेटिक जोनल मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में किसानों का आह्वान किया कि वे रासायनिक उर्वरकों पर अपनी निर्भरता कम करते हुए जैविक खादों के प्रयोग की तरफ उन्मुख हों। उन्होंने कृषि विशेषज्ञों के द्वारा बताई जाने वाली उत्पादन तकनीक अपनाने के लिए भी कृषकों को प्रेरित किया।

उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए जनपद में फसलवार आच्छादन की प्रगति और बीजों की उपलब्धता के साथ ही साथ विभाग द्वारा संचालित





योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी।

जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा एवं जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में कृषकों को जानकारी उपलब्ध कराई।

जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने रबी फसलों के उत्पादन के संबंध में विभाग द्वारा अपनाई जा रही रणनीति के विषय में कृषकों को जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर एस के वर्मा ने कृषि विविधीकरण के विषय में कृषकों को अवगत कराया।

कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वैज्ञानिक डॉक्टर हनुमान प्रसाद पांडे ने रबी फसलों के उत्पादन तकनीक के विषय में कृषकों को जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र गोपाल ग्राम के वैज्ञानिक इंजी. मिथिलेश कुमार झा ने कृषि यंत्रीकरण और प्राकृतिक खेती के विषय में कृषकों को जानकारी प्रदान की। प्रगतिशील कृषक श्री अनिल चंद्र पांडे ने अपने अनुभवों को कृषकों के मध्य साझा किया। कार्यक्रम के अंत में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिव शंकर चौधरी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राविधिक सहायक श्री आरपीएन सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपनिदेशक रेशम आर एन मल्ल, डिप्टी आरएमओ नृपंजय कुमार पाठक, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं अन्य अनुषांगिक विभागों के अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में किसानों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजन के दौरान प्रगतिशील कृषक अनिल चंद्र पांडेय, ओम प्रकाश पांडेय, शुक्ला प्रसाद शुक्ला एवं श्री रवि शंकर सिंह को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों एवं प्रतिष्ठानों द्वारा अपने स्टाल लगाए गए जहां पहुंचकर कृषकों ने उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

## बलरामपुर में स्थापित हुआ रैक प्वाइंट, पहली रैक सीधे पहुंची



समृद्धि न्यूज

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के लिए आज उर्वरक आपूर्ति प्रणाली में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन बलरामपुर के प्रयास एवं प्रभावी समन्वय के परिणामस्वरूप पहली बार इफको यूरिया की रैक सीधे जिला मुख्यालय पर प्राप्त हुई है।

इस रैक में कुल 1340 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुई है। अब तक बलरामपुर में रैक प्वाइंट की सुविधा उपलब्ध नहीं थी और यूरिया की आपूर्ति गोंडा रैक प्वाइंट के माध्यम से की जाती थी, जिसमें समय अधिक लगता था। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा शासन स्तर पर आवश्यक सभी प्रक्रियाएँ एवं औपचारिकताएँ पूर्ण कराई गईं, जिसके फलस्वरूप अब जनपद में रैक प्वाइंट स्थापित हो गया है। इसी क्रम में पहली बार सीधे ही इफको की 1340 MT यूरिया रैक प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि यूरिया का वितरण समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से किया जाए। कृषकों को निर्धारित दर पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाज़ारी या कृत्रिम संकट न होने पाए। वितरण प्रणाली की सतत निगरानी की जाए।

## प्रथम पिंक रोजगार मेले का ज्ञानस्थली पीजी कॉलेज में डीएम ने किया शुभारंभ



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी डिग्री कालेज़ में एक दिवसीय पिंक रोजगार मेले का आयोजन (केवल महिलाओं के लिए) किया गया। जनपद के प्रथम पिंक रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन द्वारा सर्वधर्म सम्भाव स्थल पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर आरती श्रीवास्तव एवं जिला सेवायोजन अधिकारी गुलाब चंद्र मौर्य द्वारा मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा रोजगार मेले के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि के आगमन हेतु आभार एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में पिंक रोजगार मेले में अधिक से अधिक महिला अभ्यर्थियों हेतु मेले के आयोजनकर्ता विभाग की विशेष प्रशंसा की। मेले में कुल 10 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर कुल उपस्थित 560 में से 419 महिला अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर किए गए।जिलाधिकारी के करकमलों द्वारा स्थल पर ही पुखराज हेल्थ केयर हर्बल लिमिटेड कंपनी में चयनित चार महिला अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर दिया गया। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की पत्नी श्रीमती तनवी जायसवाल सहित कॉलेज के समस्त स्टाफ, सेवायोजन कार्यालय के स्टाफ कंपनी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योगासन डांस और स्वागत गीत टीम की प्रस्तुति अतुलनीय रही। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी गुलाब चंद्र मौर्य ने कॉलेज की प्राचार्या एवं स्टाफ के अतुलनीय सहयोग को तहेदिल से धन्यवाद दिया। आप सभी के सहयोग से पिंक रोजगार मेला उत्कृष्ट रूप से सफल हुआ। मंच का सफल संचालन आयुषी द्वारा किया गया।

कार्यशाला

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

# जनपद को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** अपराजिता सामाजिक समिति द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद गोंडा के श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनपद को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करना तथा सरकार द्वारा संचालित 100-दिवसीय विशेष अभियान को स्थानीय स्तर पर गति देना रहा।

**प्राचार्य ने दिलाई शपथ, किया आह्वान**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रविन्द्र कुमार ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा समाज और बच्चों के भविष्य पर गहरा प्रभाव डालती है। इस अवसर पर



उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त गोंडा बनाने की शपथ दिलाई और प्रशासन, संस्थाओं तथा युवाओं से इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

**कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग ने संभाला**

कार्यशाला का संचालन एवं संपूर्ण आयोजन समाजशास्त्र विभाग की मुखिया शशिबाला द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित रहे।

**अतिथि वक्ताओं ने साझा किए अनुभव**

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे, जिनमें–

चंद्रमोहन वर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी

चेतना सिंह प्रबंधक - वन स्टॉप सेंटर

नीतु त्रिपाठी प्रतिनिधि - चाइल्ड हेल्पलाइन

सब-इंस्पेक्टर गौचरन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने बाल सुरक्षा की वर्तमान स्थिति, कानूनी प्रावधानों, सरकारी सेवाओं एवं प्रत्यक्ष अनुभवों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक चेतना सिंह ने सरकारी योजनाओं, महिलाओं-बच्चों के लिए उपलब्ध सेवाओं और संकट की स्थिति में त्वरित सहायता प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। डीसीपीओ चंद्रमोहन वर्मा ने जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित योजनाओं, बाल सुरक्षा तंत्र और बाल विवाह से जुड़े कानूनी नियमों पर विस्तृत जानकारी दी।

**अपराजिता सामाजिक समिति की परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण**

अपराजिता सामाजिक समिति की ओर से

कार्यक्रम प्रमुख अभय पांडे ने Access to Justice Project पर PPT के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम समन्वयक अर्पिता सिंह ने संस्था द्वारा जिले में चल रहे जमीनी स्तर के प्रयासों, जागरूकता गतिविधियों और सामुदायिक कार्यों के बारे में बताया। जिला समन्वयक आत्रेय ने बच्चों के दृष्टिकोण से Access to Justice परियोजना के उद्देश्यों, प्रभाव और भविष्य की दिशा पर चर्चा की। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने और 27 नवंबर से 8 मार्च तक चलने वाले तीन चरणों पर विस्तार से चर्चा की गई–

पहला चरण (31 दिसंबर तक) शैक्षणिक संस्थानों - स्कूल एवं कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम

दूसरा चरण (1-31 जनवरी) मंदिर-मस्जिद-चर्च-गुरुद्वारे और विवाह सेवा प्रदाताओं पर केंद्रित गतिविधियाँ

**तीसरा चरण (8 मार्च तक)**

ग्राम पंचायत, वार्ड व समुदाय स्तर पर जनसहभागिता और रोकथाम कार्य प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत विवाह में शामिल या सहयोग करने वाले– मेहमान, बैंड, टेंट, कैटरर, सजावट, विवाह स्थल प्रदाता तथा पुरोहित–सभी दंडनीय श्रेणी में आते हैं। कार्यक्रम का समापन बाल विवाह मुक्त गोंडा के लक्ष्य को प्राप्त करने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। संस्था ने बताया कि पिछले वर्ष जिला प्रशासन–DPO कार्यालय, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, AHT और थानों के सहयोग से कई बाल विवाह रोके गए हैं। अपराजिता सामाजिक समिति ने कहा कि सरकारी विभागों एवं सामुदायिक सहयोग से गोंडा जनपद को एक वर्ष के भीतर बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य पूरी गंभीरता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। अपराजिता सामाजिक समिति से अर्पिता सिंह, आत्रेय, सिद्धार्थ, गीता, जितेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# विपक्ष पूरी तरह से निराश, आम जनता का विश्वास सरकार के साथ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में बीएलओ की आत्महत्याओं और मौतों पर चिंतित अखिलेश यादव ने मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा की है। अखिलेश यादव के इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा है कि समाजवादी पार्टी एसआईआर को लेकर भ्रम और भय फैलाने का काम कर रही है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरीश श्रीवास्तव ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए यह बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से हताश और निराश है। आम जनता का विश्वास सरकार के साथ बना हुआ है। उन्होंने ने कहा कि, बीएलओ की मौतों को लेकर जिस तरह से सपा भ्रम और भय फैलाने का काम कर रही है। बीएलओ की मौत होना दुखद है लेकिन मौत कैसे हुई इसकी जांच हो रही है।

जांच के बाद जो तथ्य सामने आएँगे उसके अनुसार सरकार आर्थिक सहायता देगी। इसको लेकर अखिलेश यादव की तरफसे किसी तरह का बयान जारी करना बेहद निंदनीय है। भाजपा नेता हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि विपक्ष भ्रम फैलाने में नाकाम रहा है। अखिलेश यादव किसको क्या दे रहे हैं यह उनकी मर्जी है। लेकिन सरकार नियम और कानून से चलती है।

# लोगों को प्रशिक्षण के साथ रोजगार से जोड़ना हो सर्वोच्च प्राथमिकता

## योगी सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य की दिशा में कौशल विकास पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने की समीक्षा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शुक्रवार को अलीगंज स्थित कौशल विकास मिशन मुख्यालय में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में प्लेसमेंट, उद्योग सहभागिता, प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण और निजी संस्थानों की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के साथ रोजगार से जोड़ना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। उन्होंने कहा कि आईटीआई और कौशल विकास मिशन के छात्रों की रियल टाइम आउटकम ट्रैकिंग अनिवार्य की जाए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि कौन-सा छात्र कहाँ कार्यरत और उसे कितना कौशल लाभ मिला है। सेवा मित्र पोर्टल को और उन्नत करते हुए अधिक प्रशिक्षित युवाओं को जोड़ने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया।

उन्होंने उद्योगों और आईटीआई के बीच नियमित संवाद और एकीकरण पर बल दिया। प्राइवेट आईटीआई का डेटा भी पोर्टल में शामिल करने के निर्देश दिए गए ताकि राज्य के सभी प्रशिक्षित युवाओं की रोजगार स्थिति का संपूर्ण आकलन हो सके। सभी राजकीय आईटीआई से औद्योगिक भ्रमण रिपोर्ट नियमित रूप से शासन को उपलब्ध कराने और उनका वार्षिक कैलेंडर तत्काल डेलॉइट को भेजने को कहा गया।

### चुनौतियों की समीक्षा करने का निर्देश

मंत्री ने जिलों में प्लेसमेंट ड्राइव के व्यापक प्रचार, स्किल मित्र पोर्टल पर नियमित अपडेट और नोडल आईटीआई, संयुक्त निदेशकों व प्राचार्यों की मासिक बैठकें आयोजित कर चुनौतियों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार कौशल, उद्योग और रोजगार के त्रिकोणीय मॉडल को सुदृढ़ कर रही है, जिससे राज्य में प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होने के साथ युवाओं को आर्थिक स्थिरता भी मिल सकेगी। बैठक में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, विशेष सचिव अभिषेक सिंह,निदेशक कौशल विकास मिशन पुलकित खरे, अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह, अपर निदेशक मानपाल सिंह, संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, राजेंद्र प्रसाद और डेलाइट के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा सवार सात लोग घायल, कार ने मारी जोरदार टक्कर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रहीमाबाद में बृहस्पतिवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में शादी समारोह से लौट रहे ई-रिक्शा मालिक, चालक सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यह घटना रहीमाबाद बॉर्डर के पास हुई। रॉन्ग साइड से आ रही कार (यूपी 32 पी एच 2779) ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ई-रिक्शा मालिक अखिलेश, चालक रवि कुमार, और सवारी विमल, गुड्डी गौतम पत्नी जगन्नाथ, उर्मिला पत्नी ऋषि, रेखा पत्नी सरोज कुमार, तथा रामावती पत्नी पृथ्वी पाल शामिल हैं। ये सभी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया निवासी हैं। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने तुरंत घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में विमल की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि घायलों द्वारा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पेपर देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव इलाके में पेपर देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। पारिवारिक जनों को घर से निकलने के 10 मिनट बाद ही हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो छात्र खून से सना मिला था। परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फैजुल्लागंज निवासी शरद मिश्रा ने बताया उनका भाई अंजनी कुमार मिश्रा बीए थर्ड ईयर का छात्र था। वो मुमताज इंटर कॉलेज में पेपर देने जा रहा था। सुबह 8.00 बजे घर से निकला था। इस दौरान 8.10 बजे कॉल आई और बताया कि भाई का एक्सीडेंट हो गया है। मौके पर पहुंचे तो देखा वह खून से सना सड़क किनारे पड़ा हुआ था। एंबुलेंस से उसको ट्रॉमा सेंटर ले गए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। भाई शरद ने बताया अंजनी बीए थर्ड ईयर का आखिरी पेपर देने जा रहा था। उसके बाद उसने एलएलबी करने की इच्छा जाहिर की थी। उसके लिए कॉलेज भी देख रहे थे। पढ़ाई में अच्छा होने के चलते हम लोगों को उस पर बहुत भरोसा भी था। अंजनी की मां मंजू मिश्रा की मौत 2016 में हो गई थी। परिवार में बड़ा भाई शिवम और पिता श्याम कुमार मिश्रा हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर में इसरो का बड़ा योगदान रहा : प्रो. संजीव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ की महर्षि यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह मनाया गया। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. संजीव मिश्रा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। इसरो के वैज्ञानिक अनिल कुमार गेस्ट ऑफऑनर रहे। दीक्षांत समारोह में कुल 2455 स्टूडेंट्स को उपाधि मिली। मुख्य अतिथि प्रो. संजीव मिश्रा ने कहा इंजीनियरिंग प्रोफेशन में मेडिकल से ज्यादा ऑप्शन मिलते हैं। आमतौर पर मेडिकल में इतने ज्यादा ऑप्शन नहीं रहते हैं, लेकिन हेल्थकेयर सेक्टर के 70: डिवाइस भारत विदेशों से मंगाता है। इस क्षेत्र में इनोवेशन का बहुत स्कोप है। आज के युवा यदि इस क्षेत्र में काम करेंगे, तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। इसरो-टेलीमेट्री ट्रेकिंग कमांड नेटवर्क के निदेशक वैज्ञानिक अनिल कुमार ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में इसरो का बड़ा योगदान रहा है। जो सैटेलाइट अमेरिका का 12 हजार करोड़ रुपए खर्च कर बनाता है, उसे इसरो ने महज एक हजार करोड़ रुपए खर्च कर बना दिया। अनिल कुमार ने कहा आज अगर इंटरनेट थोड़ी देर के लिए बंद हो जाएगा, तो बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है। नेपाल का प्रोटेस्ट भी इसी कारण से हुआ है। ट्रेन और फ्लाइट से लेकर तेल और खाना का ट्रांसपोर्ट रुक जाएगा। इसरो में युवाओं के लिए बहुत करियर ऑप्शन है। ये सबसे ज्यादा सैलरी देती है। सेंट्रल गवर्नमेंट से 40: ज्यादा सैलरी पैकेज है। 1962 में एक सोच से इसकी शुरुआत हुई। 1969 में इसकी स्थापना महान वैज्ञानिक साराभाई की अगुआई में हुई।

### राजधानी में 36 जातियों को जोड़ने का अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में भगवान परशुराम सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने पीसी में संगठन के उद्देश्य और उसके कार्यों पर चर्चा की। संस्था द्वारा बताया गया कि मुख्य संरक्षक पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र के निर्देश पर सामाजिक चेतना मंच द्वारा प्रदेश स्तर पर अभियान शुरू किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने बताया कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए आवश्यक है कि सभी धर्म, पंथ, जाति के लोग आपसी सौहार्द से रहें। राष्ट्र प्रेम और समरसता की भावना से साथ आगे आएं। समाज के विभिन्न वर्ग मानव शरीर के अलग अलग अंगों की तरह हैं। अगर एक अंग दुर्लभ हो जाए तो पूरा शरीर प्रभावित होता है। इसलिए प्रत्येक समाज का उत्थान और पारस्परिक सहयोग अनिवार्य है। इन्होंने जातीय जनगणना के समर्थन किया। उन्होंने कहा- इससे जातियों के सही आंकड़ों की जानकारी मिल सकेगी। दीक्षित ने बताया कि सामाजिक चेतना मंच देश के 28 राज्यों में सक्रिय एक राष्ट्र स्तरीय संगठन है। जिसमें सभी धर्मों और 36 समाजों के जातीय संगठन सम्मिलित हैं।

## ऊर्जा मंत्री के नेतृत्व में यूपी ने हासिल की एक और उपलब्धि, पीएम सूर्यघर योजना से बदली प्रदेश की ऊर्जा तस्वीर

# वर्तमान में 2.90 लाख घर सौर बिजली से हैं रोशन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** ऊर्जा क्षेत्र में लगातार सुधारों और नवोन्मेषी फैसलों के बीच ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

छह वर्षों से बिजली की दरों में वृद्धि न किए जाने और उदार बिजली बिल राहत योजना लागू किए जाने के बाद अब प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश ने 27 नवंबर को 1 गीगावाट अर्थात 1000 मेगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ प्रदेश में अब तक 2.90 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की सफल स्थापना की जा चुकी है। इससे न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मजबूती मिली है बल्कि चार हजार एकड़ भूमि की बचत हुई है, जिसका उपयोग अब अन्य विकास और जनहित कार्यों में किया जा सकेगा।

स्थापित सोलर संयंत्रों पर उपभोक्ताओं को भारत सरकार की ओर से लगभग दो हजार करोड़ रुपये और प्रदेश सरकार की ओर से छह सौ करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। इस आर्थिक सहायता से आम परिवारों के लिए सौर ऊर्जा अपनाना आसान हुआ है और बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। कई घरों में दिन के समय बिजली बिल लगभग शून्य तक पहुंच गया है और अतिरिक्त उत्पादन को ग्रिड में देकर उपभोक्ताओं को राजस्व क्रेडिट का लाभ भी मिल रहा है। योजना के शुरुआती दौर में जहां केवल 81 वेंडर पंजीकृत थे, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 4200 तक पहुंच चुकी है। वेंडरों की इस व्यापक वृद्धि से न केवल सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना की गति तेज हुई है बल्कि व्यापार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। उत्पादन, इंस्टॉलेशन, मेंटेनेंस और सप्लाई चेन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश में लगभग 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत आधार मिला है।

### यह उपलब्धि पीएम की ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत की सोच का परिणाम

इस उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत की सोच और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री की नीतियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ जमीन पर उतार रही है और सूर्यघर योजना उसी का सशक्त उदाहरण है। उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा घरेलू सौर ऊर्जा उत्पादक राज्य बनाने की दिशा में तेज गति से कार्य जारी है। ऊर्जा विभाग के अनुसार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक नियमित समीक्षा, ऑनलाइन आवेदन की सरल व्यवस्था, समयबद्ध कनेक्शन और सब्सिडी के त्वरित भुगतान पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली के कारण कम समय में इतनी बड़ी रूफटॉप सोलर क्षमता हासिल करना संभव हो सका। हरित ऊर्जा के माध्यम से मजबूत अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और आगामी चरण में दो गीगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता का लक्ष्य प्राप्त करने की तैयारी की जा रही है।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की समस्याओं को लेकर आयोग पहुंचा उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगातार विद्युत उपभोक्ताओं के लिए गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर आज उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं ऊर्जा क्षेत्र की सर्वोच्च संवैधानिक इकाई सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार एवं सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश भर के उपभोक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया।बैठक में उन्होंने एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल करते हुए प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की स्थापना पर तत्काल रोक लगाने की मांग उठाई।



राष्ट्रपति को लखनऊ मेयर ने सिटी की चाभी सौंपी

समृद्धि न्यूज

### पीएसी ग्राउंड में दिखा युवा जोश, 650 खिलाड़ियों को मिला मेडल

**लखनऊ ।** लखनऊ महानगर 35 बटालियन पीएसी, ग्राउंड में स्कूल स्तर पर 'एथराइज चौम्पियनशिप 2025' का आयोजन हुआ। एक दिवसीय आयोजन में खेल संस्कृति को नई ऊंचाई देने का संकल्प लिया गया। खेल उत्सव में 6 वर्ष से 18 वर्ष तक एथलीट्स और स्कूल के छात्रों ने हिस्सा लिया। एथलेटिक प्रतियोगिता में 150 से अधिक विद्यालयों के 2,000 विद्यार्थियों ने प्रतिभा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का अद्वितीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का संचालन लखनऊ एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। प्रशिक्षित अधिकारियों, रेफ्री और स्वयंसेवकों की विशेष टीम पूरे आयोजन के दौरान मैदान में तैनात रही।

# बृज की होली, राजस्थानी लोक नृत्य के नाम रही हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की शाम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की मध्यान बेला पर कवि सम्मेलन में लगे खूब ठहाके।

सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवम गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह और हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। आस द कल्चर सोसाइटी द्वारा कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया जिसमें कवियों एवं कवित्रियों ने अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से दर्शकों की तालियां बटोरी। संयोजिका प्रतिभा श्रीवास्तव एवं संचालिका डॉ. सुधा मिश्रा के तत्वाधान में कविता पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आलोक रावत, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. सुरभि सिंह, अटल नारायण, शशि नारायन त्रिपाठी, अनुराग मिश्रा, दीपक दीक्षित, पूजा श्रीवास्तव,मधु पाठक, दीपक शर्मा सार्थक, मयंक शुक्ला एवम दिव्यांशु पाठ प्रस्तुत किए जानें पर दर्शकों में जोश व उत्साह दिखा। कार्यक्रम के अगले सोपान में ध्वनि फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुति जिसका निर्देशन -रिचा तिवारी ने किया। सांस्कृतिक मंच से सर्वप्रथम गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मितवा सेमी क्लासिकल.. राम आयेंगे....विष्णु वंदना ....पंजाबी लोक नृत्य ...बृज की होली...राजस्थानी लोक नृत्य ने बांधा समां। जय गणपति वंदना...सोनी श्रीवास्तव, अमन और शक्ति श्रीवास्तव ने लोकगीत गाकर श्रोताओं का दिल जीता।

# मंत्री शाही ने कृषि निदेशालय में नई लिफ्ट व 'श्री अन्न गैलरी' का किया लोकार्पण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार कृषि विभाग में बुनियादी सुविधाओं के आधुनिकीकरण और श्री अन्न मिलेट्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि निदेशालय में दो कार्यक्रम सम्पन्न हुए। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि निदेशालय में 20 व्यक्तियों की क्षमता वाली नई लिफ्ट का लोकार्पण कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि कार्यालयों में आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता से कार्यप्रणाली अधिक दक्ष एवं सुगम होगी। कृषि भवन के तृतीय तल पर स्थापित 'श्री अन्न मिलेट्स गैलरी' का उद्घाटन भी कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ किया। गैलरी का अवलोकन करते हुए अधिकारियों ने बताया कि यह गैलरी मिलेट्स के महत्व, पोषण मूल्य तथा उनके प्रसंस्करण की जानकारी जनसाधारण तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश में श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मिलेट्स न केवल पोषक तत्वों से भरपूर हैं, बल्कि किसानों के लिए कम लागत में अधिक लाभ देने वाली फसलें भी हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्री अन्न से जुड़ी जानकारी, तकनीक और प्रशिक्षण को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, निदेशक कृषि पंकज त्रिपाठी तथा पूर्व निदेशक कृषि जितेन्द्र तोमर उपस्थित रहे।

### निजीकरण के विरोध में दूसरे वर्ष में भी जारी रहेगा संघर्ष

**लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के निर्णय के विरोध में उप्र के बिजली कर्मियों का लगातार चल रहा आंदोलन आज दूसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है।संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन को मिल रहे देशव्यापी समर्थन से उत्साहित उप्र के बिजली कर्मियों का निर्णय है कि किसानो और उपभोक्ताओं को साथ लेकर दूसरे वर्ष में भी आंदोलन को लगातार तब तक चलाया जाएगा जब तक निजीकरण का निर्णय निरस्त नहीं किया जाता। संघर्ष समिति ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन झूठे आंकड़ों और दमन के बल पर प्रदेश के 42 जनपदों का निजीकरण करने पर आमादा है किन्तु सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के बावजूद बिजली कर्मी विगत 366 दिन से सफलता पूर्वक आंदोलन चला रहे हैं।

# डिजिटल युग में निजता के अधिकार की अवधारणा को लेकर हुई कार्यशाला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/बाराबंकी।** लक्ष्मी देवी लॉ कॉलेज, टिंडोला, बाराबंकी, में संविधान दिवस पर डिजिटल युग में निजता के अधिकार की अवधारणा पर वर्कशाप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में नागरिकों के निजता के अधिकार से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर शैक्षिक चर्चा को बढ़ावा देना था, इस कार्यक्रम की सफलता में प्रमुख रूप से प्राचार्य डॉक्टर रोहित पी साबरन, सहायक आचार्य लालमन कुशवाहाव डॉक्टर श्रद्धा सुमन के मार्गदर्शन तथा प्रमुख सहयोगी सत्येंद्र कुमार एवं मान सिंह के अथक परिश्रम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज के अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रोफेसर नरेंद्र मणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. शिवेशमणि त्रिपाठी एवं प्राचार्य डॉक्टर रोहित पी साबरन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विषय विशेषज्ञों लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रसेन प्रताप सिंह व जय नारायण पीजी कॉलेज, लखनऊ के विधि विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ महेंद्र कुमार बैश्य एवं छात्र-छात्राओं ने शोधपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। यह वर्कशॉप कॉलेज के विधिक सहायता केंद्र द्वारा आयोजित की गई थी जिसका उद्देश्य छात्रों को कानूनी जागरूकता से जोड़ना था।

# बाल्मीकि आश्रम को पर्यटन के नक्शे पर लाने के लिए व्यय होंगे 70 लाख

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने इटावा के बडपुरा क्षेत्र स्थित प्राचीन महर्षि बाल्मीकि मंदिर के पर्यटन विकास करने जा रहा है। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के अंतर्गत इस परियोजना के लिए लगभग 70 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की आस्था का सम्मान करती है।

महर्षि बाल्मीकि से जुड़े इस पवित्र स्थल का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। सरकार सामाजिक न्याय, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पुनर्जागरण, तीनों मोर्चों पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में रामायण से जुड़े स्थलों का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है। महर्षि वाल्मीकि हमारे आदर्श और प्रथम कवि हैं। उनके नाम से जुड़ी इस प्राचीन धरोहर का संरक्षण हमारी संस्कृति और आस्था दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। सरकार का प्रयास है कि यह स्थल आने वाले समय में पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टि से भी प्रमुख आकर्षण बने। साथ ही, श्रद्धालु और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।विभाग का उद्देश्य इटावा जिले के धार्मिक पर्यटन को अन्य स्थलों के साथ विशिष्ट पहचान दिलाना है। इसी दिशा में प्राचीन बाल्मीकि मंदिर के समेकित विकास की महत्वपूर्ण पहल की गई है। परियोजना के तहत मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, सूचना केंद्र और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इन सुविधाओं के विकसित होने से न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि की पौराणिक और सांस्कृतिक धरोहर को भी नई पहचान मिलेगी। पौराणिक मान्यता है कि इटावा से महर्षि वाल्मीकि का विशेष जुड़ाव था। जिले में यमुना नदी के किनारे स्थित बडपुरा क्षेत्र के बेला गांव में महर्षि बाल्मीकि ने जीवन का लंबा कालखंड व्यतीत किया था।

**बैठक** | यूपी को कृषि उपकरण निर्माण हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम, कृषि यंत्र निर्माता कंपनियों संग मंत्री की समीक्षा बैठक

# योगी सरकार किसानों के लिए कृषि यंत्रीकरण को दे रही है नई गति

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा कृषि को आधुनिक तकनीक और यंत्रीकरण से जोड़ने के प्रयासों के क्रम में कृषि भवन में कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कृषि यंत्र निर्माता कंपनियों के साथ बैठक हुई।

योगी सरकार की किसानहित पर केंद्रित नीतियों का उल्लेख करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या अधिक है, इसलिए छोटे एवं किफायती कृषि यंत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने इम्पैनलमेंट प्रक्रिया को ऑनलाइन करने, तिथियों का उचित निर्धारण करने, अभिलेखीय त्रुटियों को सुधारने के बाद कंपनियों को शामिल करने, कृषि यंत्रीकरण हेल्पलाइन प्रारम्भ करने तथा शिकायत निस्तारण हेतु विशेष सेल गठित करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए लेजर कट में उत्तर प्रदेश को शामिल किया गया है तथा अन्य सुझावों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कंपनियों के सुझावों पर तत्काल निर्णय लेते हुए उन्हें कृषि यंत्रीकरण कार्यक्रम में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र ने दोनों मंत्रियों के निर्देशों को कार्ययोजना में सम्मिलित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में कंपनियों द्वारा यूपी में कृषि यंत्रीकरण के विस्तार, गुणवत्तापूर्ण कृषि यंत्रों की उपलब्धता तथा किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए कृषि यंत्रों के इम्पैनलमेंट की प्रक्रिया को सरल और पूर्णतः ऑनलाइन किए जाने का महत्वपूर्ण सुझाव रखा गया।

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो में व्यापार और मैनुफैक्चरिंग को मिलेगा बढ़ावा

**लखनऊ।** पीएचडी चौम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पीएचडी हाउस में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटेक्स 2026) के चौथे संस्करण का कर्टेन रेजर सफलतापूर्वक आयोजित किया।

इसके अलावा पीएचडीसीसीआई ने फर्स्टव्यू मीडिया ग्रुप के सहयोग से यूपी एनर्जी एक्सपो (यूपीईएक्स) 2026 के दूसरे संस्करण की भी घोषणा की। यह एक्सपो 07-09 मई 2026 को आयोजित होगा। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में बिजनेस, मैन्युफैक्चरिंग और इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर राजेश निगम को-चेयर यूपी स्टेट चौप्टर पीएचडीसीसीआई, अजय कुमार सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर यूपीनेडा, अतुल श्रीवास्तव सीनियर रीजनल डायरेक्टर पीएचडीसीसीआई, सुधीर बिश्नोई डायरेक्टर एंड हेड ब्यूरो ऑफइंडियन स्टैंडर्ड्स समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। पीएचडीसीसीआई के को-चेयर, यूपी स्टेट चौप्टर, राजेश निगम ने बताया कि यूपीआईटेक्स 2026 का आयोजन 23,27 जनवरी 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो उत्तर प्रदेश की औद्योगिक विविधता को एक ही मंच पर प्रदर्शित करने वाला सबसे बड़ा आयोजन है। इस बार इसे और वृहद स्तर पर आयोजित करने की तैयारी है। हमारा मानना है कि यूपीआईटेक्स राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में यूपीनेडा के सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर अजय कुमार ने कहा कि एक ओर यूपीआईटेक्स के माध्यम से व्यापार और मैन्यूफैक्चरिंग की संभावनाएं विकसित हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर यूपी एनर्जी एक्सपो के माध्यम से ऊर्जा क्षेत्र, विशेषकर सौर ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा में नए निवेश और तकनीकों को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित होगा।

## खबरें एक नजर में

### शार्ट सर्किट से लगी आग, घरेलू सामान राख



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** अचानक रात में कमरे से धुंआ देखकर बच्चों ने शोर शराबा शुरू कर दिया, जिसके बाद पता लगा कि कमरे में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। बमुश्किल आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घरेलू सामान राख हो चुका था। क्षेत्र के गांव करकौर में गुरुवार की रात बिजली की शार्ट सर्किट से कमरे में आग लग गई। जिससे कमरे में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। अरविंद कुमार ने बताया छत पर कमरा बना हुआ है। जिसमें घरेलू सामान सहित चारपाई अनाज आदि रखा था। रात करीब 9 बजे बिजली शार्ट सर्किट से कमरे में आग लग गई। बच्चों ने कमरे से धुआं निकलते देखा तो जानकारी दी। किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक कमरे में रखा घरेलू सामान सहित चारपाई अनाज आदि जल कर राख हो गया। बताया घटना की सूचना अभी पुलिस को नहीं दी गई है।

### विधायक खेल स्पर्धा कार्यक्रम का शुभारंभ आज

**शाहजहांपुर।** जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया है कि विधायक खेल स्पर्धा वर्ष 2025-26 में हॉकी क्लब मैदान में युवा कल्याण विभाग द्वारा इस खेल स्पर्धा का आयोजन 29 व 30 नवम्बर को किया जाएगा। विधायक खेल स्पर्धा कार्यक्रम का शुभारंभ वित्त मंत्री मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा आज शनिवार को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को युवा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा कर खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। जिन खिलाड़ियों ने पोर्टल पर पंजीकरण कर दिया है, उन्हें पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। विधायक खेल स्पर्धा में 29 को आयोजित खेल विधायें- एथलेटिक्स, वॉलीबाल, जूडो, कुश्ती। 30 को आयोजित विधाये- कबड्डी, फुटबाल, भरतोलन, बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं महिला एवं पुरुष वर्ग में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने अपील की है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### मुमुक्षु क्रिकेट लीग के 7वें मुकाबले में एसएसएसएलसी 11 के नाम जीत



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में सातवें दिन का मैच स्वामी धर्मानंद इंटर कॉलेज की टीम एसडीएस-11 तथा विधि महाविद्यालय की टीम एसएसएसएलसी-11 के मध्य खेला गया। पुनः दर्शकों को रोमांचपूर्ण मनोरंजन का एक बेहतरीन अवसर मिला। मैच का टॉस एसडीएस-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के मध्य बेहतरीन प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। एसडीएस-11 टीम 10.5 ओवर में मात्र 62 रन बनाकर आलआउट हो गई। एसएसएसएलसी-11 की टीम ने भी जवाबी पारी में बेहतरीन प्रदर्शन किया और 6 ओवर 2 गेंदों में मात्र 4 विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाकर जीत का दर्ज अपने नाम कर लिया। बेहतरीन गेंदबाजी करके 5 विकेट लेने वाले और विपक्षी टीम को महज 10 रन देने वाले खिलाड़ी अजीत कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। खेल के दौरान डॉ संदीप अवस्थी एवं डॉ अंकित अवस्थी कमेंटेटर की भूमिका में उपस्थित रहे। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र, प्रो आदित्य सिंह, डॉ जयशंकर ओझा, प्रो अजीत सिंह चारग, डॉ शालीन सिंह, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ प्रांजल शाही, डॉ अभिजीत मिश्र, डॉ अमित कुमार, डॉ विजय तिवारी सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मूर्ति स्थापना से पहले ग्रामीणों ने निकाली शोभायात्रा



**सिंधौली-शाहजहांपुर।** बरुआरा गांव में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना से पहले ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकालकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना दिया। यह शोभायात्रा बरुआरा गांव से शुरू होकर सिंधौली कस्बे तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। डीजे की धुनों पर भक्तों ने जयकारे लगाते हुए मां सरस्वती की आराधना की और सड़क किनारे खड़े लोगों ने भी श्रद्धापूर्वक शोभायात्रा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार 28 नवंबर को मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। शोभायात्रा का नेतृत्व जगवाल सिंह और रिंकू सिंह फौजी द्वारा किया गया। इस दौरान पूरी यात्रा में धार्मिक उत्साह और भक्ति भावना देखते ही बन रही थी। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से बबलू सिंह, बिल्लू सिंह, जगपाल सिंह, दिनेश सिंह, जगतपाल सिंह, गुलबीर सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। लोगों ने श्रव्य-दृश्य झांकियों और कलशधारिणी महिलाओं के साथ यात्रा को और भव्य बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि मूर्ति स्थापना के अवसर पर भंडारे और पूजा-अर्चना का कार्यक्रम भी रखा जाएगा। पूरे क्षेत्र में आयोजन को लेकर हर्ष का माहौल बना हुआ है।

### टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली




**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद संस्था ने विहास डेवलपमेंट सोसाइटी के साथ मिलकर अपने गोद लिए हुए 20 टीबी के मरीज़ो को पोषण पोटली वितरित की। ज्ञात हो कि संस्था ने पोषण पोटली का कार्य पिछले वर्ष शुरू किया था, जिसके पहले भावलखेड़ा सामुदायिक केंद्र पर जाकर 10 मरीजों को गोद लिया था। दवाई सरकार द्वारा नि:शुल्क मिल जाती है और पोषण पोटली संस्था बाँटती है। 6 महीने पूरे होने पर दूसरे 10 मरीजों को गोद लेकर संस्था पोषण पोटली बाटने का कार्य करती है। पिछले 4 माह से सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा भी इस पुनीत कार्य में संस्था के साथ है, जिसमे मरीजों की संख्या 20 हो गई। अब 20 मरीजों को पोषण पोटली दी जाती है। मरीजों को स्वस्थ देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है। अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने कहा कि उनकी संस्था लगातार क्षय रोगियो की हर संभव मदद करती रहेगी। इस अवसर पर सचिव सोनिया गुप्ता, उपाध्यक्ष रेखा मोदी के अतिरिक्त मोह. फैज़ल, सिद्धार्थ गुप्ता तथा आरती सिंह मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में साले-बहनोई की मौत

**पुलिस ने शवों का कराया पोस्टमार्टम, परिजनों में कोहराम**




**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बृहस्पतिवार की रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मूर्छा मोड़ के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार साले-बहनोई की मृत्यु हो गयी तथा सात वर्षीय बालक गंभीर घायल हो गया। कस्बा निवासी 25 वर्षीय रिंकू मुड़िया मोड़ स्थित भट्ठे पर ईंट पथाई का काम करता है। पथेर में झोपडी डालकर रह रहे रिंकू का विवाह तीन वर्ष पूर्व बिहार प्रान्त के जनपद लक्खी सराय अंतर्गत थाना मिदनी के गाँव खाबा निवासी विजय महतो की पुत्री सुलोचना के साथ हुआ था। बृहस्पतिवार को रिंकू के साले 18 वर्षीय नीतेश और 7 वर्षीय गुरुदेव उर्फ गोलू देर रात ट्रेन द्वारा शाहजहाँपुर पहुँचे थे। जिन्हें लिवाने के लिए रिंकू बाइक पर सवार होकर स्टेशन गए और तीनों लोग बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। लगभग 11 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर मूर्छा मोड़ के समीप सामने से आए अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे रिंकू और नीतेश की मौके पर मृत्यु हो गयी तथा गुरुदेव गंभीर घायल हो गया। मौके से गुजर रहे किसी राहगीर द्वारा कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी गयी। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह मौके पर पहुँचकर घायल को सीएचसी ले गए। जहाँ गंभीर हालत में बालक गुरुदेव को राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। रिंकू के परिवार में माँ सरबती पत्नी सुलोचना तथा दो वर्षीय बेटी दीपांशी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया रिंकू के भाई अजय ने घटना की प्राथमिकी पंजीकृत करायी है। दोनों शव को पीएम हेतु भेजा गया है। रिंकू के पास उनके साले नितेश का कई दिन से फोन आ रहा था। नीतेश यहाँ आना चाहते थे। कल ट्रेन पर सवार होने के बाद उन्होंने अपनी बहन बहनोई को आने की सूचना दी थी। रिंकू ने साले के स्वागत में शाम को पनीर मंगाकर खुद सब्जी बनायी और ट्रेन आने पर लिवाने चले गए। रिंकू बाद में गर्म पूड़ी बनाने को बोल गए थे। सुलोचना ने पूड़ी बनाने के लिए आटा लगा रखा था। लेकिन सबके आने से पहले घटना की खबर आ गयी।

### सांड से टकराई बाइक, युवक की मौत

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** मोहल्ला खेड़ा निवासी आशुतोष पाठक बीती देर रात करीब 9 बजे उबरिया मंदिर के पास हुए हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आशुतोष पाठक को जलालाबाद के नगरिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बहीं मेडिकल कॉलेज में बीती देर रात उपचार के दौरान डॉक्टरों ने आशुतोष पाठक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक व्यक्ति आशुतोष पाठक मोहम्मदी से जरूरी कागजात और सामान लेकर बाइक से आ रहे थे। वही मृतक की पत्नी पत्नी शोभा पाठक का रो रो कर बुरा हाल है।

### शस्त्र मुक्त कराएं शस्त्र लाइसेंस धारक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम ऐसे समस्त वैध शस्त्र लाइसेंस धारकों को सूचित किया जाता है कि जिनके शस्त्र दुर्गा आर्म्स स्टोर खुटार पर निर्वाचन एवं मरम्मत हेतु जमा किये गये थे वह अपने शस्त्रों को मुक्त कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित शस्त्र अनुभाग में प्रार्थना पत्र, वैध शस्त्र लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जमा बन्दूक की रसीद सहित पटल सहायक के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनके शस्त्रों को नियमानुसार मुक्त किये जाने की कार्यवाही की जा सके।

### माइनर के किनारे से हटाया गया अतिक्रमण

**शाहजहांपुर।** रिलायंस थर्मल पावर के निकट रोजा राजभा नहर सें निकला गांव चौढेरा माइनर पर अतिक्रमण होने के वजह से किसानों को काफी नुकसान हो रहा था। उनकी फसलें सूख रही थी। आपको बतादें माइनर चौढेरा से जेसीबी मशीन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। जिससे माइनर के निकट वाले गांव चौडेरा, बड़ीगाव, दिलावलपुर भटकल आदि के किसान लाभान्वित होंगे। वहां के किसानो ने बताया कि इस क्षेत्र में काफी समय से पानी नही आ रहा था। फसलें सूख जाती थी। किसानों को इस माइनर की सफाई होने से काफी लाभ मिलेगा। किसानों की सूखी जमीन पर फिर से हरियाली उत्पन्न हो जाएगी। यह लगभग 2 किलोमीटर लंबा माइनर है जिससे लगभग 75 से 80 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होना संभव हैं। किसानों के चेहरों पर फैली मुस्कान की लहर यह जानकारी कार्यालय अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय जल ने दी हैं।

# जिल्लत उठा रहा किसान..., आदेश करते रहते अफसरान

**बंडा उपमंडी में बिचौलिएं हावी, किलोमीटर तक लगी लंबी कतारें**

**बंडा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





बंडा उपमंडी में डीएम के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं जहां बिचौलियों को लेकर सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन मंडी सचिव के द्वारा लगातार मंडी में जिलाधिकारी के आदेशों को दरकिनार किया जा रहा है। धान की खरीद के लिए बंडा उपमंडी में 24 क्रय केंद्र बनाए गए हैं जिससे किसानों के धान की खरीद समय से हो सके लेकिन अधिकतर मंडी में वास्तविक किसानों के धान की खरीद हो चुकी है। वहीं मंडी में भीड़ देखकर अपने धान को घर में रोककर बैठे किसानों ने जब दोबारा मंडी की तरफ रुख किया तो मंडी में बिचौलियों की होड़ लग गई। यहां रोजाना बिचौलियों के द्वारा बाहर से धान खरीदकर मंडी में धान तुलवाया जा रहा है। वहीं मंडी सचिव का इन बिचौलियों को पूरा संरक्षण प्राप्त है जिसके चलते डीएम का आदेश भी इनके लिए बेअसर साबित हो रहा है। बृहस्पतिवार देर शाम भी मंडी में किसानों, बिचौलियों और मंडी सचिव के बीच झड़प हो गई जिसके बाद शुक्रवार दोपहर बाद पहुंची एसडीएम चित्रा निर्वाल ने मंडी सचिव को बाहर से आकर मंडी में धान की बिक्री करवा रहे दलालों को चिन्हित कर उन पर एफआईआर दर्ज करवाने के आदेश दिए और बिचौलियों पर भी सख्त से सख्त कार्यवाही के लिए कहा। साथ ही लोगों के द्वारा बाहर से लेकर आ रहे धान के दस्तावेजों की जांच पड़ताल कर उनकी मंडी के बाहर लगे क्रय केंद्रों में तौल करवाने की बात कही। यहां गांव सैदापुर निवासी भगवानदीन ने बताया कि चार दिन से मंडी गेट पर ट्राली खड़ी है और करीब 40 क्विंटल धान है लेकिन बिचौलियों के धान की तौल करवाई जा रही है और उनकी ट्रालियां भी मंडी के अंदर की जा रही हैं। वहीं बरगदा निवासी राजीव सिंह ने बताया कि उनका 200 क्विंटल धान है और 22 नवम्बर से लाइन में लगे हैं लेकिन अब तक उनकी ट्राली तक मंडी के अंदर नहीं पहुंच पाई है। वहीं बिहार रामनगर निवासी पवन सिंह ने बताया कि उनका करीब 150 क्विंटल धान है और एक सप्ताह से लाइन में लगे हैं लेकिन बिचौलियों के चक्कर में धान की तौल नहीं हो पा रही हैं। पड़री किशनपुर निवासी रमेश कुमार ने बताया कि उनका करीब 50 क्विंटल धान है और मंडी गेट के बाहर ट्रॉली खड़ी है। व्यवस्थाओं के नाम पर मंडी में सिर्फ दिखावा हैं। यहां मंडी सचिव किसानों के साथ धोखा कर रहा है जिसकी लाठी में दम है उसकी ट्रालियों को मंडी के अंदर किया जा रही जबकि वास्तविक किसान धान करीब एक सप्ताह से हाइवे पर सोने को मजबूर हैं। वहीं इस संबंध में जब मंडी सचिव सर्वेश शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मंडी में बिचौलियों की जानकारी नहीं है। एसडीएम अपने अनुसार ट्रालियों को अन्दर लेने के लिए कह गई हैं। बाहर की ट्रालियों को मंडी के बाहर लगे क्रय केंद्रों पर भेजने के लिए बोला गया हैं।

## डीईओ ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार डीएम कम्पाउन्ड स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया।डीएम ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। डीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता और सुरक्षा बलों की तैनाती सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसपी ने परेड में ली सलामी, दिए अनुशासन एवं पारदर्शिता के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार की परेड में सम्मिलित होकर परेड की सलामी ली और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने परेड का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। कहा प्रत्येक पुलिसकर्मी का आचरण पुलिस विभाग की छवि का दर्पण होता है, अतः हर परिस्थिति में अनुशासन का आचरण अपनाना अनिवार्य है। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का गहन निरीक्षण करते हुए डायल 112 कंट्रोल रूम, जी.डी. कार्यालय, हथियारागार, बैरकों एवं सुपर-22 का निरीक्षण किया गया । इस दौरान रिस्पांस समय, अभिलेखों की सुव्यवस्था और कर्मियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए तथा कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर यथासंभव समाधान किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर प्रियांक सिंह, प्रतिसार निरीक्षक एवं आरटीसी मेजर उपस्थित रहे।

### एसडीएम पर दर्ज की जाए हत्या की एफआईआर

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** तहसील मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष अरविंद कनौजिया के नेतृत्व में लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर रहे कनौजिया ने बताया कि जनपद फतेहपुर की बिंदकी के लेखपाल सुधीर कुमार की शादी की छुट्टी के लेने के बाद भी एसडीम बिंदकी ने 25 नवंबर को लेखपाल सुधीर कुमार के घर कानूनगो शिवराम को उनके घर भेज कर धमकाया और हड़काया की ड्यूटी ज्वाइन करो नहीं तो सस्पेंड कर दिए जाओगे। इसी पर डिप्रेशन में आकर लेखपाल ने आत्महत्या कर ली। जबकि 26 नवंबर को लेखपाल की शादी होनी थी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के आह्वान पर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन देकर बताया कि इस घटना में मुख्य आरोपी उप जिला अधिकारी बिंदकी संजय सक्सेना पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की जाए। मृतक की माता को 50 लाख का आर्थिक मुआवजा दिया जाए एवं एक सदस्य को नौकरी दी जाए। एसआईआर की प्रक्रिया के लिए समय सीमा बढ़ाई जाए। साथ ही लेखपालों को सामान्य निर्वाचन तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण में प्रोत्साहन की रूप में एक माह का अतिरिक्त वेतन दिया जाए तथा लेखपालों को निर्वाचन कमी घोषित किया जाए। धरना प्रदर्शन में बैठने वालों में रविकांत, दुर्गेश मिश्रा, मोहन शर्मा, स्वस्तिका आदि लेखपाल मौजूद रहे।

**प्रदेश आह्वान पर लेखपाल संघ ने दिया ज्ञापन**

## दोस्त ने मारी गोली, घायल बरेली में भर्ती

**नवीगंज के निकट गंगा एक्सप्रेस वे की घटना, एफआईआर दर्ज**

**जलालाबाद-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

दोस्त ने काल करने के बाद एक्सप्रेसवे पर अपने दोस्त को बुला लिया और पीछे से उसे सिर में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने गोली की आवाज सुनी तो वह खून से लथपथ मिला, जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, हालत गंभीर होने पर उसे बरेली अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद गांव में हडकंप मच गया। थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव नवीगंज निवासी रजत पुत्र देवेंद्र सिंह के उसके ही दोस्त प्रियांशु ने पीठ पर गोली मार दी है। गंभीर रूप से घायल रजत का बरेली में इलाज चल रहा है जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं जलालाबाद पुलिस ने पिता देवेंद्र सिंह की तहरीर पर गंभीर धाराओं में आरोपी प्रियांशु पुत्र राजेश रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। हालत में सुधार न होने पर शाहजहांपुर से उसको बरेली रेफर कर दिया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल छात्र रजत के ताऊ हरिचरण ने बताया की रजत घर पर खाना खा रहा था तभी तीन बार प्रियांशु ने तीन बार फोन किया और उसको गांव के निकट गंगा एक्सप्रेसवे पर बुलाया। जहां पर उसने आवाज दी। तभी पीछे से प्रियांशु ने गोली मार दी गोली उसके पीठ में लगी घायल। रजत का कहना है कि प्रियांशु ने ही उसे गोली मारी है। रजत के माता-पिता बीमार नानी को देखने के लिए गांव तुर्की खेड़ा गए हुए थे जैसे ही उन्हें खबर मिली उनके होश उड़ गए माता-पिता बरेली में घायल पुत्र के पास है. घटना से गांव में हड़कम मचा हुआ है। आरोपी एवं घायल दोनों जलालाबाद के एक ही स्कूल के छात्र हैं और दोनों नाबालिक हैं। कोतवाली जलालाबाद के थाना प्रभारी राजीव कुमार तोमर ने पिता देवेंद्र सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपी 17 वर्ष की प्रियांशु पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सीओ तिलहर ने की पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**शाहजहांपुर।** सीओ तिलहर ज्योति यादव द्वारा तिलहर क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना तिलहर पुलिस के साथ पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान सीओ द्वारा क्षेत्र के मुख्य मार्गों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण कर कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था तथा जनसुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अधिक सतर्कता, सक्रियता एवं विनम्रता के साथ जनता से संवाद स्थापित करने के निर्देश प्रदान किए गए। सीओ ने आमजन से वार्ता करते हुए उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। पैदल गश्त के दौरान क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस की उपस्थिति को मजबूत किया गया।

## महात्मा ज्योतिबा राव फुले की पुण्यतिथि पर हुई गोष्ठी



**समृद्धि न्यूज।** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से महान समाज सुधारक, सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की पुण्यतिथि पर एसपी कॉलेज में गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले क्रांतिकारी समाज सुधारक थे जिन्होंने 1848 में पहली कन्या पाठशाला खोलकर भारत बालिका शिक्षा के द्वार खोल दिए श्री सिंह ने कहा कि समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं दार्शनिक भी थे। प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने कहा कि इन्हें महात्मा ज्योतिबा फुले ने 1873 में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया, महिलाओं व पिछड़े और अछूतों के उत्थान के लिये इन्होंने अनेक कार्य किए वे समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समथर्क थे। वरिष्ठ शिक्षक संजय अग्निहोत्री ने कहा कि ज्योतिबा राव फुले भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। अपने जीवन काल में उन्होंने गुलामगिरी, तृतीय रत्न, छत्रपति शिवाजी, राजा भोसला का पखड़ा, किसानों का कोड़ा, अछूतों की कैफियत जैसी अनेक पुस्तकें भी लिखी। गोष्ठी में प्रवक्ता अनिल कुमार, सुशील कुमार, ज्वाला प्रसाद, शिक्षक विवेक गंगवार, अवधेश शुक्ला विशाल चंद्र, सुनील कुमार वर्मा, सुरेश कुमार एवं आशीष वर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## ड्यूटी और मातृत्व के सम्मान में शिशु गृह का शुभारंभ

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना जैतीपुर परिसर में शिशु गृह का भव्य उद्घाटन एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा सलामी लेकर किया गया, जिसके उपरांत शिशु गृह का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। यह शिशु गृह विशेष रूप से ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों के छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित, सुविधा जनक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किया गया है, जिससे महिला कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन बिना किसी चिंता के करने में सहायता मिलेगी। शिशु गृह, सुरक्षित, सुसज्जित और बाल अनुकूल वातावरण है। महिला पुलिसकर्मियों के छोटे बच्चों के लिए बनाए गए इस शिशु गृह में सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण, मनोरंजन के साधन, आरामदायक बैठने, सोने की व्यवस्था, बच्चों की निगरानी हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे ड्यूटी के दौरान महिला पुलिसकर्मी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर सकें। यह सुविधा पुलिस विभाग में मानवीय संवेदना, सशक्तिकरण, और सहकर्मी समर्थन की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात एसपी द्वारा विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण कर सुधार एवं सुव्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक ने उद्घाटन के पश्चात संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया गया कि शिशु गृह को पूरी संवेदनशीलता, सफाई और सुरक्षा के उच्च मानकों के साथ संचालित किया जाए। बच्चों की देखरेख और महिलाओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। एसपी ने उपस्थित छोटे बच्चों को टॉफियाँ और चॉकलेट बांटी, जिससे वातावरण और अधिक सौहार्दपूर्ण व उत्साहपूर्ण हो गया। उपस्थित अधिकारी उद्घाटन कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी तिलहर, थाना प्रभारी जैतीपुर, अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं महिला पुलिसकर्मियाँ उपस्थित रहीं।

## खबरें एक नजर में

### करणी सेना विधर्मियों की नाक में जल्द ही नकेल डालेगी

**पुवायां, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव बितौनी में एक पेस्टीसाइड पर महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी जी की जयंती पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करणी सेना के प्रदेश महामंत्री ठाकुर ओमवीर सिंह राठौड ने बताया कि महाराजा सल्हीय सिंह एक महान् सम्राट थे, जब पृथ्वीराज चौहान को मुहम्मद गौरी गजनी ले गया था उस समय भारत की खाली हो चुकी बागडोर को महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी ने संभाला था महाराजा सल्हीय सिंह ने संडीला नगर बसाया था इनके पिता का राणा उदय प्रताप सिंह था उन्होंने कहा कि जो लोग महाराजा सल्हीय सिंह की जाति बदलने का दुस्साहस कर रहे हैं वो सावधान हो जाएं क्योंकि महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी क्षत्रिय थे हैं और रहेंगे करणी सेना उन विधर्मियों की नाक में जल्द ही नकेल डालेगी। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विकाश गुप्ता व मंच संचालन रवि सिंह सूर्यवंशी ने किया। इस अवसर पर उदयराज सिंह चौहान, उपेंद्र सिंह चौहान, सचिन शुक्ला, हर्षित सिंह, मानसिंह, सुमित यादव, विनय मिश्रा, पप्पू राठौर, नरवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### आग हादसे में सबकुछ गंवाने वाली नाजरीन की मदद को आगे आई सहयोग संस्था

**शाहजहांपुर।** महानगर के ककरा मोहल्ले में तीन दिन पहले लगी भीषण आग ने नाजरीन के घर का पूरा सामान जलाकर राख कर दिया। आग की लपटों में घर की हर चीज खाक हो गई और परिवार बिल्कुल खाली हाथ रह गया। घटना की जानकारी मिलते ही सहयोग संस्था के पदाधिकारी तुरंत सक्रिय हुए और नाजरीन के घर पहुंचकर उनकी जरूरतों को समझा। संस्था ने रोजमर्रा में उपयोग होने वाली सभी आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था कर नाजरीन के परिवार को राहत पहुंचाई।संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता और उपाध्यक्ष सरदार अमरदीप खालसा ने बताया कि किसी भी जरूरतमंद की सहायता करना समाज का सबसे बड़ा दायित्व है और सहयोग संस्था हमेशा ऐसी परिस्थितियों में आगे बढ़कर कार्य करती है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नुजहत अंजुम ने बताया कि जैसे ही ग्रुप में घटना की सूचना मिली सभी सदस्यों ने मिलकर जरूरी सामान इकट्ठा किया और उसे तत्काल नाजरीन तक पहुंचाया गया।राहत सामग्री लेकर पहुंचने वालों में संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान, शाहनवाज खा एडवोकेट, डायरेक्टर शालू यादव, महानगर सचिव विकास सक्सेना,तराना जमाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे, स्तुति गुप्ता, फरहत अंजुम, शहजादुल हक, पुनीत मनीषी, शिवम वर्मा, सरदार हरजीत सिंह, सरदार राजा सिंह सहित कई सहयोगी सदस्य मौजूद रहे।

### कोर्ट और कार्यालय में एक साथ उपस्थिति की मुख्यमंत्री से शिकायत, विभाग को गुमराह कर वेतन लेने का भी आरोप

**तिलहर–शाहजहांपुर।** कोर्ट व कार्यालय में तीन बार एक ही दिन पर उपस्थिति दर्शाए जाने के बाबजूद वेतन निकले जाने के मामले में शिक्षा विभाग के कर्मचारी ने बीआरसी कार्यालय के अनुचर पद कर्मचारी की विभागीय अधिकारियों व मुख्यमंत्री से शिकायत की है। नगर शिक्षा कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजेंद्र कुमार पुत्र मंगली प्रसाद ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में कहा है कि खंड शिक्षा अधिकारी तिलहर के बीआरसी कार्यालय में अनुचर पद पर तैनात कर्मचारी सतीश कुमार भारती पुत्र द्वारिका प्रसाद द्वारा एक मामले में बीती 17 जुलाई , 25 नवंबर तथा तीन अक्टूबर 2025 को कोर्ट में उपस्थिति के साथ ही कूटरचित ढंग से बीआरसी कार्यालय में भी ड्यूटी के हस्ताक्षर किए हैं। जिसका उसे वेतन भी दिया गया है। शिकायत कर्ता ने उक्त मामले के साक्ष्य भी प्रेषित करते हुए मामले की जांच कराकर संलिप्त दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की पुरजोर मांग की है।

### 1 से 5 किलोवाट वाले उपभोक्ताओं को भी मिले राहत, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया ने ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र

**शाहजहांपुर।** एक दिसंबर से प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना लागू होने जा रही है, जिससे लाखों घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिलने वाला है। फिलहाल योजना में 1 किलोवाट से 2 किलोवाट तक के घरेलू बिजली कनेक्शन शामिल किए गए हैं। इसी के तहत राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अरविंद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर मांग की है कि राहत योजना का दायरा बढ़ाया जाए और 1 किलोवाट से 5 किलोवाट तक के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को भी इसमें शामिल किया जाए। सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अवगत कराया कि अधिकांश घरों में एसी, टिल्लू पंप व अन्य आवश्यक उपकरणों के उपयोग के कारण 1 किलोवाट से अधिक क्षमता के घरेलू कनेक्शन की आवश्यकता होती है। ऐसे में 3 से 5 किलोवाट तक के उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे। राज्यसभा सांसद ने ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से 1 से 5 किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शन को भी योजना में शामिल किया जाए, ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

### ग्रामीण खेल लीग की स्पर्धाओं में बच्चों ने उत्साह से लिया भाग

**कांट, शाहजहांपुर।** युवा कल्याण विभाग की ओर से आयुष एकेडमी के मैदान पर आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग में मंगलवार को बालिका सीनियर वर्ग की वॉलीबॉल स्पर्धा में आयुष एकेडमी, जूनियर वर्ग में ऐंठापुर और सब जूनियर वर्ग में आयुष एकेडमी की टीम विजेता रही। सब जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में वैष्णवी प्रथम ने पहला स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में आस्था ने पहला, सुनिष्ठा ने दूसरा और श्याम ने तीसरा स्थान पाया। सब जूनियर बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ में शोभित प्रथम, ब्रजेश द्वितीय और रामकृष्ण तृतीय रहे। जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में जारा प्रथम, शिवा द्वितीय और कोमल तृतीय रहीं।

# विवाहिता पुत्री की हत्या, शव नदी किनारे दफनाया

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर**




क्षेत्र के एक गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पिता ने अपनी ही विवाहिता पुत्री की हत्या कर दी और शव को नदी किनारे दफना दिया। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची तब परिजन पुलिस को गुमराह करते रहे। घटना से क्षेत्र के सनसनी फैल गई।

क्षेत्र के गांव साहमपुर में 27 नवंबर 2025 को घटी एक भयावह घटना सामने आने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, एक विवाहिता की उसके पिता ने परिजनों के साथ मिलकर हत्या कर दी, और फिर शव को मिटाने तथा साक्ष्य छुपाने की नियत से कई किलोमीटर दूर नदी किनारे शव दफना दिया। इस खौफनाक साजिश का खुलासा तब हुआ जब मृतका के पति के चचेरे भाई ने संदेह के आधार पर कटरा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कटरा पुलिस सक्रिय हो गई और साहमपुर गांव में पहुंचकर पूरे प्रकरण को गंभीरता से खंगालना शुरू किया। प्रारंभिक जांच में कई विरोधाभास सामने आए, जिसके बाद पुलिस ने पिता, माता, चाचा सहित कुल पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर थाने में पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान परिजन लगातार पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करते रहे–कभी बीमारी का बहाना, कभी सांप के काटने से मौत होने की कहानी लेकिन पुलिस के सामने उनकी एक न चली।

इस मामले में यह भी सामने आया कि मृतका का पति और सास-ससुर अन्य प्रदेश में मजदूरी करते थे, जबकि मृतका एक माह से अपने मायके में ही रह रही थी। पुलिस अब मृतका के पति के आने का इंतजार कर रही है ताकि बयान और सबूतों को पुख्ता कर आगे की कार्रवाई की जा सके। मामले की गंभीरता बढ़ तब गई जब आरोपी पक्ष के लोग राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश में जुट गए। बताया जा रहा है कि कुछ स्थानीय नेता थाने में पहुंचकर माहौल प्रभावित करने का प्रयास करते नजर आए, लेकिन पुलिस ने मामले को पूरी तरह निष्पक्षता से जांचने का भरोसा दिलाते हुए किसी तरह की रियायत से इनकार कर दिया। घटना के उजागर होते ही पूरे साहमपुर और आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मचा हुआ है। मानवता को शर्मसार करने वाली इस वारदात ने ग्रामीणों को स्तब्ध कर दिया है। पुलिस जल्द ही नदी किनारे जलाये गए शव की राख का पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवा सकती है। वहीं मृतका के ससुराल पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। फ़िलहाल खबर लिखे जाने तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नही हुई है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

- **गंभीर रूप से घायल मां जिला मेडिकल कॉलेज रेफर**

**तिलहर – शाहजहांपुर।** बीती देर शाम हाइवे पर बाइक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक कांट थाना क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर कमल नैनपुर निवासी मुन्ना पुत्र मो. नवी 27 अपनी मां शवनम 46 के साथ बरेली में एक निजी अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदार को देखने गए थे। बरेली से लौटकर तिलहर में खड़ी बाइक से तिलहर से गुरुवार देर शाम करीब सात बजे कांट वापस जा रहे थे। अचानक किसी काम से वह तिलहर वापस लौटने के दौरान नवीन मंडी गेट के सामने पहुंचे की तेज रफ्तार ट्रक बाइक को रौंदता हुआ निकल गया। जिससे मुन्ना की मौत हो गई। जबकि मान शवनम गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसआई नितिन कुमार ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल हादसे की समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

# समिति भवन के बाहर खादों के निर्धारित मूल्यों की सूची चस्पा कराई

**सिंधौली–शाहजहांपुर।** सहकारी समिति खिरिया रसूलपुर के अध्यक्ष सुधाकर त्रिपाठी ने किसानों की सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए समिति भवन के बाहर खादों के निर्धारित मूल्यों की सूची चस्पा कराई है। उन्होंने कहा कि यदि कोई सचिव या कर्मचारी सूची से अधिक दर पर किसानों को खाद उपलब्ध कराता है, तो किसान तुरंत उन्हें सूचना दें। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा और संबंधित दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुधाकर त्रिपाठी ने कहा कि



किसान अन्नदाता हैं और उन्हें ठगा जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समिति का उद्देश्य है कि हर किसान को यूरिया, डीएपी सहित सभी प्रकार की खाद और बीज सही दर पर और बिना किसी परेशानी के उपलब्ध हों। उन्होंने बताया कि सूची लगाने का मकसद किसानों को जागरूक करना और उन्हें सही जानकारी देना है, ताकि कोई भी कर्मचारी गलत मूल्य वसूल न कर सके। अध्यक्ष ने कहा कि वह खुद पूरी निगरानी कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बेझिझक शिकायत करें, क्योंकि पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करना समिति की पहली प्राथमिकता है।

# पंजाब में खड़ी गाड़ी, बरेली से चालान, चालक ने लगाया गंभीर आरोप

- **सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, जांच की मांग**

**शाहजहांपुर।** ओवरलोडिंग के एक कथित चालान को लेकर शाहजहांपुर निवासी ट्रक चालक ने पुलिस विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। चालक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दावा कर रहा है कि उसकी गाड़ी पंजाब में खड़ी होने के बावजूद बरेली से 30,000 रुपए का ऑनलाइन चालान जारी कर दिया गया। चालक के अनुसार, उसने 24 नवंबर को रुद्रपुर से गाड़ी लेकर चलना शुरू किया, जिसके बाद 26 नवंबर को पंजाब के राजपुरा में माल खाली किया। इसके पश्चात 27 नवंबर को पंजाब में ही नया लोड लिया और 28 नवंबर को वाहन वहीं खड़ा था। इसी दौरान 28 नवंबर को उसके मोबाइल पर बरेली से ओवरलोड का चालान आने का संदेश प्राप्त हुआ। चालक ने इसे सिस्टम में बड़ी गड़बड़ी बताते हुए जांच की मांग की है। उसने कहा है कि जीपीएस तथा सभी दस्तावेज स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि वाहन पंजाब से हिला तक नहीं, फिर भी बरेली से चालान जारी होना सवाल खड़े करता है। चालक द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। अब ट्रांसपोर्टर और चालक दोनों ही संबंधित विभाग से इस चालान की सत्यता की पुष्टि और सुधार की मांग कर रहे हैं।

# उम्मीद पोर्टल पर 5 दिसम्बर तक ही होगा वक़्फ़ संपत्ति का पंजीकरण

- **समयावधि में न होने पर देना होगा जुर्माना**

**तिलहर, शाहजहांपुर।** जनपद में स्थापित वक़्फ़ संपत्ति का उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण करने हेतु नगर के मुतवल्ली एवं इमामों के साथ सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कच्चा कटरा स्थित आवास पर मौलाना व इमामों के साथ बैठक कर लोगों को वक़्फ़ संपत्ति दर्ज किए जाने के लिए जानकारी दी। उन्होंने बताया भारत सरकार ने उम्मीद पोर्टल पर वक़्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए 5 दिसंबर तिथि निर्धारित की है। जनपद में 2586 वक़्फ़ संपत्तियां बोर्ड में हैं। जिसमें मस्जिद, कर्बला, इमामबाड़ा, ईदगाह, दरगाह, कब्रिस्तान, मदरसा, वक़्फ़ बराए गुरबा, मसाकीन, मिलाद आदि शामिल है यहां तक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, साबिर कलियर, दीगर मज़रात के लिए संपत्ति वक़्फ़ बोर्ड में दर्ज है। विडंबना यह है कि अधिकांश संपत्तियों के मुतवल्ली को यह पता ही नहीं कि वह उस संपत्ति का मुतवल्ली है । वही काफी संख्या में मुतावली का निधन हो चुका है और वक़्फ़ बोर्ड में मृतक का ही



नाम दर्ज चला आ रहा है। इसलिए उम्मीद पोर्टल पर संपत्ति का दर्ज होना बहुत मुश्किल लग रहा है। इस संबंध में ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने जनपद के वक़्फ संपत्ति कब्रिस्तान, मस्जिद, कर्बला, इमामबाड़ा, ईदगाह, दरगाह के मुतवल्ली से अपील करते हुए कहा है उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण करने हेतु जनपद में विभिन्न हेल्प सेंटर स्थापित किए हैं कोरोकुईया में हाफिज इब्ने अली, तिलहर में इमरान अख्तर एडवोकेट, सैय्यद मतलूब अली एवं मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपूरा में जो लोग जानकारी करना चाहते है जानकारी हासिल कर निर्धारित वक्त तक पंजीकरण करा दें वक्त निकलने के बाद सरकार द्वारा जुर्माना वसूला जाए मीटिंग में सुहेल मियां, आसिफ़ फरीदी, फिरोज़ खान, याद अली, शरीफ़ कुरैशी, इनमुर्रहमान, मतलूब अली, इज़हार बेग, हसन बेग आदि मौजूद थे।

# डाक्टर कमलेश बने प्रोफेसर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में कार्यरत डा. कमलेश गौतम कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद उच्चीकृत करके प्रोफेसर बना दिए गए हैं। डा. गौतम ने वर्ष 2011 में उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग से चयनित होकर वाईडी कॉलेज, लखीमपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। वहां 11 वर्ष सेवा करने के उपरांत उन्होंने अपना स्थानांतरण शाहजहांपुर के एसएस कॉलेज में करा लिया। वर्ष 2022 में उन्हें एसोसिएट प्रोफेसर बनाया गया। वर्ष 2025 में उन्होंने प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति पाने के लिए शासन को आवेदन किया। उन्हें प्रोन्नति



देने हेतु शासन द्वारा गठित कमेटी में बरेली मंडल के उच्च शिक्षा अधिकारी, उच्च शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा नामित विषय विशेषज्ञ तथा रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा नामित विशेषज्ञ सम्मिलित थे। इस समिति ने डा. कमलेश के शैक्षिक अभिलेखों, शोध-पत्रों, प्रकाशित पुस्तकों, सेमिनारों तथा शैक्षिक उन्नयन के क्षेत्र में किए गए कार्यो आदि की समीक्षा तथा साक्षात्कार के उपरांत उन्हें प्रोफेसर पद के योग्य पाया। विश्वविद्यालय तथा निदेशालय द्वारा उन्हें प्रोफेसर पद प्रदान किए जाने की संस्तुति के बाद महाविद्यालय प्रबंध समिति की ओर से प्राचार्य डा. आरके आजाद द्वारा डा. कमलेश गौतम को प्रोफेसर पद पर नियुक्ति का पत्र प्रदान किया गया। उनकी इस सफलता पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। प्रबंध समिति के सचिव डा. अवनीश कुमार मिश्रा, उपप्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा. अनुराग अग्रवाल, डा. आदित्य कुमार सिंह, डा. आलोक सिंह, डा. प्रभात शुक्ला, डा. देवेंद्र सिंह आदि ने शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर डा. कमलेश गौतम ने संपूर्ण महाविद्यालय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मिष्ठान वितरण किया।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक की ट्रेन से काटकर दर्दनाक मौत हो गई । जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर शव को सील कर पोस्ट मार्टम को भिजवा दिया है। शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे अप लाइन पर रेलवे स्टेशन से पश्चिम खंबा संख्या 1256 के समीप किसी तेज रफ्तार ट्रेन से काटकर अज्ञात युवक की मौत हो गई। इंस्पेक्टर जीआरपी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 28-30 वर्ष है। उसके कपड़ों से कोई कागजात नहीं मिला। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# लोकतंत्र को मजबूत रखने को वोट का सुरक्षित रहना अत्यंत जरूरी

**सिंधौली–शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी द्वारा सिंधौली में एसआईआर से संबंधित बीएलओ बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव एवं सिंधौली ब्लॉक प्रभारी रामसूरत यादव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत रखने के लिए प्रत्येक नागरिक का वोट सुरक्षित रहना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए 4 दिसंबर तक सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता फार्म भरवाकर आवश्यक दस्तावेज जमा कर दें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूट न सके। रामसूरत यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी चुनावों में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों को जिताना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संरचना और सही मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है, इसलिए सभी बीएलओ पूरी




तत्परता से अपना दायित्व निभाएं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष ओमकार सिंह ने भी अपने विचार रखे, जबकि संचालन जिला सचिव संतोष कुमार पाल ने किया। कार्यक्रम में मीन कुमार यादव, शिवम यादव, रोहित यादव, रजनीश यादव, फिरोज खान, इमरान खान, युवा जिला अध्यक्ष यादव महासभा मानवेंद्र सिंह यादव, हसीब खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से पार्टी को आगामी चुनावों में बेहतर परिणाम मिलेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**ई– ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल– वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-AMS-Toi-112-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-GRMR-Toi-124-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-KHNM-Toi-125-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-BHDR-Toi-126-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-MBLP-Toi-117-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-PRF-Toi-121-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-UTR-Toi-118-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-HGH-Toi-119-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-JTU-Toi-114-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-AJ-Toi-115-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-SAW-Toi-122-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-MKG-Toi-111-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-HRN-Toi-113-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:30 बजे |

| | |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-PQN-Toi-123-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-LGO-Toi-127-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 13:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-AMG-Toi-116-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 14:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-VYN-Toi-120-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.12.2025 समय 14:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-BTKD-Toi-142-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-BTP-Toi-145-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-MFKA-Toi-139-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-LBA-Toi-141-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-KEPR-Toi-140-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-ZBD-Toi-146-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-KSF-Toi-147-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-MAY-Toi-144-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Pnu-LKO-SOP-Toi-143-25-1 (Pay and Use- Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.12.2025 समय 12:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/189-09-24-Pay & Use-MKG-AK Dt. 27.11.2025 3691/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भयावह जलवायु संकट

ब्राजील के बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट में उल्लेखित आंकड़े भारत से जुड़ी जलवायु संकट की भयावह तस्वीर दिखाते हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया में जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित पहले दस देशों में शामिल हैं। यह डराने वाली रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन दशक में भारत में आई जलवायु संकट से जुड़ी आपदाओं में करीब अस्सी हजार लोगों को मौत का ग्रास बनना पड़ा। इतना ही नहीं करीब 170 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान भी देश को उठाना पड़ा है। ये आंकड़े जलवायु संकट के देश पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की तस्वीर उकेरते हैं। जो बताते हैं कि इस संकट से उबरने के प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है। निश्चित तौर पर इस दिशा में यदि युद्ध स्तरीय प्रयास तेज नहीं किए जाते तो भविष्य में परिणाम और घातक हो सकते हैं। ये प्रयास केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी तेज करने की जरूरत है। जागरूकता अभियानों में भी तेजी लाने की जरूरत है। इस संकट ने फसलों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से हमारी खाद्य श्रृंखला पर भी संकट मंडरा सकता है। हमें 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का पेट भरने के लिये इस दिशा में शोध-अनुसंधान के साथ व्यापक किसान जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने की जरूरत है। दरअसल, जलवायु संकट के चलते देश में जो ज्यादा नुकसान हुआ है, उसके पीछे लगातार आ रहे चक्रवात, कुछ इलाकों में सूखे और बाढ़ की लगातार पैदा होती स्थितियां हैं। जाहिर इसके मूल में तेजी से बढ़ता वातावरण का तापमान ही है। जिसका मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग ही है। निश्चित रूप से भारत में जलवायु संकट की स्थिति लगातार विकट होती जा रही है। निर्विवाद रूप से देश के सामने पैदा मौसमी आपदाओं से हमारे विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। जो जीविका संकट भी पैदा कर रहा है। दरअसल, बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी की गई 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट उन संकटपूर्ण स्थितियों का भी खुलासा करती है जो जलवायु संकट के कारण पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि पिछले वर्ष भारी बारिश व विनाशक रूप में आई बाढ़ से देश में करीब अस्सी लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत सरकार ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष अपनी प्रतिबद्धता बार-बार जतायी है। इस संकट से उबरने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा के विकल्प को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास भी किया है। देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। देश वनों का दायरा को भी बढ़ाने की जरूरत है। विकास देश की प्राथमिकता है, लेकिन यह विकास वनों के विनाश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। साथ ही इस दिशा में जो भी कदम उठाये जाएं उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर कितना हो रहा है, इस बात का लगातार मूल्यांकन भी जरूरी है। साथ ही रीति-नीतियों को प्रभावी तरीकों से अमलीजामा पहनाने की जरूरत होगी। जिसके लिये लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाइयों ग्राम पंचायत से लेकर शहरी निकायों को भी शामिल करने की जरूरत होगी। दरअसल, जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट केवल भारत की ही चुनौती नहीं है। यह एक वैश्विक संकट है। जो इस बात से पता चलता है कि पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने पूरी दुनिया में आठ लाख से अधिक लोगों को असमय काल का ग्रास बनाया है। लेकिन इस संकट की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि इसकी सबसे बड़ी कीमत वे विकासशील व गरीब देश चुका रहे हैं, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में सबसे कम भूमिका रही है। दुर्भाग्य से विकासशील देश जहां इन संकटों की दृष्टि से जहां ज्यादा संवेनशील हैं, वहीं इससे मुकाबले के लिये उनके संसाधन सीमित हैं। उनके प्रतिरोध की क्षमता सीमित है। जिन्हें तत्काल व्यापक वित्तीय सहायता की जरूरत है। ऐसे में विकसित देशों का नैतिक दायित्व बनता है कि उनका सहयोग सिर्फविकासशील देशों को वित्तीय व तकनीकी सहयोग तक सीमित न रहे। साथ ही वे अपने कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाएं।

# 21वीं सदी की दो अदृश्य वैश्विक चुनौतियां



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी



> **नशे के खिलाफ़ लड़ाई, केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, एक सामाजिक युद्ध है इसको समझने की करें तो, नशा किसी एक देश, समाज, धर्म, वर्ग या उम्र की समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक महामारी है। ड्रग्स, शराब, तंबाकू, सिंथेटिक नशीले पदार्थ, प्रिस्क्रिप्शन ड्रग्सका दुरुपयोग, गेमिंग और डिजिटल एडिक्शन ये सभी आधुनिक नशे के विस्तृत रूप हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाँ में हर वर्ष 3 करोड़ से अधिक लोग नशे से सीधे प्रभावित होते हैं और लाखों की मौतें इससे जुड़ी बीमारियों और अपराधों के माध्यम से होती हैं। नशा केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि अपराध, सीमा पार तस्करी, आतंकवाद, मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाएँ, आत्महत्या, स्कूल ड्रॉप -आउट, बेरोजगारी और आर्थिक क्षति जैसे व्यापक संकटों को जन्म देता है। यह मान लेना कि इस समस्या को पुलिस, कानून और दंडात्मक व्यवस्था अकेले समाप्त कर देगी, एक बड़ी भूल है। पुलिस केवल अपराध को रोक सकती है, आदत को नहीं; कानून केवल सजा दे सकता है, मानसिकता को नहीं; और दंड केवल भय पैदा कर सकता है, समाधान नहीं। नशे की जड़ें मानसिक तनाव, सामाजिक दबाव, परिवारिक टूटन, बेरोजगारी, अकेलापन, हिंसा, निराशा, असमानता और गलत संगत में छिपी होती हैं। इसलिए नशा एक मनोवैज्ञानिक सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है, जिसका समाधान केवल दंड नहीं बल्कि पुनर्वास, संवाद, शिक्षा, सामुदायिक सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व में है।**

वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी मानव सभ्यता को तकनीक, विज्ञान, स्वास्थ्य, पर्यावरण और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व ऊँचाइयों तक ले जा रही है, लेकिन इसी प्रगति के समानांतर दुनियाँ दो ऐसी अदृश्य और बढ़ती चुनौतियों से जूझ रही है, जिनका प्रभाव कहीं अधिक व्यापक, गहरा और दीर्घकालिक स्तरपर भविष्य के निर्माता युवाओं पर पड़ रहा है है, वो है बौद्धिक प्रदूषण और नशा जिसके खिलाफ़ समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बन गई है। पर्यावरणीय प्रदूषण के समाधान की दिशा में वैश्विक तंत्र, कानून, विज्ञान और तकनीक सतत सुधार के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हवा, पानी, प्लास्टिक, कचरा, औद्योगिक उत्सर्जन और कार्बन फुटप्रिंट को नियंत्रित करने के लिए नीतियाँ, शोध, संस्थान और संसाधन मौजूद हैं, लेकिन बौद्धिक प्रदूषण और नशे के विरुद्ध सामाजिक उत्तरदायित्व उतनी तेजी और सटीकता से नहीं बन पा रहा है। मैं यह मानता हूं कि जब प्रश्न मानव चेतना, विचार, मूल्य और मानसिकता के प्रदूषण का हो,तो समाधान पारंपरिक नहीं रह जाता, बल्कि वह नैतिक, बौद्धिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक हस्तक्षेपों पर आधारित हो जाता है। यही कारण है कि बौद्धिक प्रदूषण किसी भी सभ्यता को भीतर से कमजोर करने वाला सबसे खतरनाक अदृश्य स्मॉग बन चुका है, जिसकी तुलना किसी भी भौतिक प्रदूषण से नहीं की जा सकती।इसी प्रकार नशा आज केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, जनसंख्या, परिवार, शिक्षा, अपराध, मानव संसाधन और राष्ट्रीय विकास से जुड़े बहुआयामी संकट का रूप ले चुका है।

यह सोचना कि नशाखोरी रोकना केवल पुलिस, कानून या दंड व्यवस्था की जिम्मेदारी है, एक गलत और सीमित दृष्टिकोण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार नशे के बढ़ते मामलों में 70 प्रतिशत जड़ें सामाजिक व्यवहार, वातावरण,परिवार, सांस्कृतिक प्रभाव और मानसिक तनाव से जुड़ी होती हैं, जबकि कानून केवल अंतिम चरण में हस्तक्षेप करता है। इसलिए नशे के खिलाफ लड़ाई वास्तव में समाज,परिवार शिक्षा तंत्र, स्वास्थ्य संस्थान, मीडिया, धार्मिक-सांस्कृतिक समुदायों और शासन प्रणाली इन सभी का संयुक्त युद्ध है।

साथियों बात अगर हम बौद्धिक प्रदूषण एक अदृश्य खतरा और वैश्विक संकट है इसको समझने की करें तो बौद्धिक प्रदूषण को सरल शब्दों में परिभाषित किया जाए तो यह वह स्थिति है जब मनुष्य की सोच, समझ, विवेक, निर्णय-क्षमता और नैतिक चेतना गलत,भ्रमित, पक्षपातपूर्ण उग्र, हिंसक, असत्य या दुष्प्रभावित विचारों से प्रभावित हो जाती है। यह प्रदूषण किसी फैक्ट्री के धुएँ या वाहन के धुएँ की तरह दिखाई नहीं देता, लेकिन इसका नुकसान किसी भी वायु प्रदूषण से बड़ा हो सकता है, क्योंकि यह व्यक्ति को विचारों, धारणाओं और सूचनाओं के भ्रमजाल में फँसा कर उसकी तार्किक क्षमता और सामाजिक चेतना को नष्ट कर देता है। फेक न्यूज, नफरत आधारित प्रचार, कट्टर राष्ट्रवाद, उग्रवाद, नस्लीय विभाजन, षड्यंत्र,धार्मिक उन्माद, डिजिटल हेरफेर, गलत सूचना, दुष्प्रचार, हेट स्पीच और सोशल मीडिया एल्गोरिद्म के माध्यम से फैलने वाला भ्रम,आज दुनियाँ भर के देशों में बौद्धिक प्रदूषण के मुख्य स्रोत बन चुके हैं।तकनीक और ज्ञान की उपलब्धता जितनी तेज़ी से बढ़ी है, उतनी ही तेजी से मानव मन की ग्रहणशीलता पर अनियंत्रित सूचनाओं का बोझ बढ़ा है। इंटरनेट ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया, लेकिन उसी ने अज्ञान को भी संस्थागत रूप दे दिया। अब सत्य और असत्य में फर्क करना एक आम नागरिक के लिए पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। यह बौद्धिक धुंध न केवल व्यक्ति के विवेक को प्रभावित करती है, बल्कि लोकतंत्र, सामाजिक सद्भाव, शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और मानवीय मूल्यों को भी कमजोर करती है। इतिहास गवाह है कि सभ्यताएँ बाहरी हमलों से कम, आंतरिक भ्रम, विभाजन, गलत विचारधारा और मानसिकप्रदूषण से अधिक टूटती हैं। इसी कारण बौद्धिक प्रदूषण मानवता के लिए एक साइलेंट ग्लोबल पैंडेमिक बनकर उभरा है।

साथियों बात अगर हम क्या बौद्धिक प्रदूषण का समाधान संभव है? इसको समझने की करें तो, भौतिक प्रदूषण के समाधान स्पष्ट हैं, फिल्टर, रिसाइक्लिंग प्रतिबंध, तकनीक, कानून और स्वच्छ ऊर्जा। लेकिन बौद्धिक प्रदूषण का समाधान विज्ञान नहीं, बल्कि चेतना, शिक्षा, नैतिकता, संवाद, मीडिया जिम्मेदारी और सामाजिक संरचना के सुधार में निहित है। यह प्रदूषण तब पनपता है जब समाज तर्क की जगह अंधानुकरण को अपनाता है,जब शिक्षा ज्ञान की जगह अंकों पर आधारित हो जाती है, जब मीडिया सूचना की जगह सनसनी को बेचने लगता है, और जब तकनीक सत्य की जगह भ्रम को अधिक प्रोत्साहित करती है। इसलिए समाधान बहुस्तरीय होना चाहिए, समालोचनात्मक सोच पर आधारित शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तथ्य-आधारित संवाद, मीडिया पारदर्शिता, सामाजिक संवाद, युवा नेतृत्व और बहु सांस्कृतिक सम्मान की संस्कृति। बौद्धिक प्रदूषण को किसी एक संस्था, कानून या सरकार द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह एक मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक चुनौती है। यह समाधान तभी संभव है जब वैश्विक समाज सत्य को मूल्य के रूप में स्वीकार करे, संवाद को संघर्ष से ऊपर रखे और शिक्षा को नौकरी नहीं बल्कि चेतना-निर्माण का माध्यम समझे। हर परिवार,हर स्कूल,हर विश्वविद्यालय और हर राष्ट्र को यह स्वीकार करना होगा कि विचारों की शुद्धता सभ्यता के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। यदि मन प्रदूषित है तो प्रगति विनाश बन जाती है, और यदि विचार निर्मल हैं तो मानवता हर संकट का समाधान ढूँढ सकती है।

साथियों बात अगर हम नशे के खिलाफ़ लड़ाई, केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, एक सामाजिक युद्ध है इसको समझने की करें तो, नशा किसी एक देश, समाज, धर्म, वर्ग या उम्र की समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक महामारी है। ड्रग्स, शराब, तंबाकू, सिंथेटिक नशीले पदार्थ, प्रिस्क्रिप्शन ड्रग्सका दुरुपयोग, गेमिंग और डिजिटल एडिक्शन ये सभी आधुनिक नशे के विस्तृत रूप हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाँ में हर वर्ष 3 करोड़ से अधिक लोग नशे से सीधे प्रभावित होते हैं और लाखों की मौतें इससे जुड़ी बीमारियों और अपराधों के माध्यम से होती हैं। नशा केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि अपराध, सीमा पार तस्करी, आतंकवाद, मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाएँ, आत्महत्या, स्कूल ड्रॉप -आउट, बेरोजगारी और आर्थिक क्षति जैसे व्यापक संकटों को जन्म देता है। यह मान लेना कि इस समस्या को पुलिस, कानून और दंडात्मक व्यवस्था अकेले समाप्त कर देगी, एक बड़ी भूल है। पुलिस केवल अपराध को रोक सकती है, आदत को नहीं; कानून केवल सजा दे सकता है, मानसिकता को नहीं; और दंड केवल भय पैदा कर सकता है, समाधान नहीं। नशे की जड़ें मानसिक तनाव, सामाजिक दबाव, परिवारिक टूटन, बेरोजगारी, अकेलापन, हिंसा, निराशा, असमानता और गलत संगत में छिपी होती हैं। इसलिए नशा एक मनोवैज्ञानिक सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है, जिसका समाधान केवल दंड नहीं बल्कि पुनर्वास, संवाद, शिक्षा, सामुदायिक सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व में है। परिवारों को प्रारंभिक पहचान सीखनी होगी, स्कूलों को निवारक शिक्षा देनी होगी, मीडिया को नैतिक जिम्मेदारी निभानी होगी, स्वास्थ्य संस्थानों को उपचार और परामर्श को केंद्र में रखना होगा, और समाज को नशाखोर को अपराधी नहीं बल्कि रोगी के रूप में समझकर उसके पुनर्निर्माण का प्रयास करना होगा। यह संघर्ष तभी जीता जा सकता है जब समाज नशे को शर्म नहीं, समस्या माने; अपराध नहीं, बीमारी समझे; और दंड नहीं, उपचार को प्राथमिकता दे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बौद्धिक प्रदूषण और नशा दोनों अदृश्य संकट हैं, लेकिन इनके प्रभाव दृश्यमान,गहरे और विनाशकारी हैं। पहला मानव की सोच को विकृत करता है, दूसरा शरीर और जीवन को नष्ट करता है। एक सभ्यता को भीतर से गिराता है, दूसरा समाज की ऊर्जा और युवा शक्ति को खोखला करता है। और सबसे महत्वपूर्ण,इन दोनों से लड़ाई केवल कानून या सरकार नहीं जीत सकती। यह मानवता का संघर्ष है, समाज का दायित्व है, शिक्षा का मिशन है और प्रत्येक नागरिक की जागरूक भूमिका का विषय है। यदि विचार शुद्ध हों और समाज जिम्मेदार हो, तो मानवता इन दोनों संकटों पर विजय पा सकती है। लेकिन यदि हम मौन रहे, उदासीन रहे या जिम्मेदारी टालते रहे,तो प्रगति के बावजूद सभ्यता का भविष्य सुरक्षित नहीं रहेगा।

विचार

# बदलती विश्व-व्यवस्था और जी-20 की चुनौती

डॉ. प्रियंका सौरभ

विश्व-राजनीति वर्तमान समय में गहरे परिवर्तनों से गुजर रही है। महाशक्तियों के बीच अविश्वास, क्षेत्रीय युद्ध, आर्थिक संकट, तकनीकी वर्चस्व की होड़, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे और वैश्विक संस्थाओं में घटती प्रभावशीलता ने विश्व-व्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। ऐसे दौर में जी-20, जो विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने का सबसे महत्त्वपूर्ण मंच है, स्वयं को अभूतपूर्व चुनौतियों के बीच पाता है। समूह की प्रभावशीलता पर बढ़ते संदेह मात्र इसके कार्य-तंत्र से उत्पन्न नहीं हुए, बल्कि यह बदलती विश्व-स्थिति और बहुध्रुवीयता के असंतुलन का प्रत्यक्ष परिणाम है।

जी-20 की सबसे गंभीर चुनौती गहराता हुआ भू-राजनीतिक विभाजन है। यूक्रेन क्षेत्र में चल रहा युद्ध, पश्चिम एशिया की अस्थिरता, प्रशांत क्षेत्र में टकराव, बड़े देशों के बीच तकनीकी एवं आर्थिक प्रतिस्पर्धा तथा बढ़ते प्रतिबंधों ने समूह की सहमति-निर्माण क्षमता को कमजोर बनाया है। कई बार ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो जाती हैं कि साझा घोषणा-पत्र निकालना भी कठिन हो जाता है। उदाहरणस्वरूप, जोहान्सबर्ग बैठक में केवल अत्यंत सामान्य रूप से 'स्थायी एवं न्यायपूर्ण शांति' की अपील की गई, क्योंकि सदस्य देशों के दृष्टिकोण आपस में टकराते रहे। यह स्थिति दिखाती है कि वैश्विक मुद्दों पर सामूहिक स्वर तैयार करना कितना कठिन हो चुका है।

महाशक्तियों के व्यक्तिगत हित कई बार समूह के साझा हितों पर भारी पड़ जाते हैं। इससे उबंटू -अर्थात् मैं हूँ क्योंकि हम हैं -जैसी साझा जिम्मेदारी की मूल भावना क्षीण होती जा रही है। कुछ प्रमुख देशों द्वारा सम्मेलन से दूरी बनाना या महत्वपूर्ण विमर्शों में भागीदारी में अनिच्छा दिखाना, समूह की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। इससे जी-20 उस भूमिका को नहीं निभा पाता जिसके लिए यह बनाया गया था- यानी वैश्विक समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक एवं समन्वित प्रयास।

इसके साथ ही आर्थिक असमानता जी-20 के सामने एक और महत्वपूर्ण चुनौती है। विकसित और विकासशील देशों के बीच आय, तकनीक, स्वास्थ्य-सुविधाएँ, कौशल, ऊर्जा स्त्रोतों और जलवायु वित्त में बढ़ती खाई ने समूह के भीतर संतुलन को प्रभावित किया है। वैश्विक ऋण संकट, विंकासशील देशों पर बढ़ता आर्थिक दबाव, मंदी का खतरा और असमान व्यापार-संरचना मिलकर ऐसे परिदृश्य का निर्माण करते हैं जिसमें साझा नीति बनाना कठिन हो जाता है। ऐसे समय में समूह को जिस सशक्त नेतृत्व और सहयोग की आवश्यकता है, वह कई बार अनुपस्थित दिखाई देता है।

इन जटिल परिस्थितियों के बीच भारत ने जी-20 में अत्यंत सकारात्मक, समावेशी और संतुलनकारी भूमिका निभाई है। भारत ने न केवल वैश्विक दक्षिण की चिंता और अपेक्षाओं को केंद्र में रखा बल्कि ऐसे ठोस कदम भी उठाए जिनका दीर्घकालिक प्रभाव दिखाई देता है। भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाना रही। यह निर्णय न केवल ऐतिहासिक था बल्कि उन विकासशील देशों की पुरानी मांग को भी पूरा करता था जिन्हें वैश्विक निर्णय-प्रक्रिया में बराबरी का स्थान नहीं मिलता रहा। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत वैश्विक व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत ने विकासशील देशों की वास्तविक आवश्यकताओं पर




आधारित कई व्यावहारिक एवं मापनीय पहलों को आगे बढ़ाया। डिजिटल सार्वजनिक संरचना का मॉडल, स्वास्थ्य-सुरक्षा व्यवस्था, कौशल विकास, ग्रामीण एवं कृषि नवाचार, मत्स्य प्रबंधन, पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण, आपदा प्रबंधन में सहयोग और उपग्रह आँकड़ों का साझा उपयोग- ये सभी पहलें विकासशील देशों की आवश्यकताओं से सीधे जुड़ी हैं। विशेषकर अफ्रीका कौशल वृद्धि योजना जैसी पहलें लाखों युवाओं के लिए अवसरों का मार्ग खोलती हैं।

भारत ने वैश्विक सुरक्षा से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया, विशेषकर आतंकवाद और नशीली दवाओं के गठजोड़ को। यह विषय लंबे समय से वैश्विक विमर्श में अपेक्षित महत्व नहीं पाता रहा था। भारत ने इसके विरुद्ध कठोर और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही न्यायपूर्ण ऊर्जा परिवर्तन, जलवायु वित्त, सतत विकास, तकनीक की समान उपलब्धता और खाद्य-सुरक्षा जैसे विषयों पर भी भारत ने विकासशील देशों की सामूहिक आवाज़ को मजबूत किया।

हालाँकि भारत की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही है, फिर भी इसकी कुछ सीमाएँ स्पष्ट रूप से सामने आती हैं। महाशक्तियों के बीच चल रहे तीव्र संघर्षों के बीच भारत सभी पक्षों को एकजुट नहीं कर सका। प्रमुख देशों की अनुपस्थिति को भारत रोक नहीं पाया, न ही यह सुनिश्चित कर सका कि सभी देश साझा घोषणा-पत्र में कठोर रुख अपनाएँ। आतंकवाद पर अपेक्षित कठोर निंदा का शामिल न हो पाना भारत के लिए निराशाजनक था। इसी प्रकार भारत की कई विकास सम्बन्धी पहलें सभी देशों की समान रुचि और समर्थन प्राप्त नहीं कर पाईं, क्योंकि प्रत्येक देश की प्राथमिकताएँ भिन्न होती हैं।

वैश्विक दक्षिण के भीतर भी कई बार मतभेद देखने को मिलते हैं, जिससे समग्र एजेंडा कमजोर पड़ता है। भारत की कूटनीति संतुलनकारी अवश्य है, परन्तु महाशक्तियों के कठोर और प्रतिस्पर्धी रुख के बीच इसकी प्रभाव सीमा सीमित हो जाती है। फिर भी यह निर्विवाद है कि आज वैश्विक दक्षिण का ऐसा कोई और देश नहीं है जो भारत जैसी व्यापक, संतुलित, विश्वासयोग्य और दूरदर्शी भूमिका निभा सके। भारत ने जी-20 के मंच को नई ऊर्जा दी है, वैश्विक दक्षिण के हितों को उचित सम्मान दिलाया है और वैश्विक शासन में समावेशिता की नई परिभाषा प्रस्तुत की है।

अंततः, जी-20 की भविष्य की सफलता उसके सदस्यों की सामूहिकता की भावना, परस्पर विश्वास, और साझा उत्तरदायित्व को पुनर्जीवित करने पर निर्भर करेगी। यदि समूह उबंटू- यानी साझा मानवता और साझा दायित्व- के सिद्धांत को पुनः अपनाता है, तो यह वैश्विक चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपट सकता है। भारत ने इस दिशा में मजबूत नींव रखी है और आने वाले समय में उसकी भूमिका और अधिक निर्णायक रूप से उभर सकती है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य

## माँ



**सोनल सिंह**
कोलिहापुरी, दुर्ग (छ.ग.)

माँ तेरे आगे निशब्द में
कैसे करूं तेरा बखान
तुझे कहूं, बहता पावन, गंगाजल
या फिर वेद, कुरान

तुम ही गुरु,
मेरे पहले ज्ञान की
तुझसे ही तो माँ
मेरी यह पहचान,

तुम ही तो हो जननी
इस प्रकृति, ब्रह्माण्ड की
तेरे समक्ष नतमस्तक
ब्रह्मा, विष्णु, महेश
व संपूर्ण यह जहान

मां रूप तेरे अनगिनत
तुम ही परिभाषा प्रेम, त्याग की
तुम से ही
उपजित शब्द यह बलिदान,

मां तेरे आगे निशब्द में कैसे करूं मैं,
नादान तेरा बखान
मां तुम महान,
तुम महान, तुम महान।।



## राशिफल

**मेषः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**वृषभः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** परम्पराओं व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईर्ष्या भाव ठीक नहीं। लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने में असमर्थ होंगे।

**कर्कः** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धों का बिस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्याः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु हर परीस्थिती पर विजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुलाः-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केद्रित होगा। बिगड़े हुए सम्बन्धो में सुधार होगा।

**वृश्चिकः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

**धनुः-** परिजनों व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**मकरः-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**कुंभः-** मन को खराब विचारों से दूर रखते हुए अच्छे कार्य में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप में नई प्रतिभाओं का संचार करेंगी।

**मीनः-** अपनी वाणी पर नियंत्रण रखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा।

# मासूम चेहरों के पीछे छिपे क्रूर आतंकी मंसूबे

डॉ. अंशुल उपाध्याय

आतंकवाद जाति और मज़हब के नाम पर गहरा धब्बा है। जो लोग इस कृत्य में शामिल होते हैं उनकी जीवन प्रत्याशा अपने आप कम हो जाती है। एक ओर जहां आतंकी नेटवर्क चलाने के लिए बालकों के दिमाग में ज़हर और नफ़रत भरकर उनको कम उम्र में ही इसमें धकेल दिया जाता है। दूसरी ओर युवाओं को रूपये और उनके परिवार के भरण-पोषण का झूठा वादा कर आतंकी बनने के लिए घसीट लिया जाता है।

बदलते परिवेश में मनोवैज्ञानिक तरीके से युवक और युवतियों का धीरे-धीरे ब्रेनवाश कर 15 से 16 वर्ष की आयु तक उन्हें ट्रेंड और क्रूर आतंकी बना दिया जाता है। फिर ये मासूम ऐसा व्यक्ति बन जाता है जिसका खुद का दिमाग चलना बंद हो जाता है और जो भी उन्हें आदेश या टारगेट दिए जाते हैं वे आंख मूंद कर उसे पूरा करने निकल जाते हैं। फिर चाहे उन्हें सुसाइड बंबर बनकर अपने ही शरीर के चीथड़े क्यों ना उड़ाने पड़े। आतंकवादियों को जरा भी इस बात का अफसोस नहीं होता कि उन्होंने कितने मासूमों को मारा है।

इतनी क्रूरता आखिर किसलिए? सरकार को दिखाने के लिए या जनता को डराने के लिए? या फिर अपने शैतानी मंसूबों को पूरा करने के लिए? निःसंदेह ये घटनाएं एक क्रूर मनुष्य के दिमाग़ से जन्म लेती है और विचलित, ब्रेन लॉक मनुष्य के द्वारा अंजाम तक पहुंचाई जाती हैं। जिनका मकसद समाज में आतंक फैलाना होता है।

आतंकवादी ऐसे लक्ष्य विहीन लोग होते है जो कश्मीर की आड़ में कश्मीर को ही खोखला कर रहे हैं। कश्मीर में रहने वाला शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा जिसने आतंक के इस डरावने चेहरे का सामान न किया हो। पाकिस्तान मैं बैठे कुछ लोग अगर कश्मीर की आजादी की बात कर रहे है तो इसमें कोई दो मत नहीं कि जितना वह आतंक और नरसंहार फैला रहे हैं, उसके बाद उनसे शांति और करुणा की बात फिजूल ही है।

ये न केवल अपने खूनी मंसूबों को ही अंजाम दे रहे हैं। बल्कि हथियारों का निर्माण और उनकी तस्करी करने वालों को सीधा फ़ायदा पहुंचा रहे हैं। हथियारों की तस्करी करने वाले ये लोग अमीर देशों में बैठे हुए हैं। आतंकवादी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है मिडिल क्लास और निम्न तबके के लोगों का। जबकि इन आतंकियों के जो हुक्मरान होते हैं वह खुद अपने बच्चों और परिवार को लग्जरी लाइफ देते हैं और आमजन को बलि चढ़ाने के लिए आतंकवाद की आग में झोंक देते हैं।

वर्तमान घटनाक्रम की बात करें तो दिल्ली के लाल किला के पास हुए जोरदार कार धमाके में डॉ. उमर नबी ने करीब 30-40 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया था। पुलिस इस बात की आशंका जता रही है कि इस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल हुआ है। सूत्रों के मुताबिक आतंकी ने



विस्फोट को और खतरनाक बनाने के लिए अमोनियम नाइट्रेट के अलावा दूसरे पदार्थों का भी इस्तेमाल भी किया होगा, जिसकी जांच अभी चल रही है। इन्हीं केमिकल पदार्थों के द्वारा धमाका काफी जोरदार हुआ था और इसकी गूंज काफी दूर तक सुनाई दी थी।

मार्च 2020 में गिरफ्तार अलीपुर महिला सुधार गृह में बंद परवीन जो मौलाना मसूद अज़हर की बहन और लश्कर- ए-तैयबा की हैंडलर भी है, उससे पूछताछ में पता चला है कि वह खुद जैश की महिला शाखा की प्रमुख सईदा अज़हर के निर्देशों पर काम करती थी। परवीन कथित तौर पर आतंकवादियों के लिए ऑनलाइन भर्ती का काम संभालती थी और उसकी गतिविधियों पर नज़र रखती थी।

आतंकी आज सिर्फ पहाड़ों में छिपे बंदूकधारी नहीं रह गए हैं बल्कि यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले डॉक्टर, इंजीनियर और टेक-सेवी नौजवानों को भी आतंकी बनाया जा रहा है। भारत के भीतर व्हाइट कॉलर टेरर का ऐसा नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मेडिकल पेशे की आड़ में देश को अस्थिर करने की साजिश रच रहा था।

फ़िदायीन आतंकी डॉ. उमर नबी जिसके इस विस्फोट में टुकड़े टुकड़े हो गए थे, उसके शव के कई टुकड़े मोर्चरी में रखे हुए हैं। डीएनए से उसके शव की पहचान भी हो गई है। फिर भी उमर का शव लेने के लिए अभी किसी ने दावा नहीं किया है। ये वही डॉ. उमर है जो विस्फोटक से लदी कार लेकर दिल्ली के वीआईपी इलाकों में घूमता रहा और बाद में इसने इस भयानक विस्फोट को अंजाम दिया। उमर की उम्र 43 वर्ष थी और वह अल फलाह यूनिवर्सिटी फरीदाबाद से जुड़ा हुआ था। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां उसके परिवार से लगातार पूछताछ कर रही हैं। पर विचार करने वाली बात यही है कि ऐसे नौजवान जो आतंकियों के हाथों का खिलौना बनते हैं, अपने पीछे पूरे परिवार को जीवन भर के लिए बदनामी और सामाजिक बहिष्कार का हिस्सा बना जाते हैं।

***(लेखिका, यूजीसी सीनियर रिसर्च फैलो रह चुकी हैं।)***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### साइबर हेल्प डेस्क बना खोए हुए मोबाइल की बरामदगी का भरोसेमंद माध्यम

**अजनर/महोबा।** जनपद की साइबर हेल्प डेस्क थाना अजनर की सक्रिय पुलिस टीम द्वारा एक और सराहनीय कार्य किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौड़ के पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज थाना अजनर साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा शिकायतकर्ता राहुल पटेल पुत्र महेन्द्र प्रताप पटेल निवासी ग्राम रामपुरा थाना अजनर का रियलमी मोबाइल फोन जो कुछ समय पूर्व खो हो गया था,सरकारी पोर्टल ceir.gov.in के माध्यम से सफलतापूर्वक बरामद किया गया। बरामद मोबाइल को शिकायतकर्ता के सुपुर्द किया गया। पीड़ित द्वारा पुलिस की तत्परता एवं सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

### एसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी, परेड का निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा निर्देश



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा मुख्यालय स्थित परेड ग्राउंड पुलिस लाइन में आयोजित शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का सूक्ष्म एवं प्रभावी निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल की शारीरिक फिटनेस, मानसिक सजगता, अनुशासन, समन्वय एवं ड्रिल कौशल की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने उपस्थित आरटीसी आरक्षियों एवं पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण को बेहतर शारीरिक क्षमता एवं सहनशक्ति विकसित करने हेतु सामूहिक दौड़ कराई। उन्होंने परेड में शामिल समस्त पुलिस कर्मियों को अनुशासन, एकरूपता, समयबद्धता एवं पेशेवर दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रशिक्षण में उच्च मानक अपनाने, टीम वर्क को प्राथमिकता देने तथा रोजाना ड्रिल अभ्यास को नियमित रूप से जारी रखने पर भी बल दिया। इस दौरान नवागत क्षेत्राधिकारी गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सिंह,पीआरओ राहुल मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### यातायात माह नवंबर के तहत जागरूकता कैंप का आयोजन



**महोबा।** यातायात माह नवम्बर के तहत आज पुलिस अधीक्षक ने मुख्यालय के आल्हा चौक पर 100 वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट वितरित कर कहा के लोग सड़क सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं और बाइक चलाते समय हेलमेट लगाना एक छोटा सा कदम है लेकिन यह आपकी जान बचा सकता है उन्होंने सभी बाइक चालकों से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने और सुरक्षित यात्रा करें । मुख्यालय के सबसे व्यस्तम इलाके आल्हा चौक में आज यातायात माह के तहत जागरूकता का कैम्प लगाकर बिना हेलमेट के बाइक चला रहे लोगो को पुलिस द्वारा 100 निशुल्क हेलमेट वितरित किये गए इस दौरान एसपी प्रबल प्रताप सिंह,अपर एसपी वन्दना सिंह की मौजूदगी में बाइक चालको को हेलमेट लगाए गए । पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह न कहा कि आज सड़क सुरक्षा को लेकर निशुल्क हेलमेट वितरित किये गए हैं यह लोग शहर में रैली निकालेंगे। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें और हेलमेट लगाकर बाइक चलाये इसमें लापरवाही न बरतें ।

### पर्यवेक्षकों ने की एक दिन का वेतन काटने के आदेश को निरस्त करने की मांग

**हमीरपुर।** एसआईआर कार्य को लेकर गुरुवार को एसडीएम की बैठक में 17 पर्यवेक्षक गैरहाजिर होने पर एसडीएम ने सभी का एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट डीएम को भेजी थी। जिसको लेकर सभी पर्यवेक्षकों ने शुक्रवार को माफी मांगते हुए एक दिन का वेतन काटने के आदेश को निरस्त करने की मांग को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौपा है। शुक्रवार को पर्यवेक्षकों ने दिए ज्ञापन में बताया कि सभी पर्यवेक्षक उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों व आदेशों का पालन करते हुए निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में बीएलओ के साथ साथ उनके फार्मो का वितरण और संकलन का कार्य करा रहें है। बताया कि एसडीएम ने बुधवार की देर रात लगभग सवा ग्यारह बजे व्हाट्सप्प ग्रुप के माध्यम से गुरुवार की सुबह 07 बजे बैठक में उपस्थित होने का मैसेज दिया था।कुछ सुपरवाइजर रात में मैसेज ना देख पाने के कारण बैठक में अनुपस्थित हो गए जिस पर एसडीएम ने 17 पर्यवेक्षकों का एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट डीएम को भेजी थी। उन्होंने भविष्य में ऐसी गलती ना करने की माफी मांग एक दिन का वेतन काटने के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। इस दौरान ब्रजेश सचान, विजय करण सिंह, रवि पाल सिंह, जीतेन्द्र कुमार, देवेश कुमार, अवधेश कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, जीतेन्द्र बाजपेई, राजेश कुमार शिवहरे, अजय नारायण मिश्र आदि पर्यवेक्षक मौजूद रहें।

### रोजगार मेले में 53 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि पूर्व निर्धारित सूचना एवं विज्ञप्ति के अनुसार शुक्रवार को कौशल निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लोदीपुर निवादा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कानपुर, बुटार मैन पावर सॉल्यूशन प्रा.लि. गौतमबुद्ध नगर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर एवं केजीबीएस इंडिया प्रा.लि.गुड़गांव द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित मेले में कुल 78 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 53 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार उपरान्त चयन किया गया। जिसमें प्रतिभागी प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कानपुर ने 09, बुटार मैन पावर सॉल्यूशन प्रा.लि.गौतमबुद्ध नगर ने 17, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर ने 06 एवं केजीबीएस इंडिया प्रा.लि. गुड़गांव ने 21 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

### महिला से पर्स छीनने वाले दोनों चोर गिरफ्तार

**कुरारा, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के डामर गांव के पास बीते एक माह पूर्व ई रिक्शा में बैठी महिला का पर्स छीनकर भागने वालों दोनों चोरों को माल सहित पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थानाक्षेत्र के डामर गांव निवासी शकुंतला पत्नी अमर सिंह ने बीते 31 अक्टूबर को थाने में तहरीर देकर बताया था कि ई रिक्शा में बैठकर कस्बे आ रही थी। तभी गांव के आगे बाइक में सवार दो अज्ञात लोग मेरा पर्स छीनकर भाग निकले। वही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को कुतुबपुर गांव की नहर की पुलिया के पास से दोनों चोरों को गिरफ्तार किया। जिन्होंने अपना नाम दीपांशु पुत्र मिथुन निवासी इंगोहटा व कल्लू पुत्र ऋतिक निवासी बागी जालौन बताया। इनके पास से एक जोड़ी चांदी की तोड़िया, दो जोड़ी बिछिया, 12000 नगदी व एक बाइक बरामद हुई। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### ज्योतिबा फुले व विश्वनाथ वैशम्पायन के योगदान को याद कर वर्णिता ने दी पुष्पांजलि

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि ज्योतिबा फुले वास्तव में बहुत बड़े समाज सुधारक एवं सत्य शोधक समाज के निर्माणक थे। इसके माध्यम से उन्होंने दलितों के हितों की रक्षा की। इनकी पत्नी सावित्री बाई फुले देश की पहली महिला शिक्षक थी। फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को खानवाडी पुणे में सगुना बाई एवं गोविन्द राव के घर हुआ था। ज्योतिबा फुले एवं इनकी पत्नी सावित्री बाई का समाज और देश के प्रति बड़ा योगदान रहा। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। कालांतर में फुले का 28 नवम्बर 1890 को पुणे में निधन हो गया था। इसी तरह विश्वनाथ वैशम्पायन भी बुन्देलखण्ड के गौरव थे। इनका कर्वी बांदा में 28 नवम्बर 1910 को गंगाधर राव के जन्म हुआ था। इनकी प्रारंभिक शिक्षा बांदा में हुई। इनके पिता चिकित्सा विभाग में थे। जो स्थानान्तरित होकर झांसी चले गए थे। आगे की शिक्षा इनकी झांसी में हुई। ये चन्द्रशेखर आजाद के विश्वसनीय साथी थे। ये उस समय की कई क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल रहे। इन्होंने आजाद पर प्रामाणिक पुस्तक भी लिखी। इनके दो पुत्रियां थीं। इनकी पत्नी ललिता वैशम्पायन थी। इनका 20 अक्टूबर 1967 को निधन हो गया था। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, दयाराम सोनकर, रिचा, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### रूट डायवर्जन के चलते सुबह तक हाईवे में लगा रहा जाम

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** रूट डायवर्जेंट के चलते हाईवे में गुरुवार की शाम से लगा जाम सुबह 10 :00 बजे तक जारी रहने से सुबह स्कूली वाहन, एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसो के साथ फैक्ट्रीकर्मी हलाकान रहे। जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। गुरुवार की शाम रुट डायवर्जन के चलते हाइवे में लगा जाम सुबह तक जारी रहा। सुबह जाम में स्कूली बसों के साथ रोडवेज बसें, एम्बुलेंस आदि भी फंस गई। फैक्ट्री कर्मी कस्बे से फैक्ट्री तक पैदल जाने को मजबूर हुए। पुलिस ने सुबह कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाकर यातायात सामान्य कराया तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिल सकी।

# जिलाधिकारी ने बीएलओ को किया सम्मानित

**लक्ष्य प्राप्त कर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ऐसे बीएलओ जिनके द्वारा गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन 100% कर लिया गया है। ऐसे 12 बीएलओ को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि अभी तक जनपद में 50% से ज्यादा फार्मो का डिजिटाइजेशन बीएलओ द्वारा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 04 नवम्बर से 4 दिसंबर तक एसआईआर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा फार्म भरवाये जा रहे हैं, जनपद में 20 बीएलओ ने 100% प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है। बीएलओ के सहयोग के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि 1 दिसंबर तक सभी लोग अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा कर दें, तथा अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ की वेबसाईट ceouttarpradesh.nic.in/rollpdf/rollpdf.asp&, voters.eci.gov.in व वोटर हेल्पलाईन ऐप के माध्यम से वोटर लिस्ट मे खोज सकते एवं आप अपना गणना प्रपत्र ऑनलाईन भी भर सकते हैं। यदि मतदाता को किसी भी प्रकार की समस्या गणना प्रपत्र भरने में आती है तो जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर के दूरभाष नं. 05281-254918 व टोल फ्री नं. 1950 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त कन्ट्रोल रूम के नम्बरों पर आम जनमानस द्वारा अपनी शिकायतों का निस्तारण /समस्या का निदान करा सकते हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**कुलपहाड़/महोबा।** बाईक व चार पहिया वाहन में आमने सामने टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे महोबा रिफर कर दिया गया। बताया गया है कि बाइक सवार कोतवाली के ग्राम सुगिरा निवासी रानू पुत्र मूरत सिंह उम्र 28 वर्ष अपनी बाइक में सवार होकर कुलपहाड़ से सुगिरा गाँव जा रहा था, तभी कुलपहाड़ नगर के गैस गोदाम के पास सामने से आ रही एक चार पहिया वाहन से आमने सामने टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। और घायल को राहगीरों की मदद से कुलपहाड़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर हालत नाजुक होने पर महोबा रिफर कर दिया गया।

### पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**खन्ना/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना अर्जुन सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक हर्षित मिश्रा मय हमराह हेड कांस्टेबल शिव प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त इन्द्रपाल अहिरवार पुत्र देवकीनन्दन उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम खन्ना सम्बन्धित केश नंबर 82/83 सीआरपीसी व गिरफ्तारी अधिपत्र केश नं0 601970/2009 धारा 406/420 भादवि. में न्यायालय सीजे(जेडी)/जेएम महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त को कस्बा खन्ना के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# घर के बाहर कार खड़ी करने को लेकर हुए मामूली विवाद में भिड़े दो पक्ष

**जमकर चले लाठी-डंडे और हुई फायरिंग में दोनों पक्षों से एक महिला सहित पांच लोग घायल**

**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस की लचर कार्यप्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और जनपद में लगातार बढ़ रहा अपराध इसकी उदाहरण है। पुलिस से बेखौफ दबँगों ने तीन दिन पूर्व गांव में हुए विवाद के बाद पीड़ित की तहरीर पर मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से दबँगों के हौसले बुलंद हो गए और आज दोनो पक्षो में जमकर लाठी-डंडे सहित गोली चल गई जिससे दोनो पक्षों से एक महिला रामदेवी, बालेन्द्र पुत्र रघुराज सिंह, ज्ञानेंद्र द्विवेदी पुत्र रामविशाल, राम द्विवेदी पुत्र रामविशाल सहित बब्बू सिंह पुत्र रघुराज सिंह घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल ज्ञानेंद्र, बब्बू सिंह राम द्विवेदी की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है जबकि अन्य सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है । प्राप्त विवरण के अनुसार कबरई थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम महेवा में तीन दिन पहले चल रहे कुआँ पूजन कार्यक्रम के दौरान एक पक्ष के दरवाज़े पर कार खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था इस मामले को लेकर पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन आरोप है कि ना ही पुलिस गांव पहुंची और ना ही आरोपियों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई की गई जिससे दबंगो के हौसले बुलंद हो गए और आज दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले इतना ही नहीं विवाद के दौरान गोली भी चलाई गई । मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसकी आपका अपना भरोसे मंद अख़बार समृद्धि न्यूज पुष्टि नहीं करता है। इस घटना में दोनों पक्षों से एक महिला सहित पाँच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कबरई में भर्ती कराया लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत में सुधार ना होने पर उसे झाँसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है जबकि अन्य सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ज्ञानेंन्द्र द्विवेदी और उदयभान का आरोप है कि दो दिन पहले यादव के घर में प्रोग्राम था और गाड़ियां घर के बाहर लगा दी गई थीं उसी को लेकर विवाद हुआ था और घर मे घुसकर दबँगों ने मारा इस मामले में पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन कोई कार्रवाई नही की जिसके चलते आज यह घटना हो गई। यदि समय रहते पुलिस कार्यवाही करती तो शायद आज यह घटना न होती।

**घर में घुसकर की गई मारपीट:** दूसरे पक्ष का आरोप है कि यश और आयुष, पीयूष ने घर मे घुसकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद यह लोग हथियार लेकर आये और गोली चला दी इसके बाद मारपीट होने लगी। विवाद कि वजह सिर्फ इतनी थी हमारे यहां प्रोग्राम था और इनके घर के बाहर गाड़ी खड़ी कर दी थी।

**मारपीट में घायल पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती करा की जा रही विधिक कार्यवाही:** मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह का कहना है कि कबरई थाना क्षेत्र के महेवा गांव में दो पक्षो में मारपीट की सूचना मिली थी । जिस पर पुलिस ने पहुँचकर सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराकर अग्रिम कार्रवाई प्रचलित है।

**पुलिस की लापरवाही की वजह बनी घटना का कारण:** घटना की बजह चाहे जो भी रही हो लेकिन पुलिस की लापरवाही ने एक बार फिर जनपद की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते पुलिस ने गांव पहुँचकर कार्रवाई को सही अंजाम दिया होता तो शायद आज फिर यह घटना न होती ।

# प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल में मौत

**पौथिया, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गांव के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद प्रसूता महिला के पेट व बदन में तेज दर्द होने पर एएनएम ने प्रसूता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मायके पक्ष के लोगों की मांग पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। ललपुरा थानाक्षेत्र के उजनेड़ी गांव निवासी विनय ने बताया कि गुरुवार को पत्नी गायत्री (24) को प्रसव पीड़ा होने पर सुबह करीब 7 बजे पौथिया के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। करीब 4 घंटे बाद गायत्री ने लड़के को जन्म दिया और सही सलामत रही। करीब दो घंटे बाद उसके पेट में व बदन में तेज दर्द होने की बात एएनएम कल्पना सिंह को बताई। जिस पर एएनएम ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गा। सूचना पर पहुंचे महिला के मायके पक्ष के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग। जिस पर शुक्रवार को ललपुरा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। ललपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने बताया भौतिक सूचना के आधार पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

# बुंकियू ने ज्ञापन सौंपकर की समस्याओं के निस्तारण की मांग

**प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा डीएम को सम्बोधित चार सूत्रीय समस्याओं के निस्तारण की मांग का ज्ञापन**

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



बुंदेलखंड किसान यूनियन द्वारा चार सूत्रीय मांगों का जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी न्यायिक कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर को सौंपकर 15 दिन के अंदर आपदा ग्रस्त किसानों को आपदा राशि का वितरण पारदर्शी रूप से वितरित कराने, मंडियों में किसानों के साथ की जा रही घटतौली पर रोक लगाने आदि जैसी मांगे पूरी करने की मांग की अन्यथा यूनियन धरना प्रदर्शन करने की बाध्य हो जाएगा।

बुन्देलखण्ड किसान यूनियन लगातार किसानों की समस्याओं को लेकर मुखर है। प्रदेश संगठन मंत्री बालाजी के नेतृत्व में जिलाधिकारी महोबा को सम्बोधित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी न्यायिक कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर को सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि सिंचाई हेतु ट्यूबवेल कनेक्शन धारकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए, ट्यूबवेल फीडर को कटौती मुक्त कर बार-बार शट-डाउन न किया जाए, साथ ही फसल बीमा कराने वाले किसानों को फसल बीमा की राशि तुरन्त उपलब्ध कराई जाए। महोबा जिले के किसान आपदा ग्रस्त है, शासन द्वारा आपदा राशि का वितरण पारदर्शी तरीके से अविलंब किया जाए। किसान यूनियन ने कृषि मंडियों में एक क्विंटल मूंगफली बेचने पर 5 किलो अतिरिक्त मूंगफली लेने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्यवाही कर उनके लाइसेंस निरस्त करने की मांग की। किसान यूनियन के पदाधिकारीयों ने बताया कि प्रशासन को 15 दिन का समय दिया गया है। यदि सभी मांगे 15 दिवस में पूरी नहीं की गई, तो किसान यूनियन के बैनर तले सभी उपजिलाधिकारी एवं जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अखिलेश रावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामकिशन शर्मा, राधा वर्मा, देवीदीन राजपूत, मल्लू पाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**सौरा क्रिकेट लीग का रोमांचक फाइनल मुकाबला**

# मऊरानीपुर ने सौरा को हरा कर सुपर ओवर में जीता खिताब

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

**डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान में उमड़ा जनसैलाब**



पनवाड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत सौरा में पहली बार आयोजित सौरा क्रिकेट लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच व तनाव की पराकाष्ठ पर पहुंच गया। मऊरानीपुर और सौरा की टीमों के बीच खेला गया यह हाई-वोल्टेज फाइनल डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान में आयोजित हुआ, जहां भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा जे.पी. अनुरागी रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विशिष्ट अतिथियों में प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी, ग्राम प्रधान पनवाड़ी एवं चरखारी विधानसभा प्रत्याशी दिनेश राजपूत, प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष अजय पाल राजपूत (टोला प्रधान), कोनिया प्रधान प्रतिनिधि रोहित राजपूत, संतोष राजपूत देवगनपुरा, चरखारी विधानसभा प्रत्याशी सनद राजपूत, बिजरारी प्रधान प्रतिनिधि शेखर वर्मा, जूजू ट्रेडर्स के चांद खान व जुबैर खान, सत्यप्रकाश अहिरवार, अध्यक्ष जयराम अहिरवार, उपाध्यक्ष छोटे लाल वर्मा और कोषाध्यक्ष जमुना प्रसाद अहिरवार शामिल रहे। आयोजक शांति रामाधीन अहिरवार ने सभी अतिथियों का स्वागत फूल-माला, साल और शील्ड भेंट कर किया तथा उनके आगमन पर आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच का टॉस हरपालपुर नगर पालिका अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कराया, जिसमें मऊरानीपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवरों में मऊरानीपुर ने दमदार खेल दिखाते हुए 190 रन बनाए और सौरा टीम के सामने 191 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए सौरा ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया और मैच को रोमांचक मोड़ देते हुए टाई करा दिया। इसके बाद सुपर ओवर में मऊरानीपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को 21,000 रुपये व शील्ड तथा उपविजेता टीम को 11,000 रुपये और शील्ड प्रदान की गई। निर्णायक मंडल में राजपाल सिंह बुंदेला, महिपाल सिंह परमार और सुरेंद्र कुमार बंसल ने निष्पक्ष भूमिका निभाई। स्कोरर के रूप में आनंद सर व अनिल रैकवार सक्रिय रहे। वहीं कमेंट्री बॉक्स से कमलेश पाल, संजू राजा बुंदेला और आरिफ खान ने दर्शकों को जोश से भर दिया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में ग्राम प्रधान शांति रामाधीन अहिरवार की भूमिका सराहनीय रही। उत्साह, तालियों और खेलभावना से ओतप्रोत यह फाइनल मुकाबला ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे लाने का बेहतरीन मंच साबित हुआ।

### ग्रामीणों ने अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कराने की परमीशन देने की मांग

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ग्रामीणों ने गांव में संविधान निर्माता की मूर्ति स्थापित करने की परमीशन देने की मांग को लेकर शुक्रवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर त्रिपाठी को ज्ञापन सौपा है। हालांकि कि एडीएम ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापना को लेकर लखनऊ के जवाहर भवन से भी परमीशन लेने की सलाह दी है। सरीला विकास खंड के ग्राम भेड़ी डांडा के ग्राम प्रधान धीरज सिंह चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को दिए ज्ञापन में बताया कि उनके गांव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित नहीं है उन्होंने गांव में प्रतिमा स्थापित कराने को लेकर परमीशन देने की मांग की है। इस दौरान अनिरुद्ध सिंह, हल्कू, दर्शन, चतुर्भुज, रघुवीर, सविक राम, भगवानदास, सीता राम, बीरु श्रीवास आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### शार्ट सर्किट से कमरे में लगी आग, एक लाख रुपए की गृहस्थी जली

**राठ, हमीरपुर।** कोतवाली के मल्हौवा गांव में शार्ट सर्किट के चलते कमरे में आग लग गई। आग लगने से एक लाख रुपए की गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। कमरे में सो रहे युवक दरवाजे खोलते समय झुलस गया। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मुआवजा दिलाए जाने की गुहार लगाई है। मल्हौवा गांव निवासी चंद्रभान पुत्र काशी कुशवाहा ने बताया कि गुरुवार की करीब साढ़े दस बजे उसका भाई चंद्रशेखर कमरे में सो रहा था। तभी उसी समय कमरे शार्ट सर्किट से आग लग गई। कमरे में रखा पचास किलो गेहूं, एलसीडी, कूलर, दाल, बेड और पांच हजार रुपए की नकदी जलकर राख हो गई है। बताया कि कमरे में सो रहे भाई दरवाजे खोलते समय झुलस गया। मौके पर लेखपाल ने जांच पड़ताल की।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की बाइक से गिरकर हुई मौत

**मृतका के बड़े बेटे व पत्नी ने देवर पर मां की हत्या की जताई आशंका**

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बेटे संग वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने देर रात बाइक से निकली महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतका के बड़े बेटे व बहू ने देवर पर मां की हत्या करने की आशंका जताई है। वहीं पुलिस के अनुसार वृद्धा की चलती बाइक से गिरने से मौत होने हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। कस्बे के बांकी तलैया वार्ड नंबर एक निवासी बुधिया (60) पत्नी स्व. सिद्धा वर्मा उर्फ सिद्धू अपने 24 वर्षीय अविवाहित बेटे करन के साथ रहती है। दूसरा बेटा रामबाबू शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है, जो अलग मकान में रहता है। करन कस्बे की एक कपड़े की दुकान में काम करने के साथ ही राजमिस्त्री है। रामबाबू की पत्नी चंदा ने बताया कि गुरुवार की देर रात करीब 11 बजे करन मां को अपने दुकान मालिक के घर में चल रहे किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने की बात कहकर ले गया था। थोड़ी देर बाद उसे उसकी ननद का फोन आया और बताया कि करन की मां छत से गिरकर घायल हो गई है। सीएचसी लाते समय तक मां की सांसें चल रही थी। बाद में मौत हो गई। जिस स्थान पर एक्सीडेंट होने की बात कही जा रही है। वहां सड़क पर खून के ऐसे निशान मिले हैं जैसे किसी को यहां खींचा गया हो। घटनास्थल से मृतका की चप्पल, शॉल और करन की साफी भी मिली है। चंदा ने सास के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मृतका के बड़े बेटे रामबाबू की तहरीर पर एक्सीडेंट का मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### बाइक सवार हेड कांस्टेबल को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**हमीरपुर।** राठ हमीरपुर स्टेट हाईवे में सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदुलीतीर गांव के पास चरखारी मेला ड्यूटी करके बाइक से लौट रहे हेड कांस्टेबल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। हेड कांस्टेबल का परिवार मुख्यालय पुलिस लाइन में रहता था। हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। जनपद चित्रकूट के थाना राजापुर के गांव चनहट निवासी नंदकिशोर पांडेय (36) वर्तमान में महोबा जनपद के थाना कबरई में तैनात थे। उनका परिवार मुख्यालय के पुलिस लाइन में रहता है। गुरुवार की देर रात करीब 9.30 बजे नंदकिशोर चरखारी से मेला ड्यूटी खत्म करके बाइक से मुख्यालय आ रहे थे। तभी राठ हमीरपुर स्टेट हाईवे के चंदुलीतीर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे नंदकिशोर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर गए। सूचना पर रात में ही एएसपी मनोज कुमार गुप्ता, सीओ सदर राजेश कमल अस्पताल पहुंच गए। एएसपी ने बताया कि हेड कांस्टेबल को जब अस्पताल लाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### सूचना

मेरा सही नाम प्रेमवती है एवं मेरे आधार कार्ड सहित अन्य सभी अभिलेखों में भी मेरा नाम प्रेमवती दर्ज है। जबकि मेरे द्वारा रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में कराए गए बीमा में मेरा नाम प्रेमवती यादव दर्ज हो गया है जो की मेरा ही नाम है, अतः मेरा नाम प्रेमवती ही पढ़ा और लिखा जाए, मेरा सही नाम प्रेमवती है इसे ही पढ़ा, लिखा और पॉलिसी में दर्ज किया जाए।

प्रेमवती पत्नी सुभाष निवासी ग्राम हिलुआ, पंचायत लुहेड़ी थाना श्रीनगर जनपद महोबा उ प्र।

# लेखपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से आक्रोश

**जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाकर लेखपालों ने दिया धरना**

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

विवाह से एक दिन पूर्व फतेहपुर जनपद में लेखपाल सुधीर कुमार कोरी की संदीप परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में लेखपालों ने जिला प्रशासन तथा पुलिस पर लापरवाही व आज संवेदनशीलता का आरोप लगाते हुए स्थानीय तहसील में धरना देकर न्याय की मांग की।

लेखपाल संगठन ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन द्वारा लेखपाल का मानसिक उत्पीड़न के साथ ही छुट्टियां ना देने तथा बर्खास्त करने की धमकी दी गई थी।

लेखपालों के मुताबिक मृतक लेखपाल के परिजनों की तहरीर प्रशासन ने कथित रूप से बदलवाकर मुकदमा दर्ज कराया जिसमें से राजस्व निरीक्षक का नाम तो शामिल किया गया लेकिन पीसीएस अधिकारी का नाम तहरीर से हटा दिया गया। जिसे लेकर लेखपालों में भारी आक्रोश देखा गया। शुक्रवार को लेखपालों ने स्थानीय तहसील परिसर में धरना देकर न्याय की मांग की धरना देने वालों में अश्वनी कुमार मिश्रा अंबुज कुमार मिश्रा धनंजय पांडे चंद्रभान तिवारी अजय




दीप सिंह सेतु बंधु पांडे सहित सभी लेखपाल मौजूद रहे।

सिरौलीगौसपुर संवाददाता के अनुसार लेखपाल संघ अध्यक्ष सुभेन्द्र अवस्थी के नेतृत्व में संघ ने फतेहपुर जिले में तैनात लेखपाल सुधीर कुमार की संदिग्ध मौत के मामले में अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सुधीर कुमार को अवैध रूप से निलंबित किया गया था और उन्हें छुट्टी नहीं दी जा रही थी, जिसके कारण उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर 2025 को तय थी। उन्होंने कई बार छुट्टी के लिए आवेदन किया, लेकिन तहसील अधिकारियों ने एसआईआर ड्यूटी का हवाला देते हुए छुट्टी देने से इनकार कर दिया। 22 नवंबर 2025 को एसआईआरओ की बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण सुधीर कुमार को निलंबित कर दिया गया था।लेखपाल संघ के अनुसार, 25 नवंबर 2025 को एक डिप्टी कलेक्टर ने सुधीर कुमार के घर जाकर उनसे पैसे की मांग की और धमकी दी कि पैसे न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। संघ का दावा है कि इसी मानसिक दबाव और धमकी के कारण सुधीर कुमार ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

संघ ने यह भी आरोप लगाया कि सुधीर कुमार की बहन द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है और शव को उठाने में भी देरी की जा रही है। लेखपालों ने मांग की है कि इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

## जिलाध्यक्ष बदलने से भाजपा कार्यकर्ताओं में बढ़ा उत्साह

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

बनीकोडर मंडल में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले में नए राजनीतिक उत्साह का माहौल बनाया। मंडल महामंत्री दीपक वर्मा ने मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह के साथ भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और संगठन विस्तार को नई रफ़्तार देने का संकल्प लिया।

दीपक वर्मा ने कहा कि राम सिंह वर्मा के जिला अध्यक्ष बनने से पूरे जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने, बूथ स्तर की टीमों को सक्रिय रखने तथा आगामी चुनावों में



बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित कराने के लिए नए अध्यक्ष का अनुभव और नेतृत्व काफी उपयोगी साबित होगा।

मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में मंडल के कार्यक्रमों को सुदृढ़ तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं की समर्पित टीम संगठन को नई दिशा देगी।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती और जनसंपर्क अभियान को व्यापक स्तर पर चलाने का संकल्प दोहराया।

## खबरें एक नजर में

### विनीत हत्याकांड का पांचवा आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नलकूप पर पीट-पीटकर किसान की हत्या में पांचवें आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है चन्दापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव निवासी विनीत सिंह अपने नलकूप पर मौजूद थे सोमवार को पांच लोगों ने उनकी हत्या कर दी थी और मंगलवार सुबह जब जानकारी हुई तो गांव सहित क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। जिसमे बृहस्पतिवार को खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने पांच आरोपी बताएं थे प्रांजुल यादव पुत्र नोखेलाल निवासी देवरी मंज़रे ओया थाना चन्दापुर सूरज उर्फ अन्नु पुत्र शिवमोहन यादव जितेंद्र यादव पुत्र राकेश कुमार कुनाल यादव पुत्र बृजलाल निवासी पूरे ठाकुराइन मंज़रे अमावां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और पांचवा आरोपी शुभम पुत्र रोहित निवासी पहरावा थाना चन्दापुर फरार चल रहा था जिसे चन्दापुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बरियारपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार करने वाली टीम थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह उप निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह व पंकज भारती का विशेष योगदान रहा।

### युवक ने लगाई फांसी, हालत गंभीर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से 33 वर्षीय व्यक्ति ने लगाई फांसी हालत गंभीर जिला रेफर राममिलन पुत्र पंचम निवासी सुजातगंज बावन बुजुर्ग बल्ला थाना महराजगंज ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला रेफर कर दिया।

### फांसी के फंदे पर टंगा मिला था महिला का शव, पिता की तहरीर पर चार के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थुलवांसा चौकी क्षेत्र के गुमान सिंह का पुरवा मजरे ओनई जंगल गांव में 33 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी मृतका का शव उसके घर की दूसरी मंजिल पर फांसी के फंदे से लटकता मिला था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जिसमें पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है राम बहादुर यादव पुत्र श्रीपाल यादव निवासी राजापुर हलीम थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी की तहरीर पर नरेंद्र यादव पुत्र नकछेद यादव जयप्रकाश पुत्र नकछेद यादव सरला पत्नी जयप्रकाश सिंह राजेंद्र पुत्र नकछेद यादव निवासीगण गुमान सिंह का पुरवा मजरे ओनई जंगल थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ है पिता ने तहरीर में बताया कि पुत्री अनीता यादव को जान से मारने की धमकी देना तथा हत्या कर फांसी के फंदे पर टांग दिया वहीं कोतवाली पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

### आकस्मिक दबिश में पकड़ी गई 73 ली. अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को गठित टीम द्वारा ग्राम-हतवा, शंकरगंज तथा रामनगर, चंदईपुर, दादरा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र-तिलोई में थाना जायस, मोहनगंज के अंतर्गत ग्राम-हतवा, शंकरगंज से कुल 73ली अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 350कि.ग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 4अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई तथा आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में रानीसागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई मय स्टॉफ सुबोध कुमार, कौशल सिंह, सर्वेश वर्मा आदि आबकारी सिपाही दबिश में शामिल रहे।

### उज्ज्वल भविष्य व जान का जोखिम उठाने को मजबूर नौनिहाल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा देश के भविष्य नौनिहालों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंधक सहित नियमावली लागू किया गया है। परंतु अधिकारियों की मिली भगत से विद्यालय संचालकों द्वारा उस नियमावली की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। विद्यालय के संचालक मनमानी तरीके से अपनी योजनाएं चला रहे हैं, चाहे वह अध्ययन हो या छात्रों को विद्यालय में आने जाने के लिए साधन। इस संबंध में समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र द्वारा पहले भी खबर चलाई जा चुकी है किन्तु व्यवस्था जस की तस है। यह देखने को मिला है कि नौनिहालों को शिक्षा के नाम पर कागजी खानापूर्ति के साथ साथ विद्यालय पहुंचाने के लिए गांव के गलियारों से कच्चे रास्तों व खड़ंजा इंटरलॉकिंग के ऊबड़ खाबड़ रास्तों से बच्चों को बैट्रीरिक्शों तथा ऑटो में ठूंसकर विद्यालय तक पहुंचाया जा रहा है। ऐसी हालत में किसी भी समय इन नौनिहालो के साथ दुर्घटना हो सकती है। सूत्र बताते हैं कि संबंधित विभाग में बैठे हुए आला अधिकारी और प्राइवेट विद्यालय मिलकर अपना पेट भर रहे हैं, किन्हीं वसूली एजेंटों के माध्यम से विद्यालय और अधिकारियों में सामंजस्य स्थापित किया जाता है। यही नहीं प्राइवेट विद्यालयों के खिलाफ सरकार द्वारा जांच की एक मुहिम भी चलाई गई थी जो कि शुरू होकर उनकी कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी गई। जिसके चलते आम लोगों में रोष है। उनका कहना है कि यदि एआरटीओ और बीएसए ईमानदारी से मिलकर कार्यवाही करें तभी इन नौनिहालों को इस संकट से उबारते हुए उनका भविष्य संवारा जा सकता है।

## एसडीएम तहसीलदार ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत किए जा रहे मतदाताओं के सत्यापन एवं फॉर्म भरवाने संबंधी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर लोगों को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं, जिसकी प्रगति को लेकर एसडीएम व तहसीलदार ने क्षेत्र का दौरा कर बीएलओ से कार्य प्रगति की समीक्षा की। उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया एवं तहसीलदार राहुल सिंह ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एसआईआर का निरीक्षण कर कार्यों में प्रगति की जानकारी हासिल करते हुए लोगों को जागरूक किया, वहीं एसडीएम अभिनव कनौजिया ने गणना प्रपत्रों के वितरण संग्रह एवं डिजिटाइजेशन कार्य में 100 प्रतिशत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जगदीशपुर विधानसभा के बूथ संख्या 76 ग्राम पंचायत ऊँचगांव पर कार्यरत बीएलओ रविंद्र कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की।

इस दौरान नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा अजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सर्प दंश का शिकार हुए हिन्दू महासभा के उपाध्यक्ष अस्पताल में भर्ती

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी), समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अलदासपुर चौरी निवासी 40 वर्षीय अनुपम कुमार सिंह को शुक्रवार शाम खेत देखने के दौरान वाइपर सर्प ने डस लिया जिन्हें परिजनों ने तत्काल उन्हें सीएचसी रामसनेहीघाट लेकर पहुंचे, जहां डॉ. रमेश सिंह ने उपचार शुरू किया। प्रदेश उपाध्यक्ष को उस समय वाइपर सर्प ने डंस लिया जब वह अपना खेत देखने गए थे सर्प डसने की जानकारी उन्होंने फोन से परिजनों की दी जिन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुचे जहा पर डॉ रमेश कुमार उनका इलाज शुरू कर दिया जिन्हें देर रात हालत में सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया गया। घटना की जानकारी पर सतेन्द्र सिंह, दीपक सिंह, अमन सिंह, आर्यमन सिंह, सुनील सिंह व राज सिंह सहित कई लोग अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लेने वाले बीएलओ को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र में विशेष एस आई आर मतदाता पुनरीक्षण-2026 के तहत शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले ब्लॉक बनीकोडर के पांच सर अधिक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया ।

खंड विकास अधिकारी बनीकोडर डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में उत्कृष्ट कार्य के मामले में रामसनेहीघाट तहसील पूरे जिले में पहले स्थान पर है। उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के मार्गदर्शन में सभी



संबंधित कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। कई बीएलओ गणना प्रपत्रों के वितरण और डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर चुके हैं।

तहसीलदार शशांक उपाध्याय, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी और सुधाकर पांडेय लगातार पूरे तहसील क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं। वे कर्मचारियों से बातचीत कर उचित मार्गदर्शन के साथ समस्याओं का निस्तारण तत्काल कर रहे है।

रामसनेहीघाट एसआईआर कार्य में उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार शशांक उपाध्याय, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, सुधाकर पांडेय और बीडीओ डॉ. विनय कुमार मिश्रा बूथ लेवल अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप बीएलओ सराहनीय प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सड़क हादसे में अधेड़ की दर्दनाक मौत



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार की शाम हुए सड़क हादसे में घायल एक 52 वर्षीय अधेड़ की बीती रात एक निजी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। आज गांव पहुंचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के पूरे दरियाव मजरे बड़नापुर गांव निवासी मनमोहन सिंह उर्फ पुत्तन बृहस्पतिवार की शाम हैदरगढ़ से वापस घर जा रहे थे कि तभी हैदरगढ़ शिवरतनगंज मार्ग पर सामने से आई बाइक ने टक्कर मार दी थीं जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।सीएचसी हैदरगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था, जहां पर हालात गंभीर होने पर परिजन उन्हें निजी चिकित्सालय ले जा रहे थे कि तभी रास्ते में मौत हो गई।

## मानव सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं : नीरज

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान नीरज पांडेय ने कहा मानव सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं है बशर्ते किए जा रहे कार्य में कोई स्वार्थ की भावना निहित न हो। अमेठी महिला स्वैच्छिक संस्थान द्वारा हरिशंकर पाठक के पुण्य तिथि पर जायस स्थित कुष्ठ आश्रम में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहारा जीवन के प्रधान संपादक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि आज जिनकी पुण्यतिथि है उनका समाज सेवा के क्षेत्र में एक बड़ा नाम था आज भले ही वह हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्य आज भी



हमारे बीच दिखाई पड़ रहे है। श्रीमती नीरज पांडेय उनके याद में कंबल वितरण कर रही है यह उन्हीं की प्रेरणा है। समिति की सचिव नीरज पांडेय ने इस मौके पर मौजूद लोगों को कंबल वितरित किया। इस मौके पर वार्ड नंबर एक के सभासद सर्वेश, रुचि सिंह, सोनू प्रधान प्रतिनिधि सुरभि मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

डीएम हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गों पर अवैध कटों को बंद कराने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने, नेशनल हाईवे को मॉडल सेफ रोड के रूप में विकसित करने, ब्लैक स्पॉट्स के निवारण,

**सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए दिए गए दिशा-निर्देश**



अतिक्रमण हटाने तथा प्रवर्तन कार्रवाई को प्रभावी बनाने पर केंद्रित रहा। जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी जानकारी ली। बीएसए व डीआईओएस से शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा गार्ड ऑन की तैनाती के संबंध में जानकारी ली तथा समय समय पर विद्यालयों में संचालित पुराने वाहनों की फिटनेस आदि के संबंध में हुई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि जो भी शिक्षण संस्थान अपने यहां सुरक्षा गार्ड और वाहनों की फिटनेस नहीं रखते हैं उनको नोटिस जारी किया जाए। नगर पालिका से गोरा बाजार मधुबन अतिक्रमण कार्यवाही की जानकारी लेते हुए सब्जी मंडी अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि मानक विहीन व पुराने हो चुके वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की जाए तथा रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे पर एंबुलेंस पेट्रोलिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए।

## लेखपाल की मौत पर धरने पर बैठे लेखपाल

**मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा**

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा तहसील महराजगंज रायबरेली के लेखपालों द्वारा महराजगंज तहसील में लेखपाल सुधीर कुमार की मौत को लेकर धरने पर बैठे व मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मंजुला मिश्रा को सौंपा ज्ञापन में बताया कि जनपद फतेहपुर में कार्यरत 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की शादी दिनांक 26 नवंबर 2025 को होनी थी वह छुट्टी के लिए अधिकारियों से लगातार निवेदन कर रहा था किंतु तहसील अधिकारियों द्वारा एस आई आर ड्यूटी के नाम पर उसे छुट्टी नहीं दी गई शादी की व्यवस्था के कारण



दिनांक 22 नंबर 2025 को सुधीर लेखपाल एस आई आर की बैठक में उपस्थित न होने के कारण ई आर ओ संजय कुमार सक्सेना द्वारा निलंबित करवा दिया गया। दिनांक 25 नवंबर 2025 को सुबह 6:30 बजे डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार सक्सेना एवं नायब तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक शिवराम लेखपाल सुधीर कुमार के घर पहुंचे और कहा कि एसडीएम साहब ने कहा है कि एस आई आर एवं अन्य कार्य पूरा कर दें अथवा पैसे देकर किसी अन्य से करवा दे नहीं तो अभी तो निलंबन हुआ है फिर सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

आए दिन की फटकार शादी के लिए छुट्टी न मिलने व निलंबन से तनाव व डिप्रेशन में चल रहा सुधीर लेखपाल डिप्रेशन व तनाव के कारण आत्महत्या कर ली ।लेखपालों ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन में मांग की मुख्य आरोपी संजय कुमार सक्सेना नामजद किया जाए मृतक की माता को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए ।एस आई आर की अंतिम तिथि आगे बढ़ाई जाए । अधीनस्थ कर्मचारियों लेखपालों के साथ सदव्यवहार संवेदनशीलता एवं संवाद स्थापित करने तथा उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ पदाधिकारियों के साथ शासन के निर्देशानुसार नियमित बैठक करने के निर्देश समस्त जिला अधिकारियों एवं उप जिला अधिकारियों को निर्गत करने की जाए लेखपालों को सामान्य उप निर्वाचन तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान अपरिभाषित ड्यूटी हेतु प्रोत्साहन राशि के रूप मे एक माह के वेतन के बराबर भुगतान निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों के साथ सूचीबद्ध किया जाए। इस दौरान महाराजगंज तहसील अध्यक्ष लेखपाल संघ अवनीश प्रताप सिंह महामंत्री राजीव मिश्रा लेखपाल विपिन मौर्य सुशील शर्मा अमित कुमार शुक्ला राजेश कुशवाहा शैलेंद्र कुमार सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।




### विधायक खेल स्पर्धा आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग सीतापुर के तत्वाधान में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन विधानसभा क्षेत्र हरगांव में आज दिनांक 28 नवंबर 2025 को किया गया, जिसका शुभारंभ खंड विकास अधिकारी महोदय हरगांव एवं प्रधानाचार्य महोदय बिड़ला इंटर कॉलेज के द्वारा किया गया, जिसमें विजेताओं में सबजूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में दीपांकर शुक्ला, 800 मीटर दौड़ में जितिन मौर्य, लंबी कूद में अभिषेक, कबड्डी में यू0पी0एस0 हरगांव, सब जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में आराध्या तिवारी, 800 मीटर दौड़ में आश्वी देवी, लंबी कूद में शिवानी, जूनियर वर्ग बालक में 100मीटर दौड़ में निशांत राज, 200 मीटर दौड़ में अनुज कुमार, 400 मीटर दौड़ में प्रियांशु गुप्ता, लंबी कूद में निशांत राज, जूनियर वर्ग बालिका में 100 मीटर दौड़ में कामिनी, 200 मीटर दौड़ में आराध्या तिवारी, 400 मीटर दौड़ में कामिनी, सीनियर वर्ग बालक में 100 मीटर दौड़ में अनुज कुमार तथा 200 मीटर दौड़ में प्रशांत कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य महोदय बिड़ला इंटर कॉलेज द्वारा सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान करके किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी हरगांव आशीष पांडे एवं सहयोगी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी महोली क्षमा त्रिपाठी के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन श्री राज शर्मा जी द्वारा किया गया, जिनके सहयोग में प्रमोद दीक्षित, प्रदीप तिवारी, धीरेन्द्र, संतोष मौजूद रहे।

## जनपद न्यायाधीश के नेतृत्व में जिला जेल का हुआ साप्ताहिक निरीक्षण

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के निर्देश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में अपर जिला जज/सचिव, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा कारागार सीतापुर का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया।

अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, द्वारा जिला कारागार सीतापुर के साप्ताहिक निरीक्षण के समय सुरेश सिंह, जेल अधीक्षक एवं जिला कारागार का अन्य समस्त स्टाफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल, अंकुर वर्मा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स व रितिकेश श्रीवास्तव, लिपिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम



पाकशाला व महिला बैरक के साथ-साथ अन्य बैरकों तथा जिला कारागार के चिकित्सालय एवं स्थापित लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही बच्चों के लिए नवनिर्मित क्रैच एवं बंदियों हेतु तैयार किए गए पुस्तकालय/बंदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शनी कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई उचित पाई गयी व बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना गया। किसी भी बन्दी द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नही कराया गया। बच्ची देवी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं सतेन्द्र कुमार अनटिल बनाम सी.बी.आई. इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी सहित बंदियों से संबंधित कानूनों की जानकारी जागरूकता शिविर के माध्यम से प्रदान की गयी। साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं के विषय पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान जातीय आधार पर भेदभाव से सम्बन्धित कोई मामला संज्ञान में नही आया।

## यूपी श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की समीक्षा बैठक संपन्न

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की जिला सीतापुर इकाई के कार्यकारिणी,पुनर्गठन तथा समीक्षा बैठक महेश होटल में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय महामंत्री रमेश शंकर पांडेय उपस्थित रहे। उन्होंने इस दौरान कहा कि यूनियन पत्रकारों को कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए हर समय तैयार रहती है लेकिन पत्रकारों को पत्रकार मिशन में रहकर कार्य करना चाहिए, छोटे-छोटे मामलों में धरना प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए।

पत्रकार और आम आदमी में काफी बड़ा अंतर है। श्री पांडेय ने आगे पत्रकारों को बताया कि हम लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जल्द मिलकर सभी पत्रकारों को पेंशन दिलाने के साथ-साथ बीमा दिलाने की मांग करेंगे। संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रगुप्त श्रीवास्तव एडवोकेट ने यूनियन के बारे में तमाम जानकारियां



देते हुए बताया कि श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत उत्तर प्रदेश की सबसे पुरानी यूनियन है और इसका कार्य सराहनीय रहा है, पत्रकारों के हितों व रक्षा में पूरे तौर पर यूनियन सक्षम है और इसके तमाम प्रमाण उन्होंने पेश किए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद ने गत 18 मई को बिसवां में हुए राज्य सम्मेलन शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह के बारे में पूरी जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के दिल्ली से एसएन सिंहा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, बलविंदर सिंह जम्मू राष्ट्रीय महामंत्री, डॉ राजेश त्रिवेदी प्रांतीय अध्यक्ष, रमेश शंकर पांडेय प्रांतीय महामंत्री, विधायक निर्मल वर्मा सहित लगभग दो सौ पत्रकार जिसमें मुख्य रूप से चंडीगढ़, पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर, फतेहपुर बांदा, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई सहित दर्जनों शहरों से शामिल हुए तथा सभी पत्रकार साथी मुख्य अतिथि कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के हाथों से सम्मानित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में आय- व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जिसको सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई। महामंत्री लक्ष्मीकांत वाजपेई ने यूनियन को सुचारू रूप से चलाने का पूरा भरोसा दिलाते हुए कहा कि हर संभव सभी पत्रकारों की मदद करेंगे। उक्त बैठक में जिला कार्यकारिणी में बिसवां निवासी जिला अध्यक्ष के रूप में सिराज अहमद,उपाध्यक्ष रफीक अहमद अंसारी,मोहित जायसवाल, रामकिशोर यादव, सुनील गुप्ता, पंकज भारती, महामंत्री लक्ष्मीकांत वाजपेई, मंत्री पंकज कुमार मिश्रा, हरिशंकर गुप्ता, प्रचार मंत्री वहाजुद्दीन ग़ौरी, कोषाध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव, संगठन मंत्री नवल किशोर मिश्रा, प्रांतीय परिषद के सदस्य चंद्रगुप्त श्रीवास्तव एडवोकेट, सदस्य कार्यकारिणी लहरपुर इंचार्ज कमलेश कुमार मेहरोत्रा, आरएन सिंह, समीर पुरी, खालिद अली, अनवर अली, नियाज हुसैन, जहरुद्दीन अंसारी, मो0फहीम, शेख अफजाल हुसैन, प्रदीप मिश्रा, अलमास अंसारी,शहाब वहीद अंसारी सर्व समिति से निर्वाचित हुए। उपरोक्त सभी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ भी ली। संरक्षक के रूप में केजी त्रिवेदी, ज्ञान प्रकाश प्रतीक निर्वाचित हुए। उपस्थित समस्त पत्रकारों ने अपनी-अपनी राय व्यक्त की। जिसको यूनियन के पदाधिकारियों ने गंभीरता से लिया।

## भविष्य संवारने में आज के बच्चे निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका : ओमकार सिंह



**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** देश का भविष्य संवारने में आज के बच्चे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे उक्त बातें खंड शिक्षा अधिकारी ओमकार सिंह ने बी एन एस डी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि कहीं उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि विद्यालयी शिक्षा के साथ घर पर भी बच्चों को समय देकर उनका उत्साह बढ़ाएं। समारोह को समाजसेविका रेनू मेहरोत्रा और वरिष्ठ अधिवक्ता रामेंद्र त्रिवेदी ने संबोधित किया। बच्चों ने देशभक्ति व सामाजिक संदेशों से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। विद्यालय प्रबंधक अमर मेहरोत्रा व नमन मेहरोत्रा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका साइसा अंसारी ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य फ्रांसिसका गिल, देवेंद्र वर्मा, प्रतिभा मेहरोत्रा, राखी टंडन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अतीक खाँ, कांग्रेस नेता प्रदीप चौहान, मोहित जायसवाल, अधिवक्ता रजनीश मिश्रा, अरुण सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई सांईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी

**मुस्कान कठेरिया मिस फेशर व शरद कटियार बने मिस्टर फ्रेशर**





**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सांईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन धूमधाम से किया गया।

डी फॉर्म प्रथम बर्ष से मुस्कान कठेरिया को मिस फेशर एवं बी फॉर्म प्रथम बर्ष से शरद कटियार को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. कमल वर्मा (सौ शैया अस्पताल), डॉ. सुधीर कुमार बघेल (प्राचार्य लॉ कॉलेज) एवं डॉ. जैकप सब्स्टीन (प्राचार्य जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल) ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्या अतिथि डॉ कमल वर्मा ने सत्र 2024-25 के बी फॉर्म तृतीय वर्ष (मेडिसिनल कैमिस्ट्री) में प्रथम टॉपर कनिका सिंह, द्वितीय टॉपर कार्तिक उपाध्याय एवं तृतीय टॉपर ओसी चौहान को शील्ड देकर पुरुस्कृत करते हुये कहा कि आप जिस कॉलेज से जुड़े है उसकी गरिमा बनाये रखें। उन्होंने प्रज्ञा, शील, करूणा, दया व मुदिता की विस्तार से व्याख्या करते हुये कहा कि इन मूल मंत्रों को अपनाने से आप जीवन में कभी दुखी नही रहेगें।

उन्होंने इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ जितेन्द्र सिंह, चेयरपर्सन डॉ अनीता रंजन का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस छोटी सी जगह में फार्मेसी की उच्च शिक्षा का कॉलेज स्थापित किया जिसके हम सभी बहुत आभारी हैं और कॉलेज का कुशल सवालन करने वाले प्राचार्य डॉ अर्पित कटियार बधाई के पात्र है। प्राचार्य डॉ अर्पित कटियार ने कहा कॉलेज अपनी छवि को दिन प्रति दिन निखारते हुये अग्रसर हो रहा है। इसका श्रेय कॉलेज के संस्थापक श्री बाबू सिंह यादव दद्दू जी, चेयरमैन डॉ जितेन्द्र सिंह, चेयरपर्सन डॉ अनीता रंजन को है। इस अवसर पर सोलो डांस में साक्षी एवं यस गुप्ता, डुइट डांस में अनुराग एवं हर्षवर्धन, ग्रुप डांस में अभिनव एवं टीम, ड्रामा में नेता जी एवं टीम, सिंगिंग में अभिनव, कविता में वैदिक, शायरी में सचिन एवं यासीन तथा मिस्टर परफेक्ट में युगांक श्रीवास्तव व मिस परफेक्ट में राइना को पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान साई मीर कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी से रश्मी सिंह, खुशबू वर्मा, उमांश नारानयण अवस्थी, शर्मिला मौर्य, रोली साहू, अरुण कुमार, अनुज कुमार, शिवाकांत, निशा यादव, अनुरागिनी, अफ्फान अहमद, शालिनी श्रीवास्तव, राहुल शाक्य, मनोज कुमार, दीपक प्रजापति, दीपा राजपूत, अलशिफा सिदिदकी, सुजाता शाक्य, रजत शाक्य, पारुल त्रिपाठी, काजल त्रिपाठी, अराफात हुसैन, रेहान अन्सारी, राम भजन, अजय कुमार, चन्दगीराम, संतोष कुमार, दिलीप कुमार, प्रियोजन सिंह, अनुज कुमार, संजीव कुमार, शिशुपाल सिंह, सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



## ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की दर्दनाक मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के पूर्वी बाईपास स्थित न्यू पापा होटल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर मौजा फतेहनगर निवासी 55 वर्षीय हाकिम पुत्र भाहू सिंह अपनी आजीविका के लिए साइकिल से घर–घर घूमकर हींग बेचा करते थे। उनकी पत्नी क्रांति की मौत करीब 20 साल पहले बीमारी से हो चुकी थी। शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे हाकिम फतेहनगर से छिबरामऊ की ओर साइकिल से जा रहे थे। यहां न्यू पापा होटल के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक थी कि हाकिम ट्रक के नीचे आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस बुलाई और उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज कन्नौज रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद उनके परिजनों में कोहराम मच गया।

## पांच सौ रुपए लेकर भी आयुष्मान कार्ड न बनाने का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम नगला दिलु स्थित सौ शैया अस्पताल में बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड को लेकर एक नया मामला सामने आया है। यहां व्यक्ति से कर्मचारी द्वारा 5 सौ रुपए लेने के बाद भी कार्ड न बनाने का आरोप लगा है।



जिला हरदोई के गांव गोविंदपुर निवासी कृष्णपाल पुत्र बलराज सिंह का आरोप है कि जुलाई माह के दौरान वह छिबरामऊ स्थित सौ शैया आए थे। यहां उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लिए अप्लाई किया था। उनका कहना है कि कर्मचारी ने उनसे कार्ड बनवाने के 5 सौ रुपए लिए थे। कई महीने बीत जाने के बाद भी कार्ड उनके पास नहीं पहुंचा। कृष्ण पाल की तबीयत खराब होने पर शुक्रवार को वह सौ शैया अस्पताल आए और कार्ड न मिलने पर बवाल कर दिया। मामले की जानकारी सीएमएस तक पहुंचते ही उन्होंने कहा उक्त मामले में अगर कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# लाला मोटर्स के भव्य शोरूम का विधायक अर्चना पांडेय ने किया उद्घाटन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के पश्चिमी बाईपास हाइवे पर टीवीएस शोरूम के निकट महिंद्रा व्हीकल्स के अधिकृत स्पेयर पाट्र्स एवं सर्विस सेंटर लाला मोटर्स का भव्य उद्घाटन विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडेय ने शोरूम के संरक्षक अखिलेश कुमार गुप्ता एवं संचालक पुष्कर गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां के युवा उद्यमी जब इस तरह आगे बढ़ते हैं तो बहुत गर्व होता है। उम्मीद है कि लाला मोटर्स क्षेत्र के लोगों को महिंद्रा की सभी गाड़ियों के ओरिजिनल स्पेयर पाट्र्स एवं उत्तम सर्विस सुविधा उपलब्ध कराएगा, जिससे ग्राहकों का समय और धन दोनों बचेगा। विशेष अतिथि महिंद्रा टेरिटरी मैनेजर हर्षप्रीत सिंह भाटिया ने कहा कि लाला मोटर्स में महिंद्रा की सभी गाड़ियों के जेनुइन पाट्र्स के साथ-साथ ट्रेंड इंजीनियर्स द्वारा सर्विस की सुविधा भी रहेगी।

हमारा पूरा सहयोग लाला मोटर्स को मिलेगा ताकि इस क्षेत्र के ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव मिले। कार्यक्रम में महिंद्रा के टेरिटरी सेल्स ऑफिसर अनुज बाजपेई, प्रशांत राजन, एमआरओ पवन कुमार, बीके पाट्र्स बाजार की बिजनेस हेड सुमिति सिंह, रिंकी गुप्ता, बृजेश गुप्ता, बबलेश गुप्ता, सक्षम गुप्ता, स्नेहा गुप्ता एवं डॉ. अनिल दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जेल के अंदर न जाने दी जाए प्रतिबंधित सामग्री

**डीएम-एसपी ने किया जेल का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल परिसर में पहुंचकर सभी बैरकों का गहन भ्रमण किया और बन्दियों की स्थिति, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ने बताया कि कारागार परिसर की नियमित जांच एवं निगरानी प्रतिदिन उनके नेतृत्व में स्टाफ द्वारा की जाती है। उन्होंने अवगत कराया कि बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सभी



जेल में बंदियों से बातचीत करते डीएम- एसपी

मूलभूत सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश न कर सके, इसके लिए सख्त सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि नए बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से जेल चिकित्सकों द्वारा कराया जाए तथा स्वच्छता, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें और निरुद्ध बन्दियों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें। उन्होंने कहा कि समय- समय पर कारागार की स्थिति एवं बन्दियों की जानकारी उच्चाधिकारियों को भेजी जाए। इस दौरान जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी रहे।

# वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराकर अभियान को बनाएं सफल




रैली निकालते छात्र- छात्रा व शिक्षकगण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने हाथों में आकर्षक बैनर और पोस्टर लेकर मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज मढ़पुरा, सेठ वासुदेव सहाय इंटरमीडिएट कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज तिर्वा, भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर, जगदीश्वर दयाल इंटर कॉलेज छिबरामऊ तथा राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा में आयोजित रैलियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में शामिल बच्चों ने सही वोटर सूची मजबूत लोकतंत्र, मत बनो लापरवाह, वोटर सूची में कराओ नाम शामिल जैसे प्रभावी नारों से आमजन को जागरूक किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि रैलियों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, त्रुटियों को सुधारने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ऊर्जा और उत्साह ने अभियान को नई गति प्रदान की है।

अधिकारी ने बताया कि एसआईआर अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर गतिविधियाँ चल रही हैं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। जन-जागरूकता रैली को लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल



**समधन, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया जिससे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार दोपहर करीब 11:30 बजे नगर पंचायत समधन के मुहल्ला दारा सराय निवासी बंटू खां 30 वर्ष पुत्र सफरूद्दीन खां अपनी बाइक से ब्रेड बिस्कुट की फेरी कर घर लौट रहा था तभी गुरसहायगंज फर्रूखाबाद मार्ग पर समधन पश्चिमी स्वागत द्वार गेट के पास ओवर टेक करते समय सामने से आ रही मारूति कार की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया स्थानीय व राहगीरों ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बस पलटी, महिलाएं सहित पांच लोग घायल

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल हाईवे पर बस के पीछे से पिकप कार ने जोरदार टक्कर मारने से बस सड़क पर पलट गई जिसमें सवार महिलाएं सहित पांच लोग घायल हो गये आनन-फानन में पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

समधन नगर के नजदीक नेशनल हाईवे कट पर शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे बिहार के मुजफ्फरपुर में मिलन पैलेस से बेटी की शादी करके बस से परिवार के सदस्यों के साथ घर लौट रहे जनपद बदायूं निवासी लालाराम गौतम पुत्र वेदराम गौतम की बस नेशनल हाईवे कट पर चालक फर्रुखाबाद मार्ग के लिये उतरने का प्रयास कर रहा तभी पीछे से तेजगति से आ रही पिकप कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बस बेकाबू



नेशनल हाईवे पर क्षतिग्रस्त पलटी बस

होकर हाइवे पर पलट गई जिसमें सवार बबिता गौतम उम्र करीब 40 वर्ष पुत्री बाबूलाल गौतम, मुन्नी देवी उम्र करीब 67 वर्ष पत्नी महेन्द्र पाल, काव्याश 11 वर्ष पुत्र सुरेश कुमार निवासी आवास विकास जनपद बदायूं व बस चालक गुड्डू उर्फ इक्तेदार 47 वर्ष पुत्र इफ्तेखार बेग निवासी मीरा सराय बदायूं घायल हो गये इस घटना में पिकप कार चालक आदित्य कुमार 30 वर्ष पुत्र यशवीर सिंह भी घायल हो गया बस व पिकअप की भिड़ंत की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने दौड़कर बस से सभी को बाहर निकालकर समधन चौकी पुलिस को मोबाइल पर जानकारी दी जिस पर आनन-फानन में घटनास्थल पर अपने पुलिस के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी दीपक सिंह ने सभी घायलों को ऐम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसहायगंज भर्ती कराया गया।

जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया बदायूं निवासी लालाराम गौतम ने बताया कि करीब 25 सदस्य दो दिन पहले बस से अपनी बेटी की शादी करने के लिये बिहार के मुजफ्फरपुर मिलन पैलेस गये थे वहां शादी की रस्में अदा करके घर वापस जा रहे थे।

# अज्ञात कारणों से युवक ने लगायी फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति हो सकेगी स्पष्ट**

कस्बा जगम्मनपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी के बाद कस्बे में सनसनी फैल गई।

मिली जानकारी के अनुसार जगम्मनपुर निवासी शैलेंद्र उर्फ बॉबी पुत्र रामकिशोर उम्र 25 वर्ष निवासी जगम्मनपुर अपने ही घर में दुपट्टा गले में बांधकर जान दे दी। मृतक के पिता ने अपने बेटे को फांसी पर झूलता देख आसपास के लोगों को सूचित किया जिसके बाद पड़ोसियों के द्वारा पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रामपुरा थाना पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पंचनामा कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों से पूंछतांछ कर घटना के कारणों की जांच में जुटी है। रामपुरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और स्तब्धता का माहौल पसर गया है।

# छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से समझाया हेलमेट और सीटबेल्ट का महत्व

**फाउन्टेनहैड पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को फाउन्टेनहैड पब्लिक स्कूल अमगुवां में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सीओ यातायात अर्चना सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। उन्होंने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा को जीवन से जुड़े अहम विषय बताते हुए सावधानी बरतने की अपील की।

एआरटीओ राजेश कुमार वर्मा और प्रभारी यातायात वीर बहादुर सिंह ने छात्रों को यातायात के नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए हेलमेट और सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। साथ है राहवीर योजना के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं को उसकी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं अंश, लवकुश, शिवा, नैतिक, रिया, उन्नति, प्राची और हरीश ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक में उन्होंने बिना हेलमेट व सीटबेल्ट वाहन चलाने के खतरों को दिखाया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय प्रबंधक हाकिम सिंह और प्रधानाचार्य आदित्य चतुर्वेदी ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ग्यानारायण सर ने किया। अंत में कार्यक्रम का समापन सड़क सुरक्षा शपथ दिलाकर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और उनके माध्यम से समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। आयोजन में शिक्षक प्रदीप याज्ञिक, हृदेश त्रिपाठी, जसवंत सिंह, शिवानी, पूजा मैम, प्रीति मैम व स्नेहा सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।



## कुठौंद थाने का अपर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने शुक्रवार को कुठौंद थाना पहुंचकर विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, डेस्क सहित महत्वपूर्ण हिस्सों की स्थिति देखी और आवश्यक निर्देश दिए सीमा क्षेत्रों में नियमित सुरक्षा जांच, पैदल गश्त और एएसपी ने संदिग्ध व्यक्तियों की सतर्कता पूर्वक जांच और पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ जालौन शैलेन्द्र कुमार बाजपेई थाना प्रभारी अरुण कुमार राय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शीलवन्त सिंह, उपनिरीक्षक शिवभूषण प्रजापति, उपनिरीक्षक लक्ष्मी शंकर अवस्थी , मुख्य आरक्षी प्रेमकिशन,सर्वेश कुमार, प्रवीण शर्मा, शरद कुमार, कपिल कुमार सहित समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।

# सुधीर सिंह की आत्महत्या को लेकर लेखपालों में रोष, तहसील में धरना प्रदर्शन

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



लेखपाल सुधीर सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई आत्महत्या के मामले ने पूरे राजस्व विभाग में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। इसी के विरोध में शुक्रवार को तहसील कालपी परिसर में बड़ी संख्या में लेखपालों ने एकजुट होकर धरना प्रदर्शन किया और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की। लेखपालों ने कहा कि लगातार बढ़ते कार्यभार, मानसिक दबाव और उच्चाधिकारियों के उत्पीड़न के कारण विभागीय कर्मचारी अत्यधिक तनाव झेल रहे हैं, जिसके चलते एस आई आर सुपर बाइजर सुधीर सिंह जैसे संवेदनशील कर्मचारी को आत्महत्या जैसे कदम के लिए मजबूर होना पड़ा। लेखपाल संघ के अध्यक्ष जयवीर सिंह ने कहा कि सुधीर सिंह की मौत केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे विभागीय तंत्र की विफलता का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई अधिकारियों द्वारा फील्ड कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव डाला जाता है। न तो पर्याप्त संसाधन दिए जाते हैं और न ही सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कोई कदम उठाया जाता है। ऐसे माहौल में कार्य करना कठिन हो गया है। लेखपालों ने सरकार व प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

साथ ही राजस्व कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण, उचित कार्य विभाजन, और मानसिक स्वास्थ्य सहायता तंत्र की स्थापना की जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो वे आंदोलन को और उग्र रूप देंगे। धरने में मौजूद क मर्चारियों ने कहा कि सुधीर सिंह की मौत ने विभाग को झकझोर दिया है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस नीतिगत सुधार अत्यंत आवश्यक है। प्रदर्शन के अंत में लेखपाल संघ के प्रतिनिधियों ने एसडीएम कालपी को ज्ञापन सौंपते हुए परिवार को मुआवजा, नौकरी में आश्रित को नियुक्ति और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। धरना शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन कर्मचारियों के आक्रोश ने साफ कर दिया कि अब वे अपनी सुरक्षा व सम्मान से जुड़े मुद्दों पर समझौता नहीं करेंगे।

इस मौके पर कालपी सदर लेखपाल जितेंद्र यादव, कीरतपुर लेखपाल योगेश यादव राघवेंद्र निरंजन, दयाशंकर कमलेश अमित कुशवाहा श्याम जी अभिषेक यादव प्रशांत गौतम सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद रहे।

# पत्रकार को फोन पर दी जान से मारने की धमकी, ऑडियो वायरल

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायतों में हो रहे वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की लगातार पड़ताल अब दबंगों को नागवार गुजरने लगी है। विकासखंड महेबा के ग्राम पंचायत हीरापुर के प्रधान उमाशंकर निषाद की बौखलाहट उस वक्त खुलकर सामने आ गई जब पत्रकारिता के चौथे स्तंभ पर हमला करते हुए दैनिक लोकभारती के तहसील संवाददाता संदीप मिश्रा को उन्होंने फोन पर गाली-गलौज, अभद्र भाषा और जान से मारने की धमकी दे डाली। पूरे घटनाक्रम का ऑडियो रिकॉर्डिंग अब सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें प्रधान का दबंगई भरा चेहरा साफ उजागर होता है।

सूत्रों के अनुसार पत्रकार संदीप मिश्रा ने हाल ही में ग्राम पंचायत हीरापुर में पंचायत सचिव व प्रधान द्वारा किए जा रहे सरकारी धन के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग और भ्रष्टाचार की खबरें चलाई तथा समस्त साक्ष्यों के साथ विभागीय उच्चाधिकारियों व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी। इसी कार्रवाई से नाराज होकर ग्राम प्रधान ने 28 नवंबर 2025 सुबह 11:59 बजे मोबाइल नंबर 9871569172 से पत्रकार को फोन कर खबरें बंद करने का दबाव बनाया, अश्लील शब्दों का प्रयोग किया और खुलेआम धमकी दी।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष का आगमन 4 दिसंबर को

**उरई,जालौन।** प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पाण्डेय ने बताया कि अध्यक्ष, (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उप्र राज्य महिला आयोग डॉ. बबीता सिंह चौहान जी के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत 4 दिसंबर 2025 को प्रात: 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय में गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगी, इसके उपरान्त प्रात: 11:30 बजे विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सम्बन्धित विभागों के साथ समीक्षा बैठक जनसुनवाई करेगी।

# बारातियों में बस की खिड़की खोलने को लेकर मारपीट, चार घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

बारात से घर वापस आ रहे बारातियों में बस की खिड़की खोलने को लेकर हुए विवाद में चार लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बारातियों को हिरासत में लेकर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरमौरा बांगर के निकट आ रही बस में हुए झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बारातियों को हिरासत में ले लिया। जिसमें बताया गया कि बीते कल कायमगंज थाना क्षेत्र के गांव शिवरई मठ से रामदास के पुत्र सूरज की बारात जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव माधवपुर में गई हुई थी। जहां से शादी के सभी कार्यक्रम निपटाकर बारात बस द्वारा विदा होकर वापस आ रही थी, तभी घायल ममतेश पुत्र अनार सिंह निवासी ग्राम महेकिया थाना जैथरा जनपद एटा के द्वारा बताया गया कि आरोपीगण लगातार शराब के नशे में बस की खिड़की खोल देते थे। जिसमें हम लोगों को सर्दी लग रही थी। जिसका हम लोगों ने विरोध किया, तभी उक्त लोग एकत्र हो गए और हम लोगों को मारने पीटने लगे। मारपीट में घायल ममतेश पुत्र अनार सिंह निवासी ग्राम महेकिया थाना जैथरा जनपद एटा, लकी पुत्र मटरू लाल निवासी ग्राम महेकिया थाना जैथरा जनपद एटा, अनमोल निवासी ग्राम महेकिया थाना जैथरा जनपद एटा तथा अजय पुत्र नामालूम निवासी ग्राम महेकिया जनपद एटा के मारपीट में सभी के सर फट गए। जिसकी सूचना पीड़ित पक्ष ने डायलॉग 112 पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने बस को रुकवा लिया तथा थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने प्रेम बाबू पुत्र छोटेलाल, हिमांशु पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम शिवरई मठ थाना कायमगंज, जतन पुत्र सतीश चंद्र निवासी ग्राम शेव्रले थाना कायमगंज को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया वहीं पीड़ित पक्ष के लोग बाराती बता रहे थे कि वह दूल्हे के रिश्तेदारी के चाचा व अन्य रिश्तेदार लगते हैं। जिनको ग्रामीणों ने मारपीट कर घायल कर दिया, लेकिन थाना पुलिस के द्वारा किसी भी पीड़ित का मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया।

जिससे वह थाने में जमे बैठे थे। थाना पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं पीड़ित पक्ष लगातार आरोप लगा रहा था कि थाना पुलिस ने आरोपीगणों से मिलकर केवल शांतिभंग में चालान कर दिया और किसी भी घायल का मेडिकल परीक्षण नहीं कराया।


थाने में मौजूद पीड़ित पक्ष के लोग

# प्रा.वि. हजरतपुर में हुआ संविधान दिवस पर प्रेरणादायक कार्यक्रम

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

प्राथमिक विद्यालय हज़रतपुर में संविधान दिवस कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक एवं अनुशासित वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रसेन ने किया। शिक्षक सुमित कुमार ने सरल भाषा में भारतीय संविधान के निर्माणकर्ता डॉ0 भीमराव अंबेडकर के योगदान, संविधान सभा तथा इसके लागू होने की तिथि और महत्व पर प्रभावशाली भाषण दिया और यह भी बताया कि संविधान दिवस भारतीय नागरिकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 4 के राजकुमार ने भाषण दिया। कक्षा 5 के आयुष और कक्षा 4 की तान्या ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया तथा कक्षा 5 की मंजू ने एक सुंदर और प्रेरणादायक भाषण दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कक्षा 4 के विद्यार्थियों दुर्गा, गौरी और साहिल द्वारा बनाया गया संविधान के उद्देश्य पोस्टर रहा। जिसे प्रेमपूर्वक विद्यालय को समर्पित किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और बच्चों को इससे गहरी प्रेरणा व संविधान की महत्वपूर्ण सीख मिली। पूरा वातावरण देशभक्ति और संवैधानिक मूल्यों से ओतप्रोत रहा।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व बच्चे

# एसपी ने पुलिस लाइन में ली साप्ताहिक परेड की सलामी

**विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई।

परेड में पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों/कर्मचारीगण, यातायात शाखा, पुलिस लाइन में नियुक्त कर्मचारीगण पुलिसकर्मियों व रिक्रूट आरक्षी को शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए दौड़ कराई गई। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवचयनित आरक्षीगण की पीटी/परेड का निरीक्षण कर अनुशासननियमों हेतु ब्रीफ किया गया। परेड निरीक्षण के उपरांत डायल-112, मेस, परिवहन शाखा, बैरक, क्वार्टर गार्ड आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


डायल-112 का निरीक्षण करतीं पुलिस अधीक्षक

# रुकी शादी न करने पर दूल्हा-दुल्हन ने दी सुसाइड करने की धमकी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

शादी रुकने के बाद परिजनों द्वारा इंकार करने पर दूल्हा तथा दुल्हन ने सुसाइड करने की बात धमकी दी। जिस पर परेशान दूल्हा के परिजन थाने पहुंचे और थाना पुलिस से गुहार लगायी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बसेली निवासी देवेंद्र पुत्र राधा कृष्ण की शादी नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही ग्राम नगला दमोह नगरिया निवासी रामरतन की पुत्री मोहनी से तय हुई थी। इसके बाद दोनों में बातचीत होती रही। किसी बात को लेकर परिजनों ने शादी करने से इन्कार कर दिया। जिस पर देवेंद्र ने सुसाइड करने के लिए घर में पत्र लिखकर रख दिया। जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया और देवेंद्र को मनाने में जुट गए। वहीं जब मोहनी से फोन पर बात की गई, तो उसने भी बताया कि यदि किसी तरह मेरी शादी न की गयी, तो मैं भी सुसाइड कर लूंगी। जिसकी जिम्मेदारी परिजनों की तथा देवेंद्र के घरवालों को होगी। जिससे परेशान देवेंद्र के एक दर्जन लोग थाने पहुंचे और थाना पुलिस से मामले की गुहार लगाई तथा दोनों के साथ शादी करने की बात कही गई। इस पर थाना पुलिस ने देवेंद्र के परिजनों को मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# घर में घुसकर मारपीट के मामले में मां सहित दो पुत्रों को कारावास व जुर्माना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-8 न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने कौशल उर्फ कैलाशचंद्र, अवलोक उर्फ निश्चल पुत्रगण सुभाषचंद्र को पांच वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है व राजवती पत्नी सुभाषचंद्र को तीन वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते करीब 20 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम नरसिंहपुर निवासी सौरभ कुमार द्विवेदी पुत्र देवेंद्र कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 02 नवंबर 2005 को सुबह लगभग 8:30 बजे मेरे पिता देवेंद्र कुमार द्विवेदी घर में बैठे थे, तभी अचानक सुभाषचंद्र हाथ में टकोरा लिये, कौशल उर्फ कैलाशचंद्र हाथ में कुल्हाड़ी लिये, अवलोक उर्फ निश्चल हाथ में लाठी लिये व राजवती हाथ में हंसिया लिये मेरे घर में घुस आये और मेरे पिताजी को जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे पिताजी को मारने लगे। मेरे शोर मचाने पर मेरे चचेरे बाबा श्री राधेश्याम आ गये। जिन्होंने बचाने का प्रयास किया,तो उन्हें भी टकोरों व लाठी-डंडों से मारापीटा। मेरे चीखने चिल्लाने पर गांव के लोग आ गये। जिनके ललकारने पर उक्त लोग दीवार फांदकर भाग गये। आरोपियों से कुछ समय पूर्व चकरोड व सिंचाई का पानी निकालने को लेकर विवाद हुआ था। जो आज भी तहसील में चल रहा है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सक्सेना की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार ने कौशल उर्फ कैलाशचंद्र, अवलोक उर्फ निश्चल को घर में घुसकर मारमीट के मामले में पांच वर्ष का कारावास व 20-20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। राजवती को मारपीट के मामले में तीन वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।




# क्षेत्राधिकारी ने कस्बे में पैदल मार्च कर जांची सुरक्षा व्यवस्था

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद ने पुलिस बल के साथ कस्बे में भ्रमण कर पैदल मार्च किया। इस दौरान कई वाहनों का चालान किया गया। साथ ही वाहन चालकों को हिदायत दी गयी। कस्बा नवाबगंज चौराहे पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय कुमार वर्मा ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में कस्बे में पैदल मार्च कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी गयी तथा तलाशी ली गई। इस दौरान कमियां मिलने पर कई वाहनों के चालान किए गए। पुलिस की कड़ी सख्ती के चलते कई वाहन चालक बचते नजर आये। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय कुमार वर्मा, दरोगा राम सिंह, दरोगा जगराम सिंह, कांस्टेबिल करण कुमार, अक्षय कुमार, हर्षित चौहान, सुधांशु चौहान आदि पुलिस बल मौजूद रहा।


चौराहे पर मौजूद सीओ व पुलिस बल

# नवाबगंज थाने के कांस्टेबिल मनमानी करने पर आमादा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

**20 हजार में जबरन बयान दर्ज कराने का किया सौदा**

नवाबगंज थाने के प्रभारी अवध नारायण पांडे की अस्वस्थता का फायदा उठाकर थाने के एक कांस्टेबिल पर अवैध धन उगाही और मनमानी का गंभीर आरोप लगा है। कांस्टेबिल पर यह सनसनीखेज आरोप है कि उन्होंने एक युवती के जबरन बयान दर्ज कराने और उसकी शादी कराने का 20,000 में सौदा किया है, जबकि लड़की के पिता द्वारा कोई कानूनी शिकायत (तहरीर) भी नहीं दी गई है।

## सीयूजी नंबर का दुरुपयोग और अवैध उगाही

थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे इन दिनों फतेहगढ़ के एक अस्पताल में अपना इलाज करा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाकर थाने के कुछ कांस्टेबिल अवैध धन उगाही को अंजाम दे रहे हैं। आरोप है कि ये कांस्टेबिल थाना प्रभारी के सीयूजी नंबर का दुरुपयोग कर रहे हैं और क्षेत्र के लोगों को धमकी देकर पैसे ऐंठने का गोरखधंधा चला रहे हैं। यह भी जानकारी मिली है कि ये कांस्टेबिल शिकायत पत्रों पर कार्रवाई करने के लिए वादी और प्रतिवादी दोनों से रिश्वत लेने के बाद ही जांच प्रक्रिया पूरी करते हैं।

## कानूनी आधार पर सवाल

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल पुलिस की कार्रवाई के कानूनी आधार पर उठ रहा है। युवती के पिता जो महाराष्ट्र के सूरत शहर में नौकरी करते हैं, ने न तो थाने में कोई तहरीर दी है और न ही पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज किया है। इसके बावजूद कांस्टेबिल किस कानूनी आधार पर और किस बिना पर युवती के बयान दर्ज कराना चाहता है। यह पुलिस की मंशा पर गंभीर संदेह पैदा करता है। थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में कांस्टेबिलों द्वारा की जा रही यह अवैध उगाही और दबाव बनाने की कार्रवाई नवाबगंज पुलिस की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। इस मामले में उच्चाधिकारियों को तत्काल हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है।

### जबरन बयान दिलाने का मामला

कांस्टेबिलों की इस कथित मनमानी का एक गंभीर मामला सामने आया है। हाल ही में कायमगंज कोतवाली के एक गांव की युवती सोनी नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी बुआ के घर एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। इसी समारोह में शामिल हुए नवाबगंज के एक युवक ने युवती को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया था। युवती के परिजनों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे युवक के घर से बरामद कर लिया। चौंकाने वाली बात यह है कि युवती को वापस ले जाने के दो दिन बाद युवक के परिजनों ने नवाबगंज थाने के एक कांस्टेबिल को बीस हजार रुपये की मोटी रकम दी। आरोप है कि यह सौदा इस शर्त पर तय हुआ कि कांस्टेबिल युवती के जबरन बयान दर्ज कराएगा ताकि उसकी शादी युवक से कराई जा सके।

### सिपाही बना रहे मनमाफिक बयान का दबाव

इस सौदे के बाद थाने का कांस्टेबल लगातार युवती की बुआ के घर पर दबिश दे रहा है और उन्हें धमकी दे रहा है। बुआ को धमकाया जा रहा है कि वे युवती को थाने लेकर आएं ताकि उसके बयान दर्ज किए जा सकें अन्यथा उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। युवती की बुआ ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सवाल किया। युवती का मूल घर कायमगंज में है। पुलिस बार-बार हमें क्यों धमका रही है।

# पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक


युवतियों को जागरूक करती पुलिस

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। पुलिस ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान थाना क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090 महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य कई नंबरों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। बताया कि सरकारी नंबरों का प्रयोग करें, थाना पुलिस सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी और किसी भी महिला तथा छात्र को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। जागरूक होकर, निडर और निर्भीक होकर अपना कार्य करें। इस मौके पर थाना नवाबगंज की पुलिस मौजूद रहे।

# श्री राम दरबार मूर्ति स्थापना दिवस समारोह का उत्साह और भक्ति भाव के साथ हुआ शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

श्रीराम दरबार मूर्ति स्थापना दिवस समारोह का मंत्रोच्चारण के साथ भगवान की मूर्तियों का पूजन किया गया। इस अवसर पर अखण्ड रामायण पाठ का शुभारम्भ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री हनुमान प्राचीन मंदिर सब्जी मंडी में दो दिवसीय श्री रामदरबार मूर्ति स्थापना दिवस समारोह का आध्यात्मिक उत्साह, उल्लास और भक्ति भाव की त्रिवेणी के साथ शुभारम्भ हुआ। जिसमें आस्था का सैलाब उमड़ा। पुजारी पंडित ह्रदेश दीक्षित एवं आचार्य सन्तोष शुक्ला ने विधिविधान से मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण, हनुमान, राधा-कृष्ण, भगवती दुर्गा, भगवान शंकर जी की मूर्तियों का पूजन सम्पन्न कराया।

यजमान कोमल अग्रवाल धर्मपत्नी उत्कर्ष अग्रवाल एवं रमा सक्सेना धर्म पत्नी विनय सक्सेना ने श्रद्धाभाव से भगवान की मूर्तियों का पूजन किया एवं आरती उतारी। कार्यक्रम संयोजक मंदिर के पुजारी पंडित ह्रदेश दीक्षित ने बताया कि दो दिवसीय समारोह का समापन 29 नवम्बर को होगा। समापन अवसर पर सामूहिक भंडारा एवं हवन का आयोजना होगा। संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ में श्रद्धालुओ ने बड़ी संख्या में भक्ति भाव से भाग लिया। कार्यक्रम में आचार्य जितेन्द्र मिश्रा, राधा दीक्षित, मनीष पाण्डेय, दीपक शाक्य, शशिभूषण दुबे, करन सिंह, (हस्नू), माधुरी पाण्डेय, पूजा दीक्षित, नेहा दीक्षित, रांकी गुप्ता, अनिल यादव आदि भक्त मौजूद रहे।


मंदिर में स्थापित राम दरबार की भव्य मूर्तियां


अखंड रामायण पाठ में भाग लेते श्रद्धालु

# बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला झील निवासी आशा कठेरिया अपने पुत्र रवी कंठेरिया उम्र 35 वर्षीय पुत्र अशोक कठेरियां अपने मौसेरे भाई शिवम कठेरिया उम्र 27 वर्षीय पुत्र श्याम बिहारी अवन्तीबाई नगर मोहम्मदाबाद की दिनांक 26 नवंबर को लगुन आई थी। उसमें शामिल होने के लिए गया था। शुक्रवार वह अपने मौसेरे भाई को साथ लेकर बेलेट बाइक पर सवार होकर अपने घर झील के लिए लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम पपड़ी थाना कायमगंज के निकट पहुँचा, तभी सामने से आ रहे स्कूटी सवार छात्र गोलू यादव उम्र 18 वर्षीय पुत्र संजीव निवासी जेएनवी रोड फतेहगढ़, विकास 19 वर्षीय पुत्र अरवेश यादव निवासी मनोहर पिलखना की जोरदार आमने सामने भिड़न्त हो गई। जिससे चारों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को डायल 112 पुलिस कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आयीं। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर चारों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


अस्पताल में भर्ती घायल

# सिपाही के साथ लूट करने वाले दस आरोपियों को तीन वर्ष छः माह का कारावास

**सभी आरोपियों को पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी किया गया दंडित**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने रामबाबू, रामदीन पुत्रगण मौजीलाल, बादाम सिंह पुत्र मातादीन, रामरतन पुत्र मान सिंह, रुकमंगल पुत्र रामकिशन, अमर सिंह पुत्र अनंतराम, रामवीर पुत्र वेदराम, देशराज पुत्र गंगाराम, बरजोर पुत्र पूरन सिंह, हरीशचंद्र पुत्र गंगाराम समस्त निवासीगण ग्राम लुखरियाई मोहम्मदाबाद को लोकसेवक कर्मचारी के साथ लूट के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष छः माह का कारावास व पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। बीते 33 वर्षो पूर्व कांस्टेबिल हरिकिशोर ने जुबानी सूचना कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस को देकर बताया कि वादी थाना मऊदरवाजा के सिढ़ऊपुर चौकी मैं तैनात था। उसके साथ अशोक कुमार भी तैनात था। हम दोनों लोग चौकी पर थे। लाला गुप्ता निवासी सिढ़ऊपर ने चौकी पर आकर बताया कि ग्राम चक्करपुर पट्टी में झब्बू सिंह की सुरक्षा में लगे सिपाहियों, झब्बू सिंह के लड़के व कन्हऊ याकूबपुर के दो व्यक्तियों को ग्राम चक्करपुर पट्टी में वहां के आदमियों ने पकड़ लिया है। जिस पर सिपाही अशोक, हरिकिशोर ने अपनी टार्च और राइफल लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। हम दोनों लोगों ने वहां के लोगों को समझाबूझकर उन लोगों को छुड़वाया। कांस्टेबिल हरिकिशोर, अशोक, सीपी मुरलीधर, शेष कुमार तिवारी व कन्हऊपुर के रामपाल, झब्बू सिंह का लड़का गुड्डू व राजाराम के साथ-साथ चौकी के कांस्टेबिल मुरली, शेष कुमार तिवारी व कन्हऊपुर के तीनों लोग अपने गांव जाने के लिए ग्राम लुखरियाई के पास करीब आठ बजे रात पहुंचे। ग्राम लुखरियाई के ओमप्रकाश, रामबाबू, रामदीन, सौदान, बादाम सिंह, तुलाराम, वेदराम, रामचंद्र, सियाराम, रामरतन, रामऔतार, रुकमंगल, अमर सिंह, रामवीर, देशराज, बरजोर, हरिश्चन्द्र, रामनरेश समस्त निवासीगण लुखरियाई लाठियां, रायफल सहित कट्टे आदि लेकर आ गए और कहा कि पकड़ को सालों को। झब्बू की बहुत रखवाली करते हैं।

यह कहते उन लोगों ने घेरकर मारना पीटना शुरू कर दिया। पुलिस के सिपाही हरिकिशोर, अशोक, मुलीधर की राइफल व सभी कारतूस, टार्च, हाथ घड़ी छीन लिए। कुछ लोग भागकर जनैया सिठेया गांव की तरफ गए।

उन लोगों को भी ओमप्रकाश की बैठक में बंद कर दिया। आरोपियों को टार्च की रोशनी में पहचाना। कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने जाकर सभी लोगों को छुड़वाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान ओमप्रकाश, सौदान सिंह, तुलाराम, वेदराम, रामचंद्र, सियाराम, रामऔतार, रामनरेश की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अनुज प्रताप सिंह, के0के0 पाण्डेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने रामबाबू, रामदीन, बादाम सिंह, रामरतन, रुकमंगल, अमर सिंह, देशराज, बरजोर, हरिश्चन्द्र को को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष छः माह का कारावास व पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# शनिवार एवं रविवार को बी.एल.ओ. एवं सुपरवाइजर के कार्यो का निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे अधिकारी : डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य प्रचलित है। दिनांक 04 नवम्बर 2025 से दिनांक 04 दिसम्बर 2025 तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों निर्वाचक नमावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर गणना प्रपत्र वितरित कर उनको संग्रह करने तथा बी.एल.ओ. एप के माध्यम से अपलोड करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उक्त कार्य हेतु दिनांक 29.11.2025 शनिवार एवं दिनांक 30.11.2025 रविवार अवकाश के दिन जनपद के समस्त विद्यालय/ कॉलेज जिसमें मतदेय स्थापित है, खुले रहेंगे। दिनांक 29.11.2025 शनिवार एवं दिनांक 30.11.2025 रविवार को बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथ एरिया में उपस्थित रहेंगे। साथ ही सभी नगर निकायों में वार्ड वार मोहल्ला वार विशेष हेल्प डेस्क कैम्प आयोजित किये जायेगें। जिसमें बी.एल.ओ. के साथ निकाय के कर्मचारी सभासद व चेयरमैन व ब्लाक स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिन अधिकारियों की ड्युटी लगाई है वे अपने अपने आवंटित क्षेत्र में भ्रमण करते हुए गणना प्रपत्रों का अधिक से अधिक संग्रह कराते हुए डिजिटाइज्ड कराना सुनिश्चित करेंगे। समस्त निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा भ्रमण हेतु नियुक्त किये गये जिला स्तरीय अधिकारियों को आदेशित किया जाता है कि बी.एल.ओ. एवं सुपरवाइजर के कार्यो का निरन्तर पर्यवेक्षण करेगें एवं उन्हें आवंटित क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए बी.एल.ओ.ए सुपरवाइजर की उपस्थिति सुनिश्चित करायेगें।


जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी

# तटबंध बनाओ को लेकर गंगापार के लोग हुए एकजुट

▸ एक माह में कार्य शुरू न हुआ तो होगा आंदोलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद समिति के लोग

तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति की बैठक ग्राम बिलावलपुर में संपन्न हुई। क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर तटबंध बनाए जाने के लिए संकल्प को दोहराया। क्षेत्रवासियों का कहना था की गंगाजी की भीषण बाढ़ से बचाव का एकमात्र रास्ता तटबंध ही है। सभी ने सरकार से एक स्वर में मांग की कि हमें कोई भी सरकारी सुविधा मत दो, पर हमारा तटबंध बनवा दो। तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के प्रमुख भईयन मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष गंगा ने बहुत सारे गांव नक्शे से मिटा दिए हैं, आने वाले समय में कटरी क्षेत्र में जो गांव रह गए हैं, उनके ऊपर भी खतरा मंडरा रहा है, इसलिए बहुत आवश्यक है कि तटबंध बने। उन्होंने डीएम से मांग की है कि 1 महीने के अंदर इस पर कार्यवाही या कार्य प्रारंभ न हुआ तो आंदोलन प्रारंभ कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा कि सरकार प्रतिवर्ष राहत सामग्री बांटती है, इससे क्षेत्र वासियों का कोई भला नहीं होने वाला है। डॉ. पंकज राठौर ने कहा बाढ़ से बचने के लिए सिर्फ तटबंध चाहिए। मनोज यादव ने कहा कि पूर्व में भी हम लोगों ने इस आवाज को उठाया था पर लोगों का सहयोग न मिलने से हम लोग शांत होकर बैठ गए पर अब की मुझे पूरा विश्वास है कि तटबंध बन कर रहेगा। रत्नेश पांडे ने कहा चाहे गंगा का इस पार हो चाहे गंगा का उस पार हो दुख और दर्द एक जैसा है हम सब लोगों को मिलकर लड़ना है और तटबंध बनवाना है। विनोद राजपूत ने कहा यदि तटबंध ना बना तो जो गांव रह गए हैं वह भी खत्म हो जाएंगे। सुभाष कोटेदार ने कहा की पूरा क्षेत्र जरूरत पड़ने पर अमरण अनशन पर बैठेगा और नहीं तो जल समाधि लेगा। बैठक में महेंद्र यादव, राम अवतार पाल, सौरभ यादव, रामाश्रय पाल, मनोज यादव, राजीव वर्मा, प्रशांत पाठक, मोहित खन्ना, दयाराम शाक्य, राजीव पाल, बादशाह सिंह, आदिल खान, बिलाल खान, अतीक खान, अलवर सिंह, रामबरन शाक्य, महेंद्र सिंह कुशवाहा, सुरेश पाल, प्रशांत यादव, अवधेश राजपूत, हिरेलाल वर्मा, गौरव सिंह, वीरेलाल राजपूत, अशोक शाक्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत बाल विवाह अधिनियम की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान 5.0 बाल विवाह अधिनियम 2006 हेतु जागरूक किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर में आयोजित कार्यक्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा बालक एवं बालिकाओं को वन स्टाफ सेंटर से सेंटर मैनेजर पूजा पाल द्वारा 181 की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई, बालिका प्रमुख नीलम, प्रवक्ता हिंदी जितेंद्र परिहार, वीरेंद्र सिंह, अश्वनी, जितेंद्र यादव, गीता यादव, नीलिमा राठौर, रंजन सक्सेना, अर्चना सिंह, रिचा राजपूत ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार रखें।

# यातायात नियमों व सीपीआर के प्रति बच्चों को किया गया जागरुक



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद सीओ व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संकेत राजकीय विद्यालय फतेहगढ़ में बच्चों को यातायात नियमों एवं सीपीआर के प्रति जागरूक किया गया।

यातायात माह सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय एवं यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार द्वारा यातायात नियमों एवं सीपीआर के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन संकेत राजकीय विद्यालय फतेहगढ़ में किया गया।

विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, यातायात संकेतों की पहचान, हेलमेट, सीट बेल्ट, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग, गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे नियमों की जानकारी दी गई, साथ ही आकस्मिक स्थिति में किसी व्यक्ति का दिल या सांस रुकने पर प्राथमिक सहायता के रूप में सीपीआर देने की प्रक्रिया को भी सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया गया।

# 69वीं राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए छात्र फाजिल का चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


छात्र फाजिल

भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्र फाजिल ने शतरंज की मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा 15, 16, 17 सितंबर को अलीगढ़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में सभी राउंड जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

छात्र के सतत परिश्रम एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण 69वीं राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

राष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिता 5 दिसंबर से 7 दिसंबर तक बंगलौर कर्नाटक में आयोजित होगी। छात्र के राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने छात्र को बधाई दी। छात्र के चयन पर शतरंज कोच देवाशीष पाठक, विद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्यापक केशव गंगवार एवं समस्त विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है एवं उसके उज्जवल भविष्य की।

# रेलवे रोड को लेकर व्यापार मण्डल करेगा आरपार की लड़ाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक के दौरान मौजूद व्यापारी

उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विद्युत विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर का व्यापार मण्डल विरोध करेगा। स्मार्ट मीटर के कारण व्यापारी एवं जनता पीड़ित है। स्मार्ट मीटरों में विद्युत बिल पहले से दो तीन गुना तक अधिक आ रहे है। व्यापार मण्डल इसका भरपूर विरोध करेगा। प्रशासन द्वारा रेलवे रोड लगभग 3 वर्ष पूर्ण चौड़ीकरण के कारण अतिक्रमण हटाओ अभियान के अन्तर्गत व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को तोड़ा गया तथा आश्वासन दिया गया था कि रेलवे रोड को मॉडल रोड के रुप में विकसित किया जायेगा, किन्तु अभी तक मॉडल रोड तक तो छोड़िए किसी तरीके का निर्माण तक शुरु नहीं हुआ है। जिससे व्यापारियों में आक्रोश है। कई बार शासन प्रशासन, नगर पालिका, विद्युत विभाग को व्यापार मण्डल रेलवे रोड के निर्माण हेतु लिखित ज्ञापन भी दे चुका है, लेकिन किसी तरीके का कोई भी निर्माण आज तक शुरु नहीं हुआ है। व्यापार मण्डल ने निश्चित किया है कि जब तक निर्माण प्रारंभ नहीं होगा, तब तक 30 नवम्बर से अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन पर बैठने का निर्णय निश्चित किया गया है। जिससे पूर्ण दायित्व शासन-प्रशासन व नगर पालिका एवं विद्युत विभाग का होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष लालू कनौजिया, राजू गौतम, अरविन्द गुप्ता राजू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, युवा जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता, विक्की अग्रवाल, रामजी, अनुपम रस्तोगी, नेहा मिश्रा, सौरव शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# आवेदकों से वार्ता न करने पर सीएमओ सहित कई अधिकारियों को नोटिस



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस निस्तारण से सम्बंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

डीएम ने आईजीआरएस संदर्भों की रिपोर्ट की गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश दिए। आईजीआरएस रिपोर्ट में आवश्यक साक्ष्य के रूप में आवेदक के साथ संपर्क एवं स्थलीय निरक्षण आवेदक की अनुपस्थि में दो पड़ोस के गवाह आदि साक्ष्य के साथ आख्या अपलोड किया जाए। आवदेकों से संपर्क न करने वाले अधिकारियों पर डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि आवदेकों से वार्ता न किया जाना अनुशासनहीनता है, अपराध है, आवेदनों से वार्ता न किए जाने के क्रम में सीडीपीओ राजेपुर, एक्सईएन जल निगम, एक्सईएन विद्युत, एआर सहकारिता विभाग एवं सीएचसी बढ़पुर एवं सीएमओ, बीईओ नवाबगंज को नोटिस निर्गत के निर्देश दिए। साथ ही साथ निर्देश यह भी दिए गए कि अधिकारी प्रतिदिन ऑफिस पहुंचकर सर्वप्रथम आईजीआरएस चेक करें। निस्तारण भी अपनी निगरानी में ही कराना सुनिश्चित करे, सभी शिकायतकर्ताओं से स्वयं बात करे और यदि संदर्भ आपसे संबंधित नहीं हैं, उसको उसी दिन या अगले दिन ही वापस कर दें और शिकायत डिफाल्टर होने से 05 दिन पूर्व ही आईजीआरएस पर गुणवत्तापूर्ण/सुस्पष्ट निस्तारण आख्या अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। जिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण डिफाल्टर संदर्भ होगा या जिले की रैंकिंग खराब होगी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही/शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने पांचाल घाट से ढाईघाट तक तटबंध बनाये जाने हेतु ली बैठक

▸ तटबंध की लम्बाई 10 किमी. और बढ़ाने की कही बात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते डीएम

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में पांचालघाट से ढाईघाट तक तटबन्ध बनाये जाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई। गंगा नदी पर पांचालघाट से ढाईघाट तक तटबन्ध बनाये जाने हेतु जनप्रतिनिधियों/विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक में तटबन्ध बनाने के लिए 29 प्रभावित ग्रामों में कितने ग्राम मढ़ैया इत्यादि बसे है और कितनी आबादी है, इनकी जानकारी करने हेतु डीएम ने निर्देश दिये। जिला पंचायत अध्यक्ष ने तटबन्ध की लम्बाई 10 किमी0 और बढ़ाकर तटबन्ध बनाने हेतु कहा गया। विधायक कायमगंज प्रतिनिधि ने तटबन्ध के कासगंज जनपद एवं बदायूँ जनपद तक बनाने हेतु सुझाव दिया गया। तटबन्ध बनाने हेतु एण्ड टू एण्ड सर्वे कराकर फिजिविलटी करायी जायें। तटबन्ध की फिजिविलटी और सर्वे कराने के बाद उसका सर्वे कराया जायें। जिससे तटबन्ध बनाने का औचित्य स्पष्ट हो सके और तटबन्ध का लाभ आम जनमानस को मिले। तटबन्ध बनने के उपरान्त उससे होने वाले नुकसान का भी आंकलन हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसआईआर प्रभारी सपा कार्यकर्ताओं की आज लेंगे बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान यानी एसआईआर की अंतिम तिथि में अब बहुत कम समय शेष है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय सचिव अखिलेश कटियार को जनपद फर्रुखाबाद का एसआईआर का प्रभारी बनाया गया है। 29 नवम्बर को पार्टी कार्यालय में दोपहर 1 बजे आकर बैठक लेंगे। इस अवसर पर जनपद के सभी सपा के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## भाजपा ने शीशमबाग में भरवाये एसआईआर फार्म


एसआईआर फार्म भरवाते रुपेश गुप्ता व अश्नील दिवाकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ मण्डल शक्ति केंद्र शीशमबाग में पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने प्रवास किया। जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर के नेतृत्व में बीएलओ से एसआईआर के संबंध में चर्चा की और स्थानीय लोगों के फार्म भरवाये। बीएलओ को अच्छा कार्य करने के लिए फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। अश्नील दिवाकर ने बताया कि एसआईआर फार्म भरने का कार्य चल रहा है। कार्य अंतिम चरण पर है, क्षेत्र के ज्यादातर मतदाताओं के एसआईआर फार्म भरवा दिये गये है। छूटे हुए लोगों के भी फार्म भरे जा रहे है, जिन लोगों को एसआईआर के बारे में जानकारी नहीं है उन्हें भी जागरुक किया जा रहा है। फार्म भरने के दौरान रमेश वर्मा, रामप्रकाश दिवाकर, संजू सक्सेना, सनी राजपूत, नरेन्द्र राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# मृतक लेखपाल के परिजनों को मुआवजा व सरकारी नौकरी दिलाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लेखपाल

तहसील व जनपदों में अधिकारियों के बदलते व्यवहार एवं संवेदनहीनता व संवाद हीनता को लेकर लेखपाल संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जनपद फतेहपुर में कार्यरत 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की शादी दिनांक 26 नवंबर 2025 को नियत थी।

बह छुट्टी के लिए अधिकारियों से लगातार निवेदन कर रहा था, किन्तु तहसील अधिकारियों द्वारा एसआईआर डयूटी के नाम पर उसे छुट्टी नहीं दी गई। शादी की व्यवस्ता के कारण 22 नवम्बर को सुधीर लेखपाल एसआईआर की बैठक में उपस्थित न होने के कारण, ई0आर0ओ0 संजय कुमार सक्सेना ने निलंबित करवा दिया था। 25 नवंबर की सुबह 6:30 बजे डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार सक्सेना एवं नायब तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक शिवराम लेखपाल सुधीर कुमार के घर पहुंचे और कहा कि एसडीएम ने कहा है कि एसआईआर एवं अन्य कार्य पूरा कर दे, नहीं तो निलंबन वापस नहीं होगा। जिससे वह डिप्रेशन में आ गया और बर्खाश्ती की धमकी के कारण आत्महत्या कर ली थी। मृतक लेखपाल की बहन ने मांग की आरोपी एसडीएम सहित अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाये। मांग को लेकर लेखपाल संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि अधिकारियों द्वारा लेखपाल के विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों, अन्य कर्मचारियों से लेखपाल अनुशासित एवं आज्ञाकारी कर्मठ कर्मचारी होने के कारण तहसील एवं जनपद संबधित कार्य भी आज ही और अय ही सम्पन्न कराने का अव्यवहारिक दवाव लेखपालों पर डालने की प्रवृति बढ़ती जा रही है। अन्य विभाग/कर्मचारियों से सम्बन्धित कार्य पूरा कराने हेतु दबाव डाला जाता है और समीक्षा नहीं की जाती है। साथ ही मृतक की मां को 50 लाख का मुआवजा दिया जाये, आरोपी संजय कुमार को नामदर्ज किया जाये। मृतक के परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये। एसआईआर की अन्तिम तिथि आगे बढ़ाई जाए। इस मौके पर पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा


बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

▸ पर्यटन निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर के खिलाफ शासन को चिट्ठी लिखने के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सी.एम. डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि जिन विभागों की पिछले महीने रैंक खराब आई थी वह अपनी रैंक में सुधार करने के लिये आवश्यक कार्यवाही करें, कार्यदाई संस्था उ.प्र. प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड, लो.नि. विभाग, उ.प्र. राज्य निर्माण एवं सहकारी संध लिमिटेड, पर्यटन निगम को अपने कार्यो की समय सीमा बढ़वाने के निर्देश दिये गये। पर्यटन निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर के खिलाफ शासन को चिट्ठी लिखने के निर्देश डीएम ने दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डी.एफ.ओ., जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में हुई विधायक खेल स्पर्धा, बच्चों ने जीते मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में किया गया।

खेल प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार गौड़ ने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर को फिजा में मुक्त करके एवं 100 मी बालक/बालिका की रेस को हरी झंडी दिखाकर किया। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी व जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह आदि उपस्थित रहे। दो दिवसीय प्रतियोगिता युवा कल्याण विभाग द्वारा कबड्डी, वालीबाल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स एवं कुश्ती, भारोत्तोलन में होनी है। जिसमें प्रथम दिवस को एथलेटिक्स वॉलीबॉल व कबड्डी की प्रतियोगिताएं कराई गई तथा द्वितीय दिवस 29 नवंबर को बैडमिंटन व कुश्ती, भारोत्तोलन की प्रतियोगिता होनी है। प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, अनुराग एवं जीतू आदि द्वारा कराया गया। निर्णायकों में जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, सुभाष चंद्र व अरुण यादव पीटीआई राजेपुर, सपना यादव, देवेश कुमार, अभिषेक शाक्य, अभिषेक पाल, योगेश शुक्ला आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता सब जूनियर कबड्डी बालक वर्ग में विजेता यूपीएस बरौन व उपविजेता कंपोजित विद्यालय गढ़िया रहा। जूनियर कबड्डी बालक वर्ग में अजमतपुर विजेता, एवं बुढ़ानामऊ की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग कबड्डी में फतेहगढ़ स्टेडियम की टीम विजेता व उपविजेता यूपीएस बरौन रही। जूनियर वर्ग वॉलीबॉल में बरौन की टीम विजेता व बढ़पुर की टीम उपविजेता रही। सीनियर वर्ग कबड्डी में कादरी गेट विजेता व बालिका वर्ग में फतेहगढ़ स्टेडियम विजेता रही। सीनियर वर्ग वालीवाल में लवली वड्डी फर्रुखाबाद विजेता रही व कादरी गेट उप विजेता रही। गोला फेंक अंडर-20 बालिका वर्ग में आराध्या प्रथम, विषन देवी द्वितीय, अंडर-20 बालक वर्ग में प्रशांत प्रथम, सौरभ द्वितीय, विशाल तृतीय स्थान पर रहा। गोला फेंक बालक वर्ग में आदित्य प्रथम, अनिल द्वितीय, हिटलर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता सीनियर वर्ग बालक 400मी0 वर्ग में निखिल प्रथम, शरद ठाकुर द्वितीय व सक्षम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका 400मी0 वर्ग में वंदना प्रथम, मोनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग 400मी0 में दीपक प्रथम, शांतनु द्वितीय व दीपक सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-20 जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में वर्धान दीक्षित प्रथम, नवनीत द्वितीय व प्रांजल कटियार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-20 जूनियर बालिका वर्ग मांडवी प्रथम, प्रकृति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग नवनीत सिंह प्रथम, आशीष द्वितीय व दीपक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, सब जूनियर बालक वर्ग लंबी कूद में हिटलर प्रथम व कुणाल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## गेहूं की सिंचाई करते समय युवक को कीड़े ने काटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में शुक्रवार सुबह हरदोई जिले के पतौरा थाना क्षेत्र के बड़े बहापुर गांव निवासी शिवनेश पुत्र राजकुमार को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने तत्काल उनका इलाज शुरू कर दिया है। शिवनेश ने बताया कि यह घटना तब हुई जब वह अपने गेहूं के खेत में सिंचाई कर रहे थे। उसी दौरान अचानक एक जहरीले कीड़े ने उनके पैर में काट लिया। कीड़े के काटने से उनकी हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद उन्हें लोहिया अस्पताल लाया गया और भर्ती कराया गया। फिलहाल डाक्टरों ने उन्हें भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नटवारा विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांक:01/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 28/11/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत नटवारा विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 29/11/2025 से दिनांक 05/12/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 05/12/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 29/11/2025 से दिनांक 05/12/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | प्रवीन के घर से देवीस्थान (रावेन्द्र के घर) तक सीसी व नाली निर्माण निर्माण कार्य | 3.15 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (रामलड़ैते पाल) ग्रा0पं0 नटवारा, वि0ख0 शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

# एसआईआर को लेकर लेखपालों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पैलानी /बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पैलानी तहसील में लेखपाल संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार तिवारी व मंत्री सुजीत कुमार की अगुवाई में दर्जनों लेखपालों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम का ज्ञापन उप जिला अधिकारी अंकित वर्मा को ज्ञापन देकर बताया कि तहसील व जनपदों में अधिकारियों के बदलते व्यवहार एवं संवेदनहीनता व संवादहीनता के परिणाम स्वरूप फतेहपुर जनपद में सुधीर कुमार लेखपाल जो वर्तमान में बिंदकी तहसील में तैनात थे। ज्ञापन में बताया गया कि एस आई आर पर ड्यूटी के नाम पर छुट्टी नहीं मिली शादी के कारण दिनांक 22 नवंबर 2025 को सुधीर लेखपाल एस आई आर की बैठक में उपस्थित न होने के कारण ई आर ओ संजय कुमार सक्सेना द्वारा निलंबित करवा दिया गया 25 नवंबर 2025 की सुबह 6रू30 बजे डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार सक्सेना एवं तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक शिवराम लेखपाल सुधीर कुमार के घर पहुंचे और कहा कि एसडीएम ने कहा है कि एस आई आर फिर एवं अन्य कार्य पूरा कर दें अथवा पैसे देकर किसी अन्य से करवा दे नहीं तो अभी तो निलंबन हुआ है फिर सेवा समाप्त कर दी जाएगी वहीं लेखपाल सुधीर को बर्खास्त की धमकी सुनने के बाद डिप्रेशन में आकर आत्महत्या कर लिया वहीं दिवंगत लेखपाल के बहन द्वारा एसडीम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन एसडीएम व अन्य आरोपितों के विरुद्ध कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई तभी परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया तथा 26 नवंबर 2025 को शव उठाने के लिए प्रशासन द्वारा षडयंत्र पूर्वक परिजनों की तहरीर बदलाकर एफ आई आर दर्ज कर दी मुख्य आरोपी संजय कुमार सक्सेना का नाम शामिल न करके केवल राजस्व निरीक्षक के खिलाफ रिपोर्ट लिखवा दी गई ऐसे में लेखपाल बीपी ,शुगर, हार्ट अटैक जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं अगर उत्पीड़न नहीं रोका गया तो लेखपाल संघ मोर्चा खोलेंगा दिवंगत की माता को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता तथा मुख्य आरोपी संजय कुमार सक्सेना का एफ आई आर में नाम शामिल किया जाना एस आई आर की अंतिम तिथि बढ़ाया जाना अति आवश्यक है वरना प्रांतीय लेखपाल संघ के आवाहन पर नो एफ आई आर पर नो एस आई का बिगुल लेखपाल संघ फूंकेगा इस दौरान उपाध्यक्ष कनिष्ठ मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष बलदेव यादव ,कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, ऑडिटर धर्मवीर यादव के अलावा आदेश कुमार मिश्रा, नीरज कुमार ,हरि ओम, राकेश अग्निहोत्री एवं मुरलीधर मनोहर आदि दर्जनों लेखपाल मौजूद रहे।





## लेखपाल की आत्महत्या को लेकर एकदिवसीय दिया धरना



**बबेरू/ बांदा।** जनपद फतेहपुर मे अधिकारियो द्वारा लेखपाल के ऊपर उत्पीडन करने पर मौत होने पर लेखपाल संघ के द्वारा एक दिवसीय धरना देकर उपजिलाधिकारी बिन्दकी के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की माग किया है। उ0 प्र 0 लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष नरसिंह नारायण हरिहर मन्त्री अनिल कुमार पटेल के नेतृत्व मे तहसील परिसर मे धरना देकर उपजिलाधिकारी अविनाश त्यागी को ज्ञापन सौप कर बताया मृतक लेखपाल सुधीर को न्याय दिलाने के लिये मुख्य आरोपी उपजिलाधिकारी विन्दकी के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करवाने की मांग रखी तथा निर्वाचन आयोग द्वारा एस आई आर विशेष इंटेंसिव रिवीजन मे लेखपालों पर अनावश्यक दवाब न बनाते हुये लेखपाल को निर्वाचन कर्मी घोषित किया जाये मृतक के परिवार से एक सरकारी नौकरी व 50 लाख रुपये आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग किया कार्यकम की अध्यक्षता नृसिंह नारायण द्वारा किया गया कार्यकम का संचालन अनिल कुमार द्वारा किया गया। धरना के दौरान प्रदेश सह सचिव दिनेश कुमार यादव ,सेवानिवृत लेखपाल रामदास यादव, शिवा कान्त, मनोज पाल, अवधेश कुमार, सन्तोष वर्मा ,प्रवेश कुमार लखनलाल ,राजेश कुमार गोविन्द लाल, अमित, अंकित शिवम, चन्द्र प्रकाश सहित लेखपाल मौजूद रहे।

## लेखपाल की मौत के विरोध में कर्मियों ने किया जोरदार प्रदर्शन



**अतर्रा (बांदा)।** फतेहपुर जनपद के 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की मौत के मामले ने प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार छुट्टी न मिलना, अधिकारियों की फटकार, निलम्बन और दबाव के कारण मानसिक तनाव झेल रहे सुधीर की मौत को लेखपाल संघ ने अधिकारियों की संवेदनहीनता से हुई मजबूरन मौत बताया है। इस प्रकरण को लेकर तहसील अतर्रा के लेखपाल संघ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है। विनोद रावत, तहसील अध्यक्ष अतर्रा ने कहा कि यह घटना मात्र आत्महत्या नहीं, बल्कि अधिकारियों की निरंकुशता और असंवेदनशीलता का परिणाम है। सुधीर बार-बार छुट्टी मांग रहा था, पर उसे परेशान किया गया। हम मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि दोषी अधिकारियों को तुरंत नामजद किया जाए। राजेंद्र सिंह, महामंत्री ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एफआईआर दर्ज करने में 30 घंटे की देरी और मुख्य आरोपी का नाम हटाना यह साबित करता है कि केस को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। यह बेहद निंदनीय है। सत्यनारायण, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि अधिकारियों द्वारा लगातार धमकियां और अव्यवहारिक दबाव लेखपालों के मानसिक स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहे हैं। सुधीर की मौत चेतावनी है कि अब सिस्टम में बदलाव जरूरी है। धर्मेन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष ने मांग करते हुए कहा कि मृतक परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी तुरंत प्रदान की जाए। परिवार दो-दो सदमे झेल चुका है। अरविंद कुमार, उपमंत्री ने कहा कि अधिकारियों द्वारा लेखपालों से अन्य विभागों के काम तत्काल करवाने का गलत ट्रेंड बढ़ गया है। यह उत्पीड़न बंद होना चाहिए और एसआईआर की तिथि बढ़ाई जानी अनिवार्य है। हरिकुंवर, कोषाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में दर्जनों लेखपाल तनाव, ब्लड प्रेशर और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। अधिकारियों का दंडात्मक रवैया आम हो चुका है, जो अत्यंत खतरनाक है। राजेश कुमार, आडिटर ने कहा कि हमारी स्पष्ट मांग है कि मुख्य आरोपी पीसीएस अधिकारी को एफआईआर में नामजद किया जाए। वरना लेखपालों में असंतोष और बढ़ेगा। सभी मौजूद लेखपालों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। संघ ने कहा कि संवेदनशीलता, संवाद और न्याय की बहाली ही मृतक परिवार के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## निर्वाचन नामावली का पुनरीक्षण का कार्य जारी



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामवलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है जिसमे 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण एवं भरवाकर वापस प्राप्त करने का कार्य बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा पूर्ण कराया जाना है।

जनपद में अवस्थित 200-इटावा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 420 मतदेय स्थल स्थापित है जिसमें से शहरी क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या-139 से 311 कुल-173 मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों के कार्य की समीक्षा की गयी जिसमें शहरी क्षेत्र में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरकर कम प्राप्त हो रहे है इसलिये इस कार्य में प्रगति लाये जाने हेतु मतदाताओं को सुविधा दिये जाने हेतु शहरी क्षेत्र में कुल 16 01-जनता इण्टर कालेज, 2-बौद्ध विद्या मन्दिर इंटर कालेज, 3-नवीन मण्डी समिति पुलिस चौकी के पास, 4-सूत मिल शान्ती कालेनी, 5-कीणा स्थल कृषि इंजीनियर कालेज, 6-धर्मशाला नुमाइश चौराहा, 7-केके इण्टर कालेज पुरविया टोला, 8-वाह बस अड्डा निकस टिक्सी मन्दिर, 9-इस्लामिया इण्टर कालेज इटावा, 10 लोहिया गैस एजेन्सी बस स्टैण्ड 11-सनातन धर्म इण्टर कालेज, 12-रामलीला ग्राउंड, 13-शिवनारायण इण्टर कालेज, 14-सुमन विद्यापीठ पक्काबाग, 15-शास्त्री चौराहा एवं 16-चौधरी पेट्रोल पम्प के पास, विभिन्न स्थानों पर विशेष कैम्प का आयोजन 28 से 30 नवम्बर तक कुल 3 दिवसीय किया गया है जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, द्वारा किया गया है जिसमें समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाये गये।

## खबरें एक नजर में

### बाइक सवार दो युवक भैंस से टकराकर घायल



**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बांदा रोड बंसी पुरवा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक भैंस से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका बबेरू सीएचसी से इलाज के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर कर दिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बांदा रोड वंशी पुरवा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सवार युवक रंजीत पुत्र हीरालाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मझिवा व मनीष पुत्र सोहनलाल उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी बबेरू दोनों बंसी पुरवा मोड़ के पास भैंस से टकराकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में दोनों को भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक सवार युवक आहार गांव से बबेरू जा रहे थे। तभी बांदा रोड बांसी पुरवा मोड़ के पास भैंस से टकराकर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### अस्पताल में इलाज दौरान युवक की मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। प्रांत बिहार के ग्राम बरेयू थाना अकबरपुर नबाधा निवासी संतोष कुमार उम्र 40 पुत्र जनादन मतान की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

### भाई-बहन सहित तीन घायल

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** विद्यालय की छुट्टी के बाद घर जा रहे साइकिल सवार भाई बहिन को बाइक सवार युवक ने पराग दूध डेरी के पास साइकिल में टक्कर मार दी जिससे भाई बहिन सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भेजा जहाँ सीएमएस द्वारा तीनो का इलाज कर गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया। कस्बे के समीप वर्तीय व्यासपुरा कोठी निवासी रामू कश्यप की 14 बर्षीय बेटी तृप्ति हाईस्कूल व 12 बर्षीय बेटा नकुल क्लास सात में जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर में पढते है शुक्रवार को दोनो भाई बहिन साइकिल से विद्यालय पढ़ने गये हुए थे जब 3बजे विद्यालय की छुट्टी हुई तो भाई बहिन साइकिल से अपने घर जा रहे थे जैसे ही भाई बहिन व्यापुरा मोढ के पास पराग दूध डेरी के पास पहुंचे कि तभी औरैया की ओर से तेज गति से आ रहे बाइक सवार युवक ने उनकी साइकिल मे टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाइक चालक सहित तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर से घायल छात्र नकुल, तृप्ति निवासीगण व्यासपुरा कोठी थाना बकेवर के अलावा बाइक चालक योगेश कुमार पुत्र सियाराम निवासी ग्राम मघापुर थाना अछल्दा औरैया को इलाज के लिये 50शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। जहाँ पर घायलो का सी एम एस ने इलाज करने के बाद गंभीर हालत को देखते हुए तीनो को जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को लाकर थाना परिसर में लाकर खड़ा करा दिया।

# अधिवक्ता कफील के खिलाफ एनकाउंटर की धमकी

▸ प्रदीप शर्मा मुस्लिम विरोधी फेमस होने के लिए दे रहा है उल्टे सीधे बयान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अधिवक्ता मोहम्मद कफील ने हिंदू सेवा समिति के कथित अध्यक्ष प्रदीप शर्मा के खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू करने की घोषणा की है। श्री कफील ने आरोप लगाया है कि शर्मा ने सार्वजनिक रूप से उन्हें जानलेवा धमकियाँ दी हैं, उनके वकालत लाइसेंस को रद्द कराने की कोशिश की है और उनकी मानहानि की है एक प्रेस वक्तव्य में, अधिवक्ता मोहम्मद कफील ने बताया कि प्रदीप शर्मा ने उनके खिलाफ अभद्र और आपराधिक धमकियाँ दी हैं। इन आरोपों में शामिल हैं।

पेशेवर जीवन पर हमला कफील पर लगाए गए आरोपों के मद्देनजर उनका वकालत लाइसेंस रद्द कराने की खुली धमकी देना जानलेवा धमकीरू श्री कफील का पुलिस एनकाउंटर करवाने और उनके संपूर्ण नेटवर्क को समाप्त करने की बात कहना, जो भारतीय दंड संहिता के तहत एक गंभीर अपराध माना जाता है मानहानि श्री कफील को बिना किसी सबूत के अपराधी करार देते हुए यह झूठा दावा करना कि उनके खिलाफ लगभग दो दर्जन मामले दर्ज हैं सामाजिक सौहार्द को नुकसानरू जानबूझकर ऐसी टिप्पणियाँ करना जिससे साम्प्रदायिक भावनाएँ भड़क सकती हैं। इन गंभीर आरोपों के जवाब में, अधिवक्ता मोहम्मद कफील ने स्पष्ट किया, मैं अपराधी नहीं हूँ किसी को अपराधी घोषित करने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ देश की अदालत को है! उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रदीप शर्मा के इन दुर्भावनापूर्ण और सुनियोजित हमलों का जवाब कानून की अदालत में देने का फैसला किया है और इस संबंध में तत्काल कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

# ब्राह्मण संगठनों के सैकड़ों लोगों ने की संतोष वर्मा पर कार्रवाई की मांग



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

ब्राह्मण संगठनों के सैकडों लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपकर आईएएस संतोष वर्मा पर कार्यवाही की मांग। डीएम ऑफिस के बाहर एकजुट हुए विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के सैकडों लोगों ने ब्राह्मण समाज व परशुराम जिंदाबाद के नारे लगाये और संतोष वर्मा के विरुद्ध नारेबाजी व उसकी गिरफ़्तारी की मांग की स परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष आदित्य बंटी बाजपेयी, विनय कुमार द्विवेदी, राजेंद्र देव दुबे, राहुल प्रकाश दीक्षित, मनोज कुमार चौधरी, आरके मिश्रा, शिवहरी दीक्षित, पल्ला दुबे एडवोकेट, अक्षय भदौरिया एडवोकेट, मयंक विधौलिया, शिव तिवारी, आशुतोष दीक्षित दीक्षित एडवोकेट, हरिशंकर चौबे, ऋषि चतुर्वेदी जसवंतनगर मनीष उपाध्याय, दीपक महाराज, पारस दुबे, पल्लव दुबे एड. आदि बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## सुदामा चरित्र सुन श्रोताओं के छलके आंसू



**पैलानी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** खप्टिहा कला में कुनुवां सोनकर के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस की कथा में कंस का वध होने के बाद जरासंध के द्वारा बार-बार भगवान पर चढ़ाई की गई भगवान के द्वारा बार-बार जरासंध की सेना को नष्ट किया गया फिर एक बार एक साथ जरासंध के द्वारा भगवान पर चढ़ाई की गई एवं उसी समय कॉलयवन के द्वारा 3 करोड़ म्लेच्छों की सेना लेकर के भगवान पर चढ़ाई की गई उसी समय भगवान अपना मुख मोड़ कर भागे आगे आगे भगवान भागते जा रहे हैं पीछे-पीछे काल यवन भागता जा रहा है उसी समय भगवान का एक नाम रन छोड़ पड़ा भागते भागते भगवान एक गुफा में घुस गए गुफा में राजा मुचकुन्द सो रहा था उसी काल यवन जल कर भस्म हो गया राजा मुचकुन्द कृपा प्रदान की उसके बाद भगवान के 16108 विवाह संपन्न हुए जिसमें बड़े भाव के साथ बैठे हुए सभी श्रोताओं के द्वारा भगवान के विवाह का उत्सव मनाया गया किसके बाद सुंदर सुदामा चरित्र की कथा का रसपान कराते हुए कहा कि सुदामा भगवान के बचपन के मित्र है सुदामा की पत्नी सुशीला ने भगवान ऋष्ण से द्वारिका पुरी जाने के लिए चावल की पोटली दी द्वारिका पुरी में पहुंचते हुए सुदामा ने द्वारपालों से कहा कि अरे द्वारपालों कहो जा हरी से कि मिलने सुदामा गरीब आ गया है,भगवान ने जैसे ही सुना भगवान दौड़ करके आए अपने मित्र सुदामा को हृदय से लगा लिया बैठे हुए श्रोता भाव विभोर हो गए भगवान के लिए जो एक पग बढ़ेगा भगवान उसके लिए हजार पग बढ़ेंगे इसके बाद कथा विश्राम पर नशा मुक्ति का व्यास पीठ से सुंदर संदेश दिया गया तथा शपथ दिलाई गई और कहा कि सभी भक्त अपने बच्चों को मंदिर में जरूर भेजें तभी सनातध धर्म में मजबूती मिलेगी इस दौरान रमेश सोनकर, महेश सोनकर,शंकर शुक्ला,भा ज पा नेता नीरज सिंह, मनोज दीक्षित ,शंकर तिवारी,बाबू सोनकर समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



## इटावा पहुंचे मृदुल तिवारी का हुआ जोरदार स्वागत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपने पैतृक जनपद इटावा पहुँचने पर मृदुल तिवारी का भव्य स्वागत किया गया। और पटाखे छोड़ें। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बिगबॉस से बाहर होने पर अन्याय की बात कही। उन्होंने युवाओं को हर अवसर का लाभ उठाने और ईश्वर पर भरोसा रखने का संदेश दिया। फेमस यूटूबर व बिग बॉस सीजन -19 के प्रतिभागी मृदुल तिवारी का शहर में आगमन पर गुरुवार को जोरदार स्वागत किया गया। शहर के रामलीला ग्राउंड में आयोजित एक कार्यक्रम में युवाओं ने उनका स्वागत किया। शाम को उन्होंने पत्रकारों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि 25 साल बाद वे शहर की धरती पर आए हैं। लोगों ने मुझे प्यार दिया। बिगबास को लेकर उन्होंने कहा कि चार वोटों को लेकर मुझे बिगबॉस से बाहर कर दिया गया था। हालांकि मुझे खराब यह लगा था कि कहीं न कहीं मेरे साथ अन्याय हुआ है। इटावा के लोगों ने बिग बॉस में काफी सपोर्ट किया था। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि जिस किसी प्लेटफार्म में उन्हें जाने का मौका मिले वे जरूर जाएं। उन्होंने कहा कि वे रियलिटी शो में रियल बनकर गए थे। गेम खेलने के तौर पर नहीं गए थे। मुझे जनता का असीम प्यार मिला है। उन्होंने कहा कि अगर दोबारा मौका मिला तो वे बिग बॉस में जरूर जाऊंगा। ईश्वर पर भरोसा रखो, जीवन में अच्छे दोस्त बनाओ।

# लेखपाल की मृत्यु पर सौंपा ज्ञापन

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील व जनपद स्तरीय अधिकारियों के बदलते व्यवहार व संवेदनहीनता के परिणामस्वरूप जनपद फ्तेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की हृदय विदारक मौत से क्षुब्ध स्थानीय लेखपालों ने शान्तिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर अपनी 6 सूत्रीय माँग पत्र का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा।

शुक्रवार को स्थानीय तहसील परिसर में उ.प्र. लेखपाल संघ उपशाखा तहसील भरथना के अध्यक्ष अजय यादव व मंत्री सुधीर चतुर्वेदी के नेतृत्व में समस्त लेखपालों ने शान्तिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया।

ज्ञापन में लेखपालों ने उल्लेख किया कि बीते दिन जनपद फ्तेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की हृदय विदारक मौत से वह बुरी तरह आहत हैं। उक्त प्रकरण से सम्बन्धित स्थानीय लेखपालों ने अपनी 6 सूत्रीय माँगों में अज्ञात के खिलाफ की गई एफ़आईआर मुख्य आरोपी पीसीएस अधिकारी के नाम करायी जाये, मृतक की माता को 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता, मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी, एसआईआर की अन्तिम तिथि बढाई जाये, अधीनस्थ कर्मचारियों, लेखपालों के साथ सद्व्यवहार किया जाये, लेखपालों को प्रोत्साहन राशि के रूप में एक माह के वेतन के बराबर मानदेय का भुगतान किया जाये। लेखपालों के धरना प्रदर्शन की जानकारी होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने अपने साथियों के साथ तहसील परिसर पहुँचकर धरना प्रदर्शन कर रहे लेखपालों का समर्थन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री दीक्षित ने कहा कि एसआईआर के नाम पर शासन प्रशासन द्वारा लेखपालों, अध्यापकों का बीएलओ कार्य के चलते मानसिक उत्पीडन किया जा रहा है। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा आपत्तिजनक शब्दों का भी प्रयोग किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी जिसका पुरजोर विरोध करती है। इस दौरान लेखपाल विपिन कुमार, संजय कुमार आदि के अलावा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रणवीर सिंह यादव, अनुराग, दीपक प्रजापति, बृजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने चलाया जागरुकता अभियान



▸ साइबर अपराधों के बारे में दी जानकारी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना, सहायता सेवाओं आदि के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज थाना बदौसा की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम ढूंढा में उच्च प्राथमिक विद्यालय में, थाना चिल्ला की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा में लगी बाजार में, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम लामा में, थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजरानी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ,थाना मटौंध की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा मटौंध में महिलाओं/ बालिकाओं व बच्चो को जागरुक किया गया। इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व बच्चो को गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वर्तमान में नवीनतम तरिके से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । जिसमें- केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी काल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगी जाती हैं । ओटीपी फ्रॉड जिसमें काल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर कर लिए जाते हैं ।

यूपीआई स्कैम जिसमें यूपीआई पेमेंट लिंक या फत् कोड स्कैन कराकर खातों से राशि चुरा ली जाती है । सोशल मीडिया हैकिंग जिसमें सोशल मीडिया अकाउंट्स को हैक कर उनसे फर्जी संदेश भेजकर लोगों से पैसे मंगवाए जाते हैं । फर्जी काल्स जिसमें खुद को बैंक अधिकारी, पुलिस या किसी प्रतिष्ठित संस्था का प्रतिनिधि बताकर ठगी की जाती है । फिशिंग ईमेल्स जिसमें आकर्षक ऑफर्स या नौकरी के नाम पर ईमेल भेजकर यूजर्स की निजी जानकारी जुटाई जाती है आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक किया गया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर बिना सत्यापन के कोई भी जानकारी साझा न करें । साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम पोर्टल या साइबर हेल्पलाइन नम्बर काल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

# विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन । यातायात सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के साथ-साथ साइबर अपराधों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर किया गया जागरुक।

पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज दिनांक 28.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज की अध्यक्षता में विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल स्कूल में एक व्यापक यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित छात्र/छात्राओं व शिक्षकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव आदि के साथ-साथ सम्बन्धित विभिन्न कानूनों एवं सहायता नम्बरों आदि बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । जिसमें छात्र/छात्राओं को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि यह मानव जीवन सुरक्षा से जुड़ा एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है इसलिए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का न करने तथा नशे की हालत में ड्राइविंग न करने, सड़क पर निर्धारित स्पीड का पालन करने, वाहन के वैध और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रुप से करने की जानकारी देकर सभी यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया साथ ही अन्य लोगों को जागरुक करने हेतु प्रेरित भी किया गया तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त दो पहिया वाहन चलाते समय दो से अधिक लोगो बैठने/बैठाने, गलत दिशा में वाहन चलाने के खतरों आदि के बारे में जानकारी दी गई ।

साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करते हुए वर्तमान में आधुनिक तरीकों से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । जिसमें- केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगना। ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर करना। यूपीआई स्कैम, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल्स, आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम पोर्टल या साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई ।

जागरूकता कार्यक्रम में पीटीओ राम सुमेर यादव,मंडलीय मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्रा,यातायात प्रभारी संजय मिश्रा, सदस्य जिला सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति सुनील सक्सेना आदि ने यातायात सुरक्षा संबंधी जागरूकता के विषय में अपने अपने विचार मंच के माध्यम से व्यक्त किए।

कार्यक्रम में डायरेक्टर विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल पूर्णासिस रथ, सुनीता गुप्ता सुनीता शुक्ला, साधना, अजीत पांडे, अम्बे तिवारी, प्रतीक गुप्ता ज्ञानचंद्र द्विवेदी, अमित कुमार दीक्षित यातायात सिपाही सर्वेश कुमार, कृष्ण प्रताप, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# तकनीकी सहायक के सेवानिवृत होने पर विदाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बबेरू खंड विकास अधिकारी कार्यालय सभागार मे शुक्रवार को तैनात तकनीकी सहायक राकेश सिंह के सेवानिवृत होने पर स्टॉप के द्वारा विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे ब्लॉक के समस्त तकनीकी सहायक और सचिव प्रधान रोजगार सेवकों ने भव्य रूप से विदाई कार्यक्रम किया, जिसमें माला पहनाकर शॉल और उपहार देकर, रामचरित मानस छड़ी भेट कर स्वस्थ और पारिवारिक दीर्घायु जीवन जीने की शुभकामनाएं दिया है। वही यह कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख रमाकांत पटेल की अध्यक्षता में किया गया। वही संचालन आईएसबी अनिल श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस मौके पर तकनीकी सहायक संघ प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र द्विवेदी, मनोज प्रजापति, दिलीप सिंह, रामभवन, मुकेश, परवेज अहमद, राकेश मिश्रा सहित रोजगार सेवक अभिषेक सिंह, महेंद्र, कालीचरण, अच्छेलाल, सुरेश सहित सचिव अजय सिंह कमल किशोर जेई एम आई अभिषेक सिंह, अरुण कुमार सहित प्रधान कर्मचारी सहयोगी मौजूद रहे।